जबलपुर, बुधवार 11 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष : 21, अंक : 186 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 26 न्यून. 15 haribhoomi.com

मातुः आयुः सुखं चैव,
आरोग्यं च सदा भवेत्।
भगिन्याः स्नेहसंपन्नं,
जीवनं मंगलं भवेत्॥

भाई का जीवन लंबा, सुखी और निरोगी हो तथा बहन का स्नेह हमेशा उसके जीवन को मंगलमय बनाए

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

प्यार और विश्वास का हर रंग अनूठा होता है

भाई दूज आज



inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकेज देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना

हरिभूमि सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026 का सामान्य कूपन कल के अंक में देखें।

बिरसा मुंडा के गौरव और बलिदान को समर्पित होंगे आठ दिन

मप्र में जनजातीय गौरव सप्ताह तीन दिन होंगे बड़े आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मप्र में एक सप्ताह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत तीन दिन तक बड़े कार्यक्रम होंगे। राज्य सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस पर प्रदेश के तीन अलग-अलग अंचलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। राज्य स्तर के बड़े कार्यक्रम जनजातीय बहुल विकासखंडों में होंगे। स्कूल-कॉलेज और छात्रावासों में बिरसा मुंडा के कार्यों एवं उनके जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला जाएगा।



डॉ. मोहन यादव

हर जिले में निकलेगी सांस्कृतिक रैली, छात्रावासों में युवाओं से संवाद

14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार और 16 को खंडवा में होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

समाज, भाजपा और राज्य सरकार मिलकर करेंगे विभिन्न आयोजन

प्रदेशभर में होंगे जनजातीय अस्मिता, लोक-कला, संस्कृति और समग्र विकास पर केंद्रित कार्यक्रम



हेमंत खंडेलवाल, सीएम यादव सहित अन्य

मप्र देश में सर्वाधिक जनजातीय आबादी वाला राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र देश में सर्वाधिक जनजातीय आबादी वाला राज्य है। केंद्र और राज्य सरकार में भी जनजातीय नप्रतिनिधियों को प्रमुख स्थान दिया गया है। मप्र से केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर और दुर्गादास उइके, केंद्रीय कैबिनेट में शामिल हैं।

प्रत्येक जिले में भव्य जुलूस और रैली: खंडेलवाल



हेमंत खंडेलवाल

खंडेलवाल ने कहा कि 11 से 18 नवंबर तक प्रदेश स्तर पर जनजातीय गौरव दिवस मनेगा। यह हमारी जनजातीय लोककला, जनजातीय अस्मिता, संस्कृति और विकास पर केंद्रित है। भाजपा प्रत्येक जिले में भव्य जुलूस और रैली निकालेगी।

खबर संक्षेप

कल भोपाल आएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भोपाल। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मां काशीबाई के निधन पर शोक



जताने के लिए नेताओं का भोपाल पहुंचना जारी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 नवंबर को भोपाल आएंगे। वे शाम 4:40 बजे राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचेंगे और 5:15 बजे होशंगाबाद रोड स्थित वृंदावन गार्डन पहुंचकर शिवराज सिंह से मुलाकात करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की भी भोपाल आने की संभावना है।

एक्टर पवन कल्याण का तीसरा तलाक

अमरावती। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण तथा उनकी पत्नी अन्ना



कोनिडेला ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया है। शादी के 13 साल बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया। उपमुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, यह निर्णय आपसी समझ और सम्मान के साथ लिया गया है। दोनों ने अच्छे दोस्त बने रहने और बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी साझा करने की बात कही है। बच्चों की खुशी और भलाई उनकी प्राथमिकता रहेगी।

आईसीएसई-आईएससी की परीक्षाएं 9 फरवरी से

नई दिल्ली। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने



10वीं (आईसीएसई) और 12वीं (आईएससी) बोर्ड परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू होकर 8 अप्रैल 2027 तक चलेंगी। इस बार कुल 3,79,980 विद्यार्थी भारत और विदेश के 2,835 केंद्रों पर परीक्षा देंगे। इनमें 12वीं के 1,10,025 विद्यार्थी 60 विषयों की परीक्षा में शामिल होंगे।

सोनिया गांधी की किताब- बिलॉगिन्ग: ए जर्नी ऑफ लव में कई अहम खुलासे

बेटा खोने का दर्द सहा, पीएम के लिए हां तो प्रियंका रोईं, मोदी नजरें नहीं मिलाते

पढ़ाई के लिए इटली से कैम्ब्रिज पहुंचीं सोनिया की मुलाकात जनवरी 1965 में राजीव गांधी से हुई। सोनिया के पिता स्टेफानो शुरुआत में इस रिश्ते के खिलाफ थे, लेकिन बाद में मान गए।



- 25 फरवरी 1968 को 1-सफदरजंग रोड पर सादे समारोह में दोनों की शादी हुई
- सोनिया ने नेहरू के काते धागा से बनी गुलाबी खादी की साड़ी पहनी थी
- 23 जून 1980 को विमान हादसे में संजय गांधी की मौत ने परिवार को गहरा सदमा दिया

मां का सहारा बनने के लिए राजीव राजनीति में आए और 1981 में अमेठी से सांसद बने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पीएम मोदी-सोनिया एक दूसरे को अभिवादन करते हुए (फाइल फोटो)

गांधी परिवार की बहू और कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी की किताब बिलॉगिन्गः ए जर्नी ऑफ लव मंगलवार को बाजार में आ गई। कुल 7 चैप्टर 544 पेज वाली इस किताब में सोनिया गांधी ने कई खुलासे किए हैं। जिसमें उन्होंने दो बार कैंसर से जंग लड़ने और एक प्रीमैच्यूर बेटे के खोने के दर्द का भी जिक्र किया है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके सियासी रिश्तों पर खुलकर कहा है कि वे कभी नजरें तक नहीं मिला पाते। किताब में प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने संबंधों और राजनीतिक मतभेदों के बारे में लिखा है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच मतभेद व्यक्तिगत नहीं बल्कि विचारधारा को लेकर हैं। हार्परकॉलिन्स इंडिया की ओर से प्रकाशित किताब में औपचारिक मुलाकातों और कभी-कभार होने वाली छोटी बातचीत के अलावा दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई है।

नेहरू पर पीएम मोदी के बयानों को लेकर भी निशाना

उनके मुताबिक, नेहरू ने भारत को लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष रास्ते पर आगे बढ़ाया था, इसी वजह से उन्हें निशाना बनाया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संघ परिवार से जुड़ी वेबसाइटों पर नेहरू के खिलाफ गलत और अपमानजनक बातें लिखी जाती हैं। सोनिया गांधी ने भाजपा के 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ कांग्रेस पार्टी को खत्म करना नहीं बल्कि उसकी नीतियों और विचारधारा को भी मिटाना है।

राहुल-प्रियंका नहीं चाहते थे सोनिया बनें प्रधानमंत्री

सोनिया गांधी ने लिखा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों नहीं चाहते थे कि वह प्रधानमंत्री बनें। दादी इंदिरा गांधी और पिता राजीव गांधी की हत्या का सदमा झेल चुके बच्चों को इस पद के साथ जुड़ा खतरा परेशान करता था। सोनिया के मुताबिक, 2004 के लोकसभा चुनाव से पहले ही उन्होंने बच्चों को स्पष्ट कर दिया था कि कांग्रेस की जीत पर भी वह प्रधानमंत्री नहीं बनेंगी।

तब डिप्रेशन में चलीं गई थी सोनिया

किताब में उन्होंने बताया कि जनवरी 1969 में समय से पहले (प्रीमैच्योर) एक बेटे को जन्म दिया था, जिसकी कुछ ही घंटों में मौत हो गई। इससे मुझे गहरा सदमा लगा और अवसाद में चली गई। 19 जून 1970 को राहुल का जन्म हुआ, जिससे पूरा परिवार और खासतौर पर दादी इंदिरा बहुत खुश हुईं। दिल्ली के खान मार्केट में बुक स्टोर के बाहर सोनिया की किताब का पोस्टर, इसके कवर पर लगा फोटो राजीव गांधी ने 1966 में क्लिक किया था। किताब के 7 चैप्टर में राजीव से मुलाकात, प्यार-शादी, भारत आना, राजीव के निधन के बाद कांग्रेस का नेतृत्व करने और पार्टी को बहुमत मिलने के बावजूद प्रधानमंत्री न बनने के फैसले का जिक्र किया गया है।

मंदसौर में सात साल की बच्ची से रेप के बाद निर्मम हत्या

संतरे का लालच देकर मासूम को ले गया, शव बरगद के खोखले तने में छिपाया



अस्पताल से लेकर थाने तक ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

सिर पर पत्थर से वार कर हत्या की आशंका आरोपी हिरासत में

ग्रामीणों का हंगामा, आरोपी को सौंपने की मांग पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिले के गरोठ थाना क्षेत्र के लुक्का गांव में सात साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बच्ची का शव मंगलवार सुबह गांव में कुए के पास बरगद के पेड़ के खोखले तने में छिपा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने पत्थर से सिर पर वार कर उसकी हत्या की। मामले में पुलिस ने विजय (27) नाम के युवक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

लापता होने पर परिजनों ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

बच्ची के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद गरोठ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मंगलवार सुबह पुलिस और ग्रामीण बच्ची की तलाश में जुटे थे। करीब 11:30 बजे कुएं के पास बरगद के पेड़ के नीचे उसका शव मिला। इसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर विजय को हिरासत में ले लिया।

सोते समय ढहा पुराना मकान

परिवार में मां-बेटे और दो साल की बच्ची की मौत, पांच घायल



सीएम ने मृतकों के परिजन को एक-एक लाख की सहायता के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगरौली

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के बरहपान गांव के जलहथनी टोला में सोमवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। भोजन के बाद घर में सो रहे परिवार पर करीब 50 साल पुराना कच्चा मकान अचानक ढह गया। मलबे में दबने से अरुण विश्वकर्मा (36), उनकी मां संतुलिया (65) और दो साल की बेटी की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों और प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की मदद से बचाव अभियान शुरू किया।

सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

48 घंटे से ज्यादा न्यायिक हिरासत पर सरकारी कर्मचारी स्वतः निलंबित



अलग से आदेश जारी करने की जरूरत नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार कर 48 घंटे से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रखा जाता है, तो उसे स्वतः निलंबित माना जाएगा। इसके लिए अलग से निलंबन आदेश जारी करने की आवश्यकता नहीं है। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और मनमोहन की पीठ ने बिहार के समस्तीपुर सदर अस्पताल के प्रशासक विश्वजीत सिंह को जमानत देते हुए ।

चुनाव आयोग के निर्देश

आदर्श आचार संहिता में रिटायर्ड अफसरों पर भी कसेगा शिकंजा



नहीं कर सकेंगे राजनीतिक प्रचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के दौरान सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की राजनीतिक निष्पक्षता को लेकर नए निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों पर लागू राजनीतिक प्रतिबंध अब उन सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी लागू होंगे, जो राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की सरकारों से किसी भी रूप में जुड़े हैं।

दोपहर संपन्न हुई प्रक्रिया

शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के 'कपाट'



आज केदारनाथ के कपाट बंद होंगे

एजेंसी ⏭ उत्तरकाशी

चारधामों में प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट मंगलवार को अन्नकूट पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। अमृत बेला और अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर कपाटबंदी की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसके बाद मां गंगा की उत्सव डोली ढोल-दमाऊं और सेना बैंड की धुनों के बीच जयकारों के साथ शीतकालीन प्रवास मुखवा (मुखीमठ) के लिए रवाना हुई।

आज स्वच्छ सर्वेक्षण में मप्र के 9 शहरों को राष्ट्रपति पुरस्कार

इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत छोटे शहरों ने बनाई जगह, भोपाल सूची से 'बाहर'

इंदौर के मार्गदर्शन में देपालपुर को भी मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में मध्य प्रदेश के 9 शहरों का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में इन शहरों को सम्मानित करेंगी। हालांकि, प्रदेश की राजधानी भोपाल इस बार पुरस्कार की सूची में जगह नहीं बना सकी। वहीं, स्वच्छता के लिए देशभर में पहचान बना चुके इंदौर के साथ छोटे शहर देपालपुर को भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलेगा।



फाइल फोटो

इन्हें मिलेगा सम्मान

पुरस्कार के लिए चयनित शहरों में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, देवास, रीवा, सागर, बुधनी और देपालपुर शामिल हैं। इन शहरों ने स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। खास बात यह है कि सूची में बड़े नगर निगमों के साथ छोटे शहरों को भी स्थान मिला है। इस बार स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के तहत इंदौर को देपालपुर का मेंटर बनाया गया था।

राहुल के पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार

'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर जुबानी जंग तेज

किरेन रिजिजू बोले- अगला टारगेट दिमागी नक्सलियों का खात्मा करना

मनमोहन सिंह ने भी नक्सलवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'दिमागी नक्सली' वाले बयान पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने उन पर तीखा पलटवार किया है। रिजिजू ने कहा कि सशस्त्र माओवादियों को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करना चाहिए। अब हमारा अगला लक्ष्य दिमागी नक्सलियों का खात्मा है।



किरेन रिजिजू



राहुल गांधी

नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई बेहद जरूरी

रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राहुल गांधी को जवाब देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को देश के लिए सबसे बड़ा आंतरिक खतरा बताया था। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

पीएम मोदी के बयान से शुरू हुआ विवाद

दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ दीपावली मनाने के दौरान कहा था कि जंगलों से हथियारबंद नक्सलियों का सफाया होने के बावजूद दिमागी नक्सली अब भी देश के कई संगठनों और राजनीतिक दलों में मौजूद हैं। ये लोग संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को पहचानकर हराना जरूरी है।

राहुल ने दी थी बहस की चुनौती

पीएम मोदी के बयान पर राहुल गांधी ने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि जवानों के चेहरों ने सब कुछ बयां कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए लिखा कि उन्होंने हमें नक्सली कहा है। राहुल ने चुनौती दी कि कोई भी उनसे कहीं भी बहस कर सकता है कि देशद्रोही कौन है और विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है।

शोधकर्ताओं ने जलवायु नेटवर्क और जटिल तंत्रों के सिद्धांत को परखा

अब मिलेगी मानसून की सही जानकारी, आईआईटी मद्रास 84 साल के आंकड़ों का किया विश्लेषण, अब देशभर के किसान नहीं होंगे परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईआईटी मद्रास के अनुसार शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में 84 वर्षों के बारिश के आंकड़ों का विश्लेषण किया। इसके आधार पर पता चला कि औसतन पूर्वोत्तर भारत में बड़े स्तर पर मानसून की शुरुआत 15 मई के आसपास होती है, जबकि प्रायद्वीपीय भारत में यह समय लगभग 9 जून होता है। अध्ययन में सामने आया कि मानसून की शुरुआत के दौरान बारिश से बने सबसे बड़े समूह का आकार अचानक बढ़ता है। इसके बाद यह समूह लगातार भौगोलिक रूप से फैलता है और उत्तर की ओर बढ़ता जाता है। यही प्रक्रिया मानसून के देशभर में आगे बढ़ने का संकेत देती है। इससे पता लगाया जा सकेगा कि किसी स्थान पर मानसून की वास्तविक और बड़े स्तर पर शुरुआत कब हुई है। इसकी खास बात यह है कि इसमें केवल किसी एक जगह पर हुई बारिश को आधार नहीं बनाया गया है।

मौसम से जुड़ी वास्तविक स्थिति का पता लगेगा



शोध के नतीजे हो चुके प्रकाशित



आईआईटी मद्रास के मुताबिक इस शोध के नतीजे अमेरिकन मेटियोरोलॉजिकल सोसाइटी की प्रतिष्ठित शोध पत्रिका 'जर्नल ऑफ क्लाइमेट' में प्रकाशित हुए हैं। इसके सह-लेखकों में योगेनराज पाटिल, गौरव चोपड़ा, श्रुति टंडन, प्रो. आरआई सुजीत और प्रो. बीएन गोस्वामी शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने देश के अलग-अलग भौगोलिक स्थानों को एक नेटवर्क की तरह माना है। इसमें हर स्थान को एक केंद्र के रूप में देखा गया है। इन केंद्रों के बीच संबंध वहां होने वाली बारिश की शुरुआत के आधार पर तय किए गए हैं।

मानसून में अंतर करना होगा सरल

शोधकर्ताओं ने जलवायु नेटवर्क और जटिल तंत्रों के सिद्धांत का इस्तेमाल करते हुए यह समझने की कोशिश की कि अलग-अलग इलाकों में शुरू हुई बारिश कब एक बड़े और आपस में जुड़े मानसूनी तंत्र का हिस्सा बन जाती है। इससे स्थानीय स्तर पर कुछ समय के लिए हुई बारिश और लगातार सक्रिय होने वाले बड़े मानसून के बीच अंतर करना आसान हो सकता है। यह तरीका बुवाई का सही समय तय करने, जल संसाधनों व बाढ़ की तैयारी करने में मददगार साबित हो सकता है।

सक्रिय बड़ा मानसूनी तंत्र भी प्रभावकारी

प्रो. आरआई सुजीत ने बताया कि किसी स्थान पर मानसून का पहुंचना वहां हुई पहली बारिश से तय नहीं होता। जब किसी स्थान पर बारिश की शुरुआत देश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश से जुड़े सबसे बड़े समूह का हिस्सा बन जाती है, तभी वहां बड़े स्तर पर मानसून की शुरुआत मानी जाएगी। इसका मतलब है कि उस स्थान पर होने वाली बारिश अब केवल स्थानीय मौसम की वजह से नहीं हो रही, बल्कि वह देश में सक्रिय बड़े मानसूनी तंत्र से जुड़ चुकी है।

प्रबंधन करने में मिलेगी मदद

शोधकर्ता इस बदलाव को जलवायु नेटवर्क में एक बड़े परिवर्तन के रूप में देखते हैं। प्रो. सुजीत ने बताया कि इस तरीके से मानसून की गलत शुरुआत का अनुमान लगाने से बचा जा सकता है। इससे बुवाई के लिए बेहतर समय मिल सकता है। खाद्य सुरक्षा और जल संसाधनों के प्रबंधन की योजना तैयार करने में मदद मिलेगी।

खबर संक्षेप

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन आज थूथुकुडी जाएंगे

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी का दौरा करेंगे। इस दौरान



उपराष्ट्रपति थूथुकुडी में तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के 105वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। वे अपने पूर्व संस्थान वीओ चिदंबरम कॉलेज के प्लैटिनम जुबली समारोह और छात्रों के मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

हैदराबाद में 13 को कांग्रेस का 'शिखर सम्मेलन'

नई दिल्ली। कांग्रेस दुनिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात, नई वैश्विक व्यवस्था के उभार और



भारत की रणनीतिक प्रतिक्रिया पर चर्चा के लिए कांग्रेस 13 और 14 नवंबर को हैदराबाद में 'भारत समिट' आयोजित करेगी। इसमें करीब 70 देशों के विशेषज्ञों और लगभग 1,000 प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

टाटा की फोन फैक्ट्री में हादसा, 3 की मौत

होसुर। तमिलनाडु के होसुर के पास टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ है।सोमवार शाम



वेस्टवॉटर ट्रीटमेंट टैंक की मरम्मत और रखरखाव के दौरान 3 कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों की जान जहरीली गैस की चपेट में आने से गई है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो सकेगी।

ओवैसी ने यूसीसी को हिंदू सिविल कोड बताया

मुंबई। महाराष्ट्र में यूसीसी लागू करने की तैयारी को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन



ओवैसी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया फडणवीस सरकार यूसीसी लागू करने का फैसला कर चुकी है। हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली को लेकर एक भी सवाल नहीं है। इससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं।

दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

तुरंत एक्शन लें राज्य सरकारें, 2 हफ्ते में वे किए गए उपायों की पूरी डिटेल भी पेश करें

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को लगाई कड़ी फटकार

मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान को बढ़ते प्रदूषण को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे उन उपायों की पूरी जानकारी दें, जो ओवर-एज और नियमों के खिलाफ चल रहे वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में घुसने और चलने से रोकने के लिए किए गए हैं।

इस मामले में सख्ती दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने साफ कहा है कि वाहनों से होने वाला प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इस पर तुरंत एक्शन लेना बहुत जरूरी है।कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारें, साथ ही म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली (एमसीडी) और दिल्ली पुलिस से इस पूरे मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने सभी पक्षों को 2 हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया है।

वाहनों पर भी चिंता जताई

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने यह निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में न सिर्फ स्थानीय वाहन प्रदूषण फैला रहे हैं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से आने वाले भारी-भरकम कमर्शियल और प्राइवेट वाहन भी स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं।

अदालत ने किए ये सवाल

- **प्रदूषण मानक और पीयूसी:** *जो गाड़ियां तय प्रदूषण मानकों पर खरी नहीं उतरतीं, उनकी पहचान कैसे की जाती है और पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट के नियमों को कैसे लागू किया जा रहा है?*
- **अब तक क्या कार्रवाई हुई:** *अधिकारियों को यह बताना होगा कि नियमों तोड़ने वालों पर क्या एक्शन लिया गया? कितने वाहनों की जांच हुई, कितने चालान काटे गए, कितनों की एंट्री रोकी गई या अन्य कानूनी कार्रवाई की गई।*
- **आपसी तालमेल-** *इसके अलावा दिल्ली और पड़ोसी राज्य मिलकर अंतर-राज्यीय वाहनों के आने-जाने को कैसे कंट्रोल कर रहे हैं?*
- **सीएक्यूएम और न्यायमित्र के सुझाव:** *कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) और कोर्ट के न्यायमित्र द्वारा दिए गए सुझावों पर इन राज्यों की क्या राय है और वे इसके अलावा क्या कदम उठाएंगे।*

पराली जली कम, पर गाड़ियों का धुआं बढ़ा

गौरतलब है कि यह मामला 6 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई के दौरान सामने आया। कोर्ट ने माना कि दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पंजाब/राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है, जो कि एक राहत की बात है। इसके साथ ही कोर्ट ने चिंता जताई कि जैसे-जैसे पराली के मामले घटे हैं, वैसे-वैसे गाड़ियों के धुएं से होने वाला प्रदूषण तेजी से बढ़ गया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी पर कहा

रोकने के कदमों की जानकारी दें डिजिटल प्लेटफॉर्म



उच्चतम न्यायालय ने वाट्सएप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म चलाने वाली कंपनियों से कहा है कि वे देश में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर होने वाली ठगी और उससे जुड़े साइबर अपराधों को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जानकारी दें। 29 अक्टूबर को हुई सुनवाई से संबंधित आदेश में न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई जानकारी के अनुसार प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने वाट्सएप और अन्य संबंधित कंपनियों को अपने प्रस्ताव भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) को भी एक साथ सौंपने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे। कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की है। वाट्सएप की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया था कि प्लेटफॉर्म ने बचाव के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें 9,400 अकाउंट के खिलाफ कार्रवाई भी शामिल है। उन्होंने कहा था कि कंपनी अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी देते हुए हलफनामा दाखिल करेगी। उन्होंने बताया था कि प्लेटफॉर्म एक ऐसे सॉफ्टवेयर पर काम कर रहा है, जो संदिग्ध अकाउंट की पहचान करके उपयोगकर्ताओं को सतर्क करेगा।

खरगे ने कसा तंज

वायु प्रदूषण में हम 'विश्वगुरु' क्यों बन रहे?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच मंगलवार को केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली 'विश्वगुरु' क्यों बनती जा रही है और क्या प्रधानमंत्री मोदी देश को 'हवा का हिसाब' देने का साहस दिखाएंगे? दिल्ली में दीपावली के बाद प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने को भी इसकी एक प्रमुख वजह माना जा रहा है।



सोनिया की किताब पर सवाल

केवल मुसलमानों के वोट के लिए वे बहाती रहीं आंसू: गिरिराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरण ने उनका यह असली चेहरा सामने ला दिया कि उनके आंसू सिर्फ मुसलमानों के वोट के लिए बहते हैं,लेकिन



जब पाकिस्तानी आतंकवादी भारतीयों की हत्या करते हैं और नक्सली 'सनातनियों का नरसंहार' करते हैं, तब उनके आंसू सूख जाते हैं। सिंह ने गांधी के संस्मरण में की गई इस टिप्पणी के लिए भी उन पर निशाना साधा कि प्रधानमंत्री जब भी उनके सामने आते हैं, तो अक्सर नजरें फेर लेते हैं। सिंह ने कहा कि वे कितने लोगों से नजरें मिलाएंगे? वे अपने दुश्मनों से सीधे उनकी आंखों में देखकर बात करते हैं। वे पाकिस्तान और देश के दुश्मनों की आंखों में आंखें डालकर बात करते हैं। उनके आंसू वोट और मुसलमानों के लिए बहते हैं।



विहिप ने 'हिंदू विरोधी' पर की माफी की मांग

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोनिया गांधी पर हिंदू भावनाओं को आहत करने और तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए, उनसे माफी मांगने की मांग की। विहिप के केंद्रीय संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने आरोप लगाया कि वे मुस्लिम वोट बैंक को रिझाने के लिए दुख जताने का दिखावा कर रही हैं और 'मगरमच्छ के आंसू' तथा 'चुनाव के समय के आंसू' बहा रही हैं।

क्या महत्वाकांक्षी होना अपराध है?



पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी और लेखिका शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता की प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा को लेकर सोनिया गांधी के दावों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने साफ कहा है कि राजनीति में शीर्ष पद की इच्छा रखना कोई गुनाह नहीं है, खासकर तब जब उसके पीछे दशकों का लंबा अनुभव और असाधारण कार्यक्षमता हो।

पटाखे चलाने को लेकर विवाद

राष्ट्रपति के अंगरक्षक को मारी सिर में गोली, भर्ती

एजेंसी ▶▶ बागपत

दिवाली की रात हादसों की भी रात थी। यूपी के बागपत में पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने राष्ट्रपति के अंगरक्षक को सिर में गोली मार दी। घायल अवस्था में पीड़ित को मेरठ के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वे आईसीयू में भर्ती हैं।

बच्चे की आंखें झुलसीं

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर के सोनिवली आवासीय सोसाइटी के बाहर बच्चों के



पटाखे फोड़ने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक हो गया और इस दौरान 3 लोगों ने एक व्यक्ति से गाली-गलौज की और कथित तौर पर उसकी पिटाई कर दी। मामला दर्ज हो गया है। वहीं अलवर शहर के एनईबी थाना क्षेत्र के एनईबी चार बटा में मंगलवार सुबह पटाखे के बारूद में अचानक विस्फोट होने से 5वीं कक्षा में पढ़ने वाला 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी दोनों आंखें बुरी तरह झुलस गईं।

केरल में कार्यक्रम भाजपा ने घेरा

स्वास्थ्य मंत्री 'वंदे मातरम' पूरा होने से पहले ही कुर्सी पर बैठ गए

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरलम में मंत्री आधिकारिक कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' पूरा होने से पहले ही अपनी कुर्सी पर बैठ गए, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। केरलम के स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कासरगोड में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान, राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के पूरा होने से पहले ही अपनी सीट पर वापस बैठ गए। यह घटना जिले के मुलेरिया फैमिली हेल्थ सेंटर में एक प्रयोगशाला के उद्घाटन के दौरान हुई।



सांसद और जिला कलेक्टर भी लौटे सीट पर

इस कार्यक्रम में उन्नीथन, वमाहिन औरकलेक्टर श्रीधन्या सुरेश भी मौजूद थे। ये तीनों भी वंदे मातरम का गायन पूरा होने से पहले ही अपनी सीटों पर लौट आए।

क्या है पूरा मामला?

जब 'वंदे मातरम' बजना शुरू हुआ, तो मंत्री के. मुरलीधरन, सांसद राजमोहन उन्नीथान, विधायक के. माहीन और कलेक्टर, गीत के पहले दो पद गाए जाने के बाद अपनी सीट पर बैठ गए। अन्य नेता, जिनमें विधायक के. नीलकंदन और डीसीसी अध्यक्ष पी.के. फैसल शामिल थे, पूरा गीत खत्म होने तक खड़े रहे। इस घटना को लेकर इनकी आलोचना की है। मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें देशभक्ति का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

गोवर्धन पूजा



जयपुर। मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में 'गोवर्धन पूजा' के दौरान लोग गाय को खाना खिलाते हुए।

एनसीपी विलय की अटकलों पर बोले सीएम फडणवीस

इस मामले में अटकलें गरम

हमारे बिना नहीं हो सकता दोनों गुटों का मर्जर, किसी ने कुछ नहीं बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केवल एनसीपी नेता शरद पवार और सुनेत्रा पवार ही यह स्पष्ट कर सकते हैं कि नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुट आपस में विलय करेंग या नहीं।



मुंबई में अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' पर द्वाली मिलन समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत में फडणवीस ने कहा, अगर शरद पवार और सुनेत्रा पवार विलय करने का फैसला करते हैं, तो वे खुद आकर हमें बताएंगे, क्योंकि हमारी सहमति के बिना विलय नहीं हो सकता। अभी तक उनमें से किसी ने भी हमें कुछ नहीं बताया है। यह बयान ऐसे समय में आया कि जब एनसीपी के दोनों गुटों के फिर से एक होने की अटकलें तेज हो गई हैं। हाल ही में, सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के कई नेताओं ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की थी। सीने में संक्रमण के कारण शरद पवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पार्थ ने तुरंत मर्जर से किया इनकार

पार्थ पवार और शरद पवार के बीच लगातार हो रही मुलाकातों



के बाद महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों गुटों के मर्जर को लेकर नई अटकलें तेज हो गई। लेकिन अजीत गुट के पार्थ खेमे ने तुरंत मर्जर से साफ इनकार कर दिया है। पार्थ के करीबी सूत्रों के हवाले से बताया कि फिलहाल वे शरद पवार की लीडरशिप वाली एनसीपी के साथ मर्जर करने को तैयार नहीं हैं।

4 किमी में क्रूज और फेरी सेवाएं शुरू, मंत्री सोनोवाल और रेखा रहे मौजूद

यमुना में करें क्रूज, म्यूजिकल फाउंटेन और फूड कोर्ट की सैर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्लीवासियों को अब यमुना में क्रूज और नौका विहार का आनंद लेने के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

■ अब दिल्ली में लें गोवा सा आनंद

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और मसीएम रेखा गुप्ता ने मंगलवार को सोनिया विहार में 'नमो यमुना रिवर क्रूज सेवा' का शुभारंभ किया। राजधानी में नदी आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की नई पहल शुरू हो गई है। परियोजना के तहत सोनिया विहार से जगतपुर तक करीब 4 किलोमीटर के क्षेत्र में क्रूज और फेरी सेवाएं विकसित की गई हैं।



दिल्ली के पर्यटन को पहचान मिली

गुप्ता ने कहा कि नमो यमुना रिवर सफारी केवल क्रूज या नौका सेवा नहीं, बल्कि मां यमुना के प्रति आस्था, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। इससे दिल्लीवासी नदी के प्राकृतिक परिवेश को करीब से महसूस कर सकेंगे। उन्होंने परिवार के साथ यहां आने और बच्चों को यमुना के प्राकृतिक वातावरण से परिचित कराने की अपील की। गुप्ता ने कहा कि यह पहल दिल्ली के पर्यटन को नई पहचान देने के साथ राजधानी की सकारात्मक छवि मजबूत करेगी।

एक जुलाई से 30 सितंबर तक बंद रहेगी सेवा

परियोजना के तहत फिलहाल 30 यात्रियों की क्षमता वाला एक इलेक्ट्रिक क्रूज संचालित किया गया है। इसी क्षमता का दूसरा क्रूज फरवरी-मार्च 2027 तक शुरू करने की योजना है। पूरी यात्रा में करीब 35 से 45 मिनट लगेंगे। पर्यटक निर्धारित मार्ग पर नौका विहार के बाद शुरुआती स्थान पर लौट सकेंगे।

परिवार के मनोरंजन के लिए भी होंगी सुविधाएं

पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि रिवर सफारी दिल्ली में पर्यटन का नया अनुभव देगी। यहां म्यूजिकल फाउंटेन के जरिए भगवान श्रीकृष्ण की गाथा और यमुना की महिमा प्रस्तुत की जाएगी। बच्चों के लिए प्ले जोन, गेमिंग गतिविधियां, क्रिएटिव जोन और फूड कोर्ट भी विकसित किए गए हैं। यमुना किनारे इकोलॉजिकल ट्रेल्स और वॉकिंग ट्रेल्स बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए तटवर्ती टर्मिनल, दो फ्लोटिंग जेट्टी, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, पार्किंग और व्यावसायिक दुकानें बनाई गई हैं।


हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न.
पेश है बिहार के **श्रवण पासवान** की **मधुबनी कला.**
Hero
हीरो संग
त्योहार है हर कहीं...
भाई दूज की शुभकामनाएँ
Splendor+
XTEC 2.0
HF-Deluxe
Pro
हर दिन एक हीरो टू-व्हीलर* जीतने का मौका पाएं.
ऑफर का अंतिम दिन
सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@
कैश डिस्काउंट
₹2 500~ तक
इंस्टेंट कैशबैक
₹10 000^ तक
SBI card
HDFC BANK
pine labs
कम डाउन पेमेंट
₹6 999^ से शुरू
कॉर्पोरेट ऑफर
₹2 200~ तक
For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY
*Conditions apply
Hero GoodLife
Also Available on:
Flipkart amazon.in
T&C Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, 100% finance applicable on Ex-showroom price, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (ब्रांसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोसिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: सेक्षर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मेहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साईं ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वाट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वाराशिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा मां ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चित्तरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, मड़वारा: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, वीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, टीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, वीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, अम्दारा: शशि मोटर्स, 8839967734, सलेहा: ए एस ऑटोमोबाइल्स, 9425123895, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल्स, 9617241128, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, चाकघाट: श्री साईं मोटर्स, 9575845089, पथ: श्री सिद्धि मोटर्स, 7607799201, सिंगरौली: यश मोटर्स, 9981718853, पोंडी बागदारी: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, बागदरा: साईं श्रद्धा एसोसिएट्स, 9893870516, बरका: असद ऑटोमोबाइल्स, 8821819132, रामपुर नैकिन: लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 7224852277, मडवास: ओम मोटर्स, 9009066959, तनसर: निखिल मोटर्स, 7223949618, अमिलिया: लवकुश मोटर्स, 9144594444, छपरा: गायत्री एजेंसी, 7000633996, कटंगी: राणा ऑटोमोबाइल्स, 9407033578, साईखेड़ा: केशवानंद मोटर्स, 8989828648, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079
Cheil 33547/26

चल विग्रह उत्सव डोली का मंदिर में प्रवेश

आज भाई दूज पर बंद होंगे बाबा केदारनाथ और यमुनोत्री मंदिर के कपाट

कपाट बंद होने के बाद बाबा की डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए रवाना होगी

एजेंसी ▶▶ रुद्र प्रयाग

केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मंगलवार को आज बाबा केदार की चल विग्रह उत्सव डोली ने मंदिर में प्रवेश किया। बुधवार सुबह 8:30 बजे मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ के लिए रवाना होगी। कपाट बंद होने के कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा मंगलवार को केदारनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों से साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, आवास और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए।

बुधवार सुबह 8:30 बजे बंद होंगे केदारनाथ के कपाट | पूजा-अर्चना बाद यमुनोत्री मंदिर में सुबह 10:28 बजे कपाट बंद

सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए


बाबा केदारनाथ की डोली

श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के इंतजाम किए गए हैं। स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, लोक निर्माण, पेयजल, विद्युत और नगर निकाय सहित संबंधित विभागों को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन और पुलिस की ओर से कपाट बंद होने के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां की जा रही हैं।

विधि-विधान के साथ मां यमुना की होगी विशेष पूजा

भाई दूज के पावन पर्व पर बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। यमुनोत्री मंदिर समिति के अनुसार, बुधवार 11 नवंबर 2026 को शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि, अनुराधा नक्षत्र, सौम्य योग और धनु लग्न में सुबह 10:28 बजे कपाट बंद करने का मुहूर्त निर्धारित किया गया है। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मां यमुना की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।


यमुनोत्री धाम

छह माह खरसाली में होगी मां यमुना की पूजा

इसके साथ ही छह माह तक चलने वाली शीतकालीन पूजा-अर्चना का क्रम मां यमुना के मायके खरसाली स्थित यमुना मंदिर में शुरू हो जाएगा। मंदिर समिति के सचिव सुनील उनियाल एवं प्रवक्ता पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया कि कपाट बंद होने के बाद मां यमुना की उत्सव डोली सोमेश्वर महाराज की अगुवाई में पारंपरिक वाद्ययंत्रों और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली के लिए रवाना होगी।

बंद हुए गंगोत्री मंदिर के कपाट

विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट मंगलवार को अन्नकूट पर्व एवं गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12 बजकर 05 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ छह माह के शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की भोग मूर्ति उत्सव डोली में विराजमान होकर सेना के बैंड और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों के बीच अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा गांव के लिए रवाना हुई। अब आगामी छह माह तक श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास मुखबा स्थित मुखीमठ में कर सकेंगे। गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की उत्सव डोली रात्रि विश्राम के लिए मंगलवार को मार्कंडेयपुरी देवी मंदिर में ठहरी। यहां रातभर भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान हुए। इसके बाद बुधवार को डोली मुखबा गांव पहुंचेगी, जहां अगले छह माह तक मां गंगा की पूजा-अर्चना और दर्शन होंगे।

खबर संक्षेप

हुआंग की 69.5 हजार करोड़ दौलत घटी

वॉशिंगटन। एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग की संपत्ति में एक ही दिन में 7.4 अरब डॉलर (69.5 हजार करोड़ रुपए) की गिरावट आई है। कंपनी के शेयरों में दबाव के बीच उनकी कुल संपत्ति घटकर 154.7 अरब डॉलर (14.53 लाख करोड़ रुपए) रह गई। वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में आठवें स्थान से फिसलकर दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हुआंग के खिलाफ प्रस्तावित क्लास एक्शन मुकदमा दायर किया गया है। आरोप है कि कंपनी और हुआंग ने शेयरधारकों को गुमराह किया।



ब्रिटिश लेखक हैरिसन को मिला बुकर अवार्ड

पेरिस। ब्रिटिश लेखक एम जॉन हैरिसन ने 81 साल की उम्र में साहित्य की दुनिया का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार 2026 जीत लिया है। उन्हें यह सम्मान उनके उपन्यास 'द एंड ऑफ एवरीथिंग' के लिए दिया गया है। इस साल शामिल छह उपन्यासों में यह सबसे छोटा था। इसमें केवल 198 पन्ने हैं। करीब 60 साल से लेखन कर रहे हैरिसन अब बुकर पुरस्कार जीतने वाले सबसे उम्रदराज लेखक बन गए हैं। हैरिसन को यह पुरस्कार सोमवार रात लंदन में आयोजित समारोह में दिया गया।



ऑस्ट्रेलिया में मेयर बने अभिषेक अवस्थी

विक्टोरिया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के निवासी अभिषेक अवस्थी ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य के ग्रेटर बेंडिगो शहर में डिप्टी मेयर की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब वह मेयर बन गए हैं। इसके साथ ही वह इस शहर के महापौर बनने वाले पहले मूल भारतीय बन गए हैं। 9 नवंबर को ग्रेटर बेंडिगो स्थित द कैपिटल थिएटर में आयोजित समारोह में अभिषेक अवस्थी ने मेयर पद की शपथ ली। उन्होंने आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। उनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा।



रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाएगा भारत, संवाद और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से की बात हर संभव सहायता देने का फिर दिया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को खत्म कराने की कोशिशों में भारत एक बार फिर सक्रिय नजर आ रहा है। एक तरफ पीएम नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की, तो दूसरी तरफ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से संपर्क साधा। इन दोनों कूटनीतिक बातचीत को काफी अहम माना जा रहा है।

इससे संकेत मिल रहे हैं कि भारत दोनों देशों के बीच संवाद और शांति का रास्ता खोलने की कोशिश कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने जारी संघर्ष पर चर्चा की। भारत और यूक्रेन के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर भी बात हुई। पीएम कार्यालय (पीएमओ) के बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जारी संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया।

भारत इस पूरी प्रक्रिया में अमेरिका को भी लगातार जानकारी दे रहा | दोनों देशों को आपसी रूप से लाभ पहुंचाने पर हुई बातचीत

आपसी सहयोग और मजबूत करेंगे


राष्ट्रपति जेलेंस्की और पीएम मोदी फाइल फोटो

बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने भारत के 'मानव-केंद्रित दृष्टिकोण' को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत का लगातार यही रुख रहा है कि इस संघर्ष का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिये होना चाहिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए होने वाले हर प्रयास में भारत योगदान देने को तैयार है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में भारत और यूक्रेन के बीच आपसी सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा की। इसका मकसद दोनों देशों के लोगों को आपसी रूप से लाभ पहुंचाना है।

शांतिपूर्ण समाधान के लिए तैयार भारत

फोन पर बातचीत के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ फोन पर उपयोगी बातचीत करके खुशी हुई। हमने अपने व्यापक द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। भारत और यूक्रेन के संबंधों को और मजबूत करने पर सहमति जताई। उन्होंने आगे लिखा कि जारी संघर्ष, इसके मानवीय पहलुओं और शांति बहाल करने के लिए किए जा रहे अलग-अलग प्रयासों पर अपना नजरिया साझा करने के लिए मैंने राष्ट्रपति जेलेंस्की का धन्यवाद किया। शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में हरसंभव तरीके से योगदान देने की भारत की मजबूत प्रतिबद्धता दोहराई।

भारत मध्यस्थता के लिए तैयार

बातचीत के बाद जेलेंस्की ने कहा कि कहा कि खाद्य सुरक्षा ऐसा ही एक क्षेत्र हो सकता है। हमने काला सागर के रास्ते अनाज के निर्यात को रूस की ओर से रोके जाने पर चर्चा की। भारत खाद्य गलियारे बनाने में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। हम उम्मीद करते हैं कि ये प्रयास जारी रहेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि रूस को समझना चाहिए कि समुद्री रास्ते बंद होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था और दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा, हम इस बात पर सहमत हुए कि हमारी टीमें इन और दूसरे द्विपक्षीय मुद्दों पर संपर्क में रहेंगी।

जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से की बात

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार शाम रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से फोन पर बातचीत की। इस दौरान यूक्रेन संघर्ष और युद्ध समाप्त करने के लिए जारी कूटनीतिक पहलों पर विस्तार से चर्चा हुई। जयशंकर ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रूसी विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत का मुख्य केंद्र यूक्रेन संघर्ष और उससे जुड़े मौजूदा कूटनीतिक प्रयास रहे। जयशंकर ने बताया था कि पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ दिल्ली और उससे पहले बिश्केक में बातचीत की थी। इसके अलावा, वह स्वयं पहले मॉस्को जा चुके हैं और रूसी विदेश मंत्री लावरोव के साथ लगातार संपर्क में हैं। विदेश मंत्री के अनुसार, भारत इस पूरी प्रक्रिया में अमेरिका को भी लगातार जानकारी दे रहा है। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी प्रशासन अपनी ओर से शांति मध्यस्थता की पहल कर रहा है और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी है। भारत का उद्देश्य विभिन्न पक्षों के साथ संपर्क बनाए रखते हुए ऐसे व्यावहारिक रास्ते तलाशना है, जिनसे युद्ध के प्रभावों को कम किया जा सके।



तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

17 की मौत, 12 घायल, 6 अरेस्ट राष्ट्रपति ने जांच के दिए आदेश

एजेंसी ▶▶ अंकारा

तुर्किये के पश्चिमी हिस्से में सोमवार को एक स्टील प्लांट में भीषण धमाका होने से 17 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। धमाके के बाद प्लांट में भीषण आग लग गई और आसमान में धुएं का गुबार उठने लगा। हादसा इजमिर प्रांत के अलियागा में स्थित हाबास (एचएबीएएस) आयरन एंड स्टील प्लांट में हुआ। यह फैक्ट्री हबास डेमिर सेलिक कंपनी की है, जो तुर्किये की बड़ी स्टील कंपनियों में शामिल है। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों को भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ। घटना के बाद आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के साथ बचाव अभियान शुरू किया। स्थानीय गवर्नर सुलेमान एल्बान ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 12 बजे हुआ। प्लांट में एक बॉयलर बदलने का काम चल रहा था। इसी दौरान एक क्रेन भट्ठी में गिर गई। इसके कारण पास की स्टील मिल में जोरदार धमाका हो गया।


तुर्किये की स्टील फैक्ट्री में धमाका

राहत और बचाव कार्य जारी

एल्बान ने कहा कि कुछ लोगों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। हादसे के समय 300 कर्मचारियों की जगह करीब 200 कर्मचारी थे। राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने कैबिनेट बैठक के बाद हादसे में हुई मौतों की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और बचाव दल लगातार राहत और बचाव के काम में जुटे हैं। धमाके की न्यायिक और प्रशासनिक जांच शुरू कर दी गई है। एर्दोआन ने कहा कि यह दुखद घटना पूरे देश के लिए गहरे दुख का कारण बनी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हादसे की वजह, परिस्थितियों और इसमें किसी की लापरवाही या जिम्मेदारी की पूरी जांच की जाएगी।

कई घायल अस्पताल में भर्ती

गृह मंत्री मुस्तफा चिफ्तची ने बताया कि आपातकालीन टीमें आग बुझाने और हताहतों की तलाश में जुटी रहीं। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उनके स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है। न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार सरकारी अभियोजकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। धमाके के सिलसिले में 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

रिजिजू ने सऊदी में किए हस्ताक्षर

हज-2027 के लिए भारत का कोटा 1,75,025 तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 6 से 9 नवंबर 2026 तक सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा की। इस दौरान भारत और सऊदी अरब ने हज-2027 की तैयारियों की समीक्षा की और भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुगम तथा आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने पर सहमति जताई।

दोनों देशों के बीच हज-2027 के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए। इसके तहत भारत का हज कोटा 1,75,025 निर्धारित किया गया है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक


किरेन रिजिजू और डॉ. तौफीक

कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव (हज) और हज कमेटी ऑफ इंडिया के सीईओ शामिल रहे। 9 नवंबर को रिजिजू ने जेद्दा सुपरडोम में सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्री डॉ. तौफीक बिन फवजान अल-रबियाह के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें सऊदी अरब में भारत के राजदूत और संयुक्त सचिव (हज) भी शामिल हुए। बैठक में हज-2027 की तैयारियों की समीक्षा की गई।

इजराइली राष्ट्रपति ने आइजेनकोट को चुना

नई सरकार बनाने 28 दिन की दी मोहलत, सियासी जोड़तोड़ तेज

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने रविवार (8 नवंबर) को सरकार गठन को लेकर फैसला लिया। उन्होंने आइजेनकोट को नई सरकार बनाने का आधिकारिक जिम्मा सौंपा। इसके लिए उन्हें 28 दिन का समय दिया गया है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति उन्हें 14 दिन का अतिरिक्त समय भी दे सकते हैं। नई सरकार बनाने के लिए संसद में 120 में से कम से कम 61 सदस्यों का समर्थन जरूरी है।

इजराइल में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पूर्व सेना प्रमुख और विपक्षी नेता गादी आइजेनकोट ने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के


आइजेनकोट और राष्ट्रपति हर्जोग

सहयोगी दलों से संपर्क कर अपनी सरकार में शामिल होने का न्योता दिया है। आइजेनकोट ने अपनी पार्टी याशर के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन की ओर से नेतन्याहू की लिकुड पार्टी और वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच की दक्षिणपंथी पार्टी 'रिलीजियस जायोनिज्म' को भी साथ आने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, उनकी शर्त है कि गठबंधन सरकार का नेतृत्व वह स्वयं करेंगे।

फ्रांस के विदेश मंत्री बैरोट का ईरान पर बड़ा आरोप

सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर हैक किए प्रतिबंध लगाने की दी कड़ी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस ने ईरान को साइबर हमले के लिए कड़ी कार्रवाई और प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। फ्रांस विदेश मंत्री जीन नोएल बैरोट ने मंगलवार को आरोप लगाया कि ईरान की सेना की एक साइबर यूनिट ने अक्टूबर में देश के 700 सुपरमार्केट को निशाना बनाया था। हैकर्स ने दुकानों के फ्रिज और फ्रीजर का सिस्टम हैक कर उनका तापमान बढ़ा दिया था।

इससे खाने-पीने का सामान खराब हो गया और दुकानदारों को बड़ी मात्रा में सामान फेंकना पड़ा। बता दें, फ्रांस में 11 और 12 अक्टूबर को हुए साइबर हमले में सुपरमार्केट के फ्रिज-फ्रीजर सिस्टम हैक किए गए थे।



आईआरजीसी के खिलाफ जांच शुरू

फ्रांस के सरकारी वकील लॉर बेकुओ ने ईरान की सेना इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की साइबर यूनिट शाहिद कावेह के खिलाफ जांच शुरू की है। इसी यूनिट पर हमले के पीछे होने का आरोप है। इस यूनिट से जुड़े दो अधिकारियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट जारी करने की मांग भी की है।

जवाबी कार्रवाई के सभी विकल्प खुले

बैरोट ने कहा कि ईरान के राजदूत को तलब किया जाएगा। फ्रांस इस मामले में यूरोपीय संघ (ईयू) से ईरान पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी करेगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस जवाबी कार्रवाई के सभी विकल्प खुले रखेगा। इसमें ऐसे कदम भी शामिल हैं, जिनकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। बैरोट ने कहा कि फ्रांस का मकसद ईरान या किसी दूसरे देश को भविष्य में ऐसे हमले करने से रोकना है। उन्होंने इस हमले को फ्रांस की धरती पर अब तक का सबसे बड़ा और आक्रामक साइबर हमला बताया।

ईरान युद्ध पर ट्रंप का यू-टर्न

कतर के पीएम थानी से मुलाकात बाद बोले- हमले की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान के साथ आठ महीने से जारी युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि सैन्य रूप से ईरान के खिलाफ लड़ाई प्रभावी तौर पर खत्म हो चुकी है लेकिन अमेरिकी सेना अलर्ट पर रहेगी। फिलहाल अमेरिका मौजूदा स्थिति बनाए रखना चाहता है और दोबारा बड़े हमले करने की जरूरत नहीं दिख रही है। ट्रंप ने सोमवार को कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जासिम अल थानी से मुलाकात के बाद कहा कि ईरान सैन्य रूप से प्रभावी तौर पर खत्म हो चुका है। हम फिलहाल


डोनाल्ड ट्रंप और शेख अल थानी

मौजूदा स्थिति बनाए रख रहे हैं। ईरान का नेतृत्व बुरी तरह कमजोर हुआ है। हालांकि, अमेरिका की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम लंबे समय तक निष्क्रिय रहे और वह परमाणु हथियार बनाने की स्थिति में न पहुंचे। ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत में सकारात्मक प्रगति हो रही है।

विदेश में अपनों की सुरक्षा संभालेगी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स

स्पेशल कमांडोज को सीआईएसएफ दे रही विशेष प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशों में रह रहे अपनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के तहत बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के 50 स्पेशल कमांडोज को विदेश में रह रहे अपनों की हिफाजत के लिए चुना गया है। इन स्पेशल कमांडोज में दो गजेटेड ऑफिसर, 3 सबोर्डिनेट ऑफिसर और 45 अन्य रैंक के अधिकारी शामिल हैं। विदेश में तैनाती से पहले इन स्पेशल कमांडोज को अलग-अलग लेबल पर ट्रेनिंग दी जा रही है। पहले लेबल पर बीएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर में उन सभी परिस्थितियों को लेकर ट्रेंड किया गया है, जिनका सामना उन्हें विदेश में करना पड़ सकता है।

आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी दी

वीवीआईपी सिक्योरिटी और एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर के बारे में भी ट्रेनिंग दी



सीआईएसएफ के ट्रेनिंग सेंटर में बीएसएफ के 50 स्पेशल कमांडोज

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 28 सितंबर 2026 को शुरू हुई बीएसफ कमांडोज की प्री-इंडक्शन ट्रेनिंग के दौरान उन्हें वीवीआईपी सिक्योरिटी, एक्सेस कंट्रोल और मॉर्डन इलेक्ट्रॉनिक सिक्योरिटी इक्विपमेंट के इस्तेमाल के बारे में बताया गया है। ट्रेनिंग के दौरान, बीएसएफ कमांडोज को एक्स-रे बैगेज इंस्पेक्शन सिस्टम को ऑपरेट करना और एक्स-रे इमेज के बारे में बताया गया है। इसके अलावा, हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) और डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर्स के बारे में बताया गया है। साथ ही, बीएसएफ कमांडोज को एक्सप्लोसिव ट्रेस डिटेक्टर (ईटीडी) को इस्तेमाल करने के बारे में भी ट्रेनिंग दी गई है। स्पेशल ट्रेनिंग सेशंस में बेहद संवेदनशील डिप्लोमैटिक परिसरों में जनरल एक्सेस कंट्रोल मैनेजमेंट और स्क्रीनिंग एटिकेट्स की जानकारी भी दी गई है।

4 सप्ताह की प्री ट्रेनिंग दूसरे चरण की स्पेशल ट्रेनिंग की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपी गई है। सीआईएसफ की तरफ से 4 सप्ताह की प्री इंडक्शन ट्रेनिंग दी गई। यह ट्रेनिंग बीएसएफ की छावला स्थित 25वीं बटालियन में पूरी की गई है। तीसरे चरण की ट्रेनिंग सीआईएसएफ के नोएडा स्थित स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप और महिपालपुर स्थित एविएशन सिक्योरिटी ग्रुप में ट्रेनिंग दी गई है।

श्रीलंका में भारतीय मिशन में होगी तैनाती

अधिकारी के अनुसार, बीएसएफ की स्पेशल सिक्योरिटी टीम को श्रीलंका में भारतीय मिशन की सुरक्षा पुख्ता करने की जिम्मेदारी दी गई है। इस फैसले के तहत, बीएसएफ के स्पेशल कमांडोज को कोलंबो स्थित हाई कमीशन ऑफ इंडिया और जाफना स्थित कंसुलेट जनरल ऑफ इंडिया में तैनात किया जाएगा। बता दें, बीएसएफ ने सीआईएसएफ से अपने इंस्ट्रक्टर्स और ट्रेनिंग इक्विपमेंट उपलब्ध कराने की रिक्वेस्ट की थी।

हरदुली ग्राम पंचायत का मामला, अवैधता मिलने पर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई और तीन माह में याचिकाकर्ता को जवाब देने के निर्देश

पंचायत में 25 बिंदुओं पर भ्रष्टाचार के आरोप, जिला पंचायत सीईओ करेंगे जांच

जबलपुर। जिले की हरदुली ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि के कथित दुरुपयोग और अनियमितताओं की शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का मामला मप्र हाईकोर्ट पहुंच गया है। भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने जिला पंचायत जबलपुर के सीईओ को विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा है कि जांच में अवैधता पाए जाने पर दोषी अधिकारियों और लोकसेवकों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही याचिकाकर्ता को तीन माह के भीतर विस्तृत जवाब उपलब्ध कराया जाए।



ग्राम पंचायत हरदुली निवासी लक्की पड़वार ने सरपंच विश्वदेवी मेहतो, पंचायत सचिव रामदीन पटेल और पूर्व सरपंच पंचदेव मेहतो सहित अन्य के विरुद्ध कथित वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की थी। आरोप है कि पशुओं के लिए बनाए गए पशुजल टैंक को शासकीय पोर्टल पर सोख्ता दर्शाकर सरकारी राशि निकाल ली गई। सरपंच और सचिव पर नियम विरुद्ध अपने रिश्तेदारों को भुगतान करने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायत में सीसी नाली निर्माण के लिए आवंटित राशि बिना निर्माण कराए निकालने, सीसी रोड और नाली निर्माण में स्वीकृत राशि से अधिक भुगतान करने तथा पूर्व सरपंच द्वारा अपने पुत्र को बिना जीएसटी और टिन नंबर वाले बिलों के आधार पर लाखों रुपये का भुगतान करने के आरोप शामिल हैं। पूर्व सरपंच पंचदेव मेहतो और पूर्व सचिव राकेश सोनी पर स्वयं को पोर्टल पर सफाई कर्मचारी दर्शाकर भुगतान प्राप्त करने का आरोप भी लगाया गया है।

याचिकाकर्ता के अनुसार, इन कथित अनियमितताओं को लेकर लगभग एक वर्ष पहले जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को लिखित शिकायत देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई थी। इसके बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जिला पंचायत सीईओ को शिकायत के सभी बिंदुओं की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

माउस खराब होने का दावा, दोबारा नीट-पीजी परीक्षा की मांग हाईकोर्ट ने ठुकराई

जबलपुर। नीट-पीजी परीक्षा के दौरान कंप्यूटर का माउस खराब होने से समय बर्बाद होने का दावा कर दोबारा परीक्षा की मांग करने वाली अभ्यर्थी को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने छात्रा की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद किसी एक अभ्यर्थी के लिए अलग से दोबारा परीक्षा आयोजित करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।

धार निवासी जयश्री पाटीदार ने 30 अगस्त 2026 को प्रशांति इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी स्थित परीक्षा केंद्र पर नीट-पीजी की परीक्षा दी थी। उसका आरोप था कि परीक्षा के दौरान उपलब्ध कराया गया कंप्यूटर माउस खराब हो गया था। इससे उसका काफी समय बर्बाद हुआ और वह कई प्रश्न हल नहीं कर सकी। इसी आधार पर उसने तकनीकी खराबी की जांच कराने और दोबारा परीक्षा आयोजित करने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि परीक्षा के दौरान माउस खराब होने की शिकायत केंद्र प्रभारी से तत्काल किए जाने का कोई ठोस दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा अभ्यर्थी ने परीक्षा में सभी प्रश्न हल करने का प्रयास किया था। ऐसे में परीक्षा समाप्त होने के बाद किए गए दावे के आधार पर दोबारा परीक्षा का अवसर नहीं दिया जा सकता। कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।

दिवाली से पहले 188, बाद में 345 तक पहुंचा एक्यूआई

जबलपुर की हवा में घुला प्रदूषण पटाखों के बाद बिगड़े हालात

जबलपुर। शहर में दिवाली का जश्न खत्म होने के बाद अब हवा की गुणवत्ता चिंता का विषय बन गई है। रोशनी और आतिशबाजी के बीच शहरवासियों ने त्योहार मनाया, लेकिन इसके बाद हवा में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के संकेत मिले हैं। जबलपुर के मरहटल क्षेत्र में दिवाली से पहले जहां एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 200 के नीचे दर्ज किया गया था, वहीं दिवाली के बाद यह 300 के पार पहुंच गया। 9 नवंबर की शाम तक उपलब्ध आंकड़ों में एक्यूआई 366 दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। दूसरी ओर, 10 नवंबर की एक रिपोर्ट में सीपीसीबी के मरहटल मॉनिटरिंग स्टेशन का एक्यूआई 345 बताया गया है। आंकड़े बताते हैं कि दिवाली के आसपास शहर की हवा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय गिरावट आई। यह स्थिति ऐसे समय बनी है, जब नवंबर के साथ ही जबलपुर में ठंड का असर भी बढ़ने लगा है। ऐसे में पटाखों से निकलने वाला धुआं, धूल और अन्य प्रदूषक तत्व शहरवासियों के लिए परेशानी बढ़ा सकते हैं।



दिवाली के बाद 345 तक पहुंचा एक्यूआई

मरहटल क्षेत्र के उपलब्ध ऐतिहासिक एक्यूआई आंकड़ों के अनुसार 8 नवंबर को वायु गुणवत्ता सूचकांक का दैनिक औसत 188 दर्ज किया गया था। यह मध्यम श्रेणी में आता है। इसके बाद दिवाली के आसपास प्रदूषण का स्तर बढ़ा। 10 नवंबर को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार 8 नवंबर की शाम 6 बजे से 9 नवंबर की शाम 6 बजे के बीच मरहटल क्षेत्र का एक्यूआई 345 दर्ज किया गया। यह 301 से 400 के बीच आने वाली बेहद खराब श्रेणी में है। वहीं, 9 नवंबर की शाम तक उपलब्ध एक अन्य रीडिंग में एक्यूआई 366 तक पहुंचने की जानकारी सामने आई। अलग-अलग समय और रिपोर्टिंग अवधि की इन रीडिंग में अंतर हो सकता है, लेकिन दोनों ही आंकड़े शहर की हवा की खराब स्थिति की ओर इशारा करते हैं।

बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी की जरूरत

सीपीसीबी के वायु गुणवत्ता वर्गीकरण के अनुसार 301 से 400 एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस स्तर पर लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसका असर विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पहले से अस्थमा, फेफड़ों या हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों पर अधिक पड़ सकता है। ऐसे हालात में सुबह और देर शाम खुले में अधिक समय तक टहलने या व्यायाम करने से बचना चाहिए। सांस संबंधी परेशानी महसूस होने पर चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है।

बच्चों के सामने गाली-गलौज का विरोध करना पड़ा भारी, युवक की पीट-पीटकर हत्या

जबलपुर। बच्चों के सामने अभद्र भाषा और गाली-गलौज करने से मना करना एक युवक को इतना भारी पड़ गया कि उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। ग्वारीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम छिवला में गाली-गलौज का विरोध करने पर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि कुछ युवकों ने रंजीत के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना गांव के सामुदायिक भवन के सामने की है। मृतक रंजीत की भाभी आशा के मुताबिक, नरू और बल्लू उर्फ गुल्लू नामक युवक वहां लगातार गाली-गलौज कर रहे थे। मौके पर बच्चे भी मौजूद थे। बच्चों के सामने इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर रंजीत ने उन्हें समझाइश दी और घर के पास ऐसा नहीं करने को कहा। बताया जाता है कि रंजीत की समझाइश आरोपियों को नागवार गुजरी और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि दोनों युवकों ने रंजीत के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस घटना से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जिस विवाद की शुरुआत बच्चों के सामने गाली-गलौज रोकने की समझाइश से हुई, उसका अंत एक युवक की मौत के रूप में हुआ। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

संभागायुक्त ने की विकास योजनाओं समीक्षा

अधिकारियों को दिए समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश

जबलपुर। संभागायुक्त धनंजय सिंह ने मंगलवार को विभिन्न विभागों की बैठक लेकर शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों और विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और लंबित प्रकरणों का तय समय में निराकरण करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने राजस्व विभाग को अविवादित नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लंबित मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा। स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेख तैयार करने और पंजीयन की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मौसमी बीमारियों की रोकथाम, उपचार और स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच सुविधाओं की उपलब्धता पर चर्चा की गई। संभागायुक्त ने एम्बुलेंस, दवाइयों, उपकरणों, बिस्तरों और चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की नियमित निगरानी करने को भी कहा। इसके अलावा छात्रावासों और आश्रमों का नियमित निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन और कृषि कार्यों की समीक्षा

संभागायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत नल-जल योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कलेक्टर्स को लंबित कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरे कराने को कहा। कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा में पराली प्रबंधन की नियमित निगरानी करने तथा खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

पंचायत सचिवों की सेवा गणना पर शासन की अपील खारिज

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने पंचायत सचिवों की सेवा अवधि और वेतनमान निर्धारण के मामले में राज्य शासन की अपील खारिज कर दी है। जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2011 के सेवा नियमों के तहत पूर्व से कार्यरत पंचायत सचिवों की सेवा की गणना उनकी प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख से की जाएगी। इसमें पंचायत कर्मी के रूप में की गई पूर्व सेवा भी शामिल होगी।

मामले में शासन ने सिंगल बेंच के 10 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। विवाद चार अगस्त 2017 को संचालक पंचायत राज द्वारा जारी स्पष्टीकरण से जुड़ा था, जिसमें पंचायत कर्मी और पंचायत सचिव के रूप में की गई सेवा को अलग-अलग मानते हुए पूर्व की

प्रारंभिक नियुक्ति से मिलेगी वेतनमान निर्धारण में सेवा अवधि की पात्रता, सिंगल बेंच का आदेश बरकरार

संविदा सेवा को वेतनमान निर्धारण में शामिल करने से इनकार किया गया था। पंचायत सचिव कर्मचारी संघ की ओर से दलील दी गई कि शासन के मूल आदेशों में पूर्व सेवा को बाहर रखने का कोई प्रविधान नहीं है। संचालक पंचायत राज अधीनस्थ अधिकारी हैं। उन्हें शासन के आदेशों की व्याख्या बदलने अथवा उनमें नई शर्त जोड़ने का अधिकार नहीं है। डिवीजन बेंच ने चार सितंबर 2008 के शासन आदेश और मध्य प्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती तथा सेवा शर्तें) नियम 2011 का परीक्षण किया। न्यायालय ने पाया कि वर्ष 2011 के नियमों में पूर्व से कार्यरत पंचायत सचिवों को समाहित किया गया है। साथ ही वर्ष 1995 की पंचायत कर्मी योजना के तहत जारी निर्देशों को नए नियमों के अंतर्गत जारी माना गया है। ऐसे में प्रारंभिक नियुक्ति से सेवा की निरंतरता का लाभ देने से इनकार नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने सिंगल बेंच के आदेश में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं पाया और शासन की अपील निरस्त कर दी। हालांकि, पूर्व में सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया था कि पिछली सेवा वेतन निर्धारण के लिए गिनी जाएगी, लेकिन इस अवधि का एरियर देय नहीं होगा।

7 आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस परिजनों ने घेरकर हमला करने की कोशिश की

भाई की हत्या के आरोपियों को सामने देख बहन का फूटा गुस्सा, पत्थर लेकर दौड़ी

जबलपुर। दीपावली की रात जुए के विवाद और पुरानी रंजिश ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। चाकुओं से किए गए हमले में दो युवकों की हत्या के मामले में पुलिस ने सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को जब पुलिस गिरफ्तार आरोपियों को वारदात स्थल पर लेकर पहुंची और घटनाक्रम की तस्दीक कराते हुए उन्हें पैदल कांचघर तक ले गई, तो वहां मौजूद मृतकों के परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। हत्यारों को सामने देखते ही परिजन खुद पर काबू नहीं रख सके। किसी ने आरोपितों को घेरने की कोशिश की तो मृतक की छोटी बहन हाथ में पत्थर लेकर उनकी ओर दौड़ पड़ी। उसकी जुबां पर बस एक ही सवाल था—आखिर तूने मेरे भाई को क्यों मार डाला? हालात बिगड़ते देख पुलिस को आरोपियों को भीड़ से सुरक्षित निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

टूट पड़ा बहन का सब्र

मंगलवार को पुलिस सातों गिरफ्तार आरोपितों को लेकर सिद्धबाबा मंदिर के पास पहुंची थी। खबर फैलते ही मृतकों के परिजन और मोहल्ले के लोग बड़ी संख्या में वहां जमा हो गए। जैसे ही उनकी नजर आरोपियों पर पड़ी, गुस्सा उबाल पर पहुंच गया। मृतक कार्तिक उर्फ बाबू चौधरी की छोटी बहन हाथ में पत्थर लेकर आरोपियों की तरफ दौड़ी और बार-बार अपने भाई की हत्या का जवाब मांगती रही। परिजनों ने भी आरोपियों को घेरकर पीटने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति संभाली। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को घटनास्थल से कांचघर तक पैदल ले जाया गया। इस दौरान सड़क पर काफी देर तक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

आधी रात घात लगाकर किया था हमला

पुलिस के मुताबिक दीपावली की रात संत रविदास मंदिर के पास मोहल्ले के कुछ युवक एकत्र हुए थे। यहां जुआ खेलने को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसमें पुरानी रंजिश भी जुड़ गई। देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। मृतक कार्तिक के भाई सोनू चौधरी उर्फ जय कुमार के अनुसार, रात करीब एक बजे कार्तिक और करण अपने दोस्तों के साथ घर से निकले थे। रास्ते में पहले से मौजूद युवकों के समूह ने उन्हें घेर लिया और चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में कार्तिक और करण पासी की मौत हो गई।

मुख्य आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड

इस दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी 21 वर्षीय प्रिंस चौधरी सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। घमापुर पुलिस ने सोमवार रात इनकी गिरफ्तारी की थी। मंगलवार को सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक कार्तिक और मुख्य आरोपी प्रिंस के बीच पहले से विवाद चला आ रहा था। प्रिंस के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और अवैध वसूली सहित शहर के अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

3 आरोपी अभी भी फरार

वारदात में शामिल तीन अन्य आरोपियों अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इन्हें नाबालिग बताया जा रहा है। इनकी तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। सीएसपी शशांक गुर्जर ने बताया कि पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

चाकू मारकर युवक को किया घायल

जबलपुर। अधारताल थाना क्षेत्र में बर्तन दुकान पर मोबाइल मांगने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि मोबाइल देने से इनकार करने पर पहले युवकों ने दुकानदार और उसके परिजनों से गाली-गलौज की, फिर कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों के साथ लौटकर दुकान पर हमला कर दिया। इस दौरान एक युवक पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने छह आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एक्सिस बैंक के सामने मेन रोड अधारताल निवासी विनेश पैगवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5-6 नवंबर की दरम्यानी रात करीब तीन बजे उसके पिता विनीत पैगवार और बड़ा भाई विशेष पैगवार अपनी बर्तन दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान शिवेंद्र सिंह ठाकुर उर्फ बूची, सागर यादव और सौरभ उर्फ तुतल उसरेठे वहां पहुंचे। सौरभ ने फोन करने के लिए उसके पिता से मोबाइल मांगा। मोबाइल देने से मना करने पर तीनों गाली-गलौज करने लगे। विनेश और उसके भाई ने उन्हें दुकान से बाहर कर दिया। आरोप है कि जाते समय तीनों ने पत्थर उठाकर दुकान पर फेंके। कुछ देर बाद तीनों अपने अन्य साथी दक्ष, उदय पांडे और सागर तिवारी के साथ दोबारा पहुंचे और फिर विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान दक्ष ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर विशेष की दाहिनी जांघ में दो वार किए।

शहर में अलग-अलग वारदातों में 4 युवकों की हत्या, घमापुर में चाकूबाजी से दो युवकों की मौत, गोरखपुर के सेठीनगर में एक युवक की हत्या

दीपावली की खुशियों पर खूनी वार...!

जबलपुर। दीपावली का त्योहार शहर में कई परिवारों के लिए खुशियों के बजाय जिंदगी भर का दर्द दे गया। रोशनी और उल्लास के पर्व के दौरान शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुई चाकूबाजी की वारदातों में चार युवकों की हत्या कर दी गई। घमापुर थाना क्षेत्र के कांचघर स्थित नई बस्ती में दो युवकों कार्तिक चौधरी और करण पासी की जान चली गई, वहीं गोरखपुर थाना क्षेत्र के सेठीनगर में बदमाश आदित्य बेन उर्फ अड्डू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इसी प्रकार गौरीघाट के ग्राम छिवला में मामूली विवाद पर एक युवक की हत्या कर दी गई। इन चार हत्याओं की इन घटनाओं ने शहर की कानून-व्यवस्था और आपराधिक तत्वों की सक्रियता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



कांचघर में खूनी संघर्ष, दो युवकों की मौत

घमापुर थाना क्षेत्र के कांचघर स्थित हनुमान टोरिया की नई बस्ती में दीपावली की रात पुरानी रंजिश और विवाद ने खूनी रूप ले लिया। रविदास मंदिर के पास जुआ खेलने के दौरान युवकों के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और चाकूबाजी शुरू हो गई। आरोपियों ने कार्तिक चौधरी और करण पासी पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल करण ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दो युवकों की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में प्रिंस चौधरी और उसके साथियों सहित कुल 10 आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार पुरानी रंजिश और विवाद इस वारदात की वजह माने जा रहे हैं। मामले में आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सेठीनगर में चाकू मारकर आदित्य की हत्या

इधर, गोरखपुर थाना क्षेत्र के सेठीनगर में सोमवार को एक अन्य खूनी वारदात सामने आई। यहां पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में आदित्य बेन उर्फ अड्डू की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि आरोपी केशु बेन के साथ उसका विवाद हुआ था। कहासुनी इतनी बढ़ी कि मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया। हमले में गंभीर रूप से घायल आदित्य को तत्काल मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमत के मुताबिक पुलिस ने आरोपी केशु बेन को पकड़ लिया है। टीआई ने बताया कि मृतक और आरोपी दोनों ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और उनके खिलाफ थाने में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश हत्या की वजह सामने आई है। पुलिस आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या के पीछे की पूरी वजह और घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

चार हत्याओं से शहर में सनसनी

दीपावली के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई इन चार हत्याओं ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। एक ओर जहां लोग परिवार के साथ त्योहार की खुशियां मना रहे थे, वहीं दूसरी ओर चार परिवारों के घरों में मातम पसर गया। लगातार सामने आ रही चाकूबाजी की घटनाएं यह सवाल भी खड़ा कर रही हैं कि शहर में आपराधिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद कैसे हैं। अब पुलिस के सामने ऐसी वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने की चुनौती है।

छिवला में युवक की हत्या

इसी प्रकार गौरीघाट थाना अतंर्गत ग्राम छिवला में सामुदायिक भवन के सामने एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक रंजीत की भाभी आशा के मुताबिक, नरू और बल्लू उर्फ गुल्लू नामक युवक वहां लगातार गाली-गलौज कर रहे थे। मौके पर बच्चे भी मौजूद थे। बच्चों के सामने इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर रंजीत ने उन्हें समझाइश दी और घर के पास ऐसा नहीं करने को कहा। बताया जाता है कि रंजीत की समझाइश आरोपियों को नागवार गुजरी और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि दोनों युवकों ने रंजीत के साथ मारपीट शुरू कर दी। हमले में रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने छिवला निवासी गुल्लू गौड़ एवं नरू उर्फ नरेश गौंड़ दोनों के विरूद्ध धारा 103(1), 296(ए), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आकर्षक आतिशबाजी से किया मां लक्ष्मी का आवाहन

घरों, प्रतिष्ठानों में हुआ लक्ष्मी गणेश पूजन

सिहोरा। पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व पर रविवार को महालक्ष्मी पूजन आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं मनोरमी आतिशबाजी के साथ किया गया। घरों एंव प्रतिष्ठानों को महालक्ष्मी एंव गणेश जी के आगमन को लेकर सुंदर ढंग से सजाने के साथ मनोरम रंगोलियां बनाई गई थीं। इस दौरान पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर दिखा। बाहर रहने वाले लोगों ने अपने परिवार वालों के साथ दिवाली पर त्यौहार का जश्न मनाते नज़र आए चारों तरफ इमारतें और घर रंग-बिरंगी लाइट और दीयों से रोशन रहे मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही।

आतिशबाजी से सराबोर रहा माहौल

नगर उपनगर में देर रात तक आतिशबाजी और दीपावली के उत्साह में माहौल पूरी तरह जश्न से सराबोर रहा। लोगों ने दीपावली पर लक्ष्मी-गणेश की विशेष पूजा-अर्चन कर दीप जलायें। नगर में स्थित प्रतिष्ठानों को लोगों ने फूलों व इलेक्ट्रॉनिक झालरों से सजाया, जिससे बाजार की आभा देखते ही बन रही थी। लक्ष्मी पूजन के बाद पटाखे फोड़े। गली-मोहल्ले और रिश्तेदारों के यहां मिठाई बांटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर पर भी दिवाली के शुभकामना संदेश की खूब आवाजाही रही।



भगवान राम वनवास पूरा कर वापस आये थे

ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूरा करने के बाद अयोध्या लौटे तो लोगों ने खुशी में घी के दीये जलाए। इसके अलावा दिवाली मनाने को लेकर और भी मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि लक्ष्मी जी इसी दिन समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं। छोटे-बड़े व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठानों पर लक्ष्मी का पूजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व की धूम रही। इस बार अधिकांश लोगों ने घरों में लोकल लोगों से मिट्टी के दीये खरीदकर अंधेरे को मिटाया। चाइनीज झालर और बल्ब की भी सजावट खूब हुई। पूजन के बाद लोगों ने गली-मोहल्लों में उपहार देकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

पिकनिक स्पॉट पर रही भीड़

उसके बाद बच्चे युवा और बड़ों ने जमकर आतिशबाजी की। चकरी,लड़ी,अनार,सुतली बम,मुर्गा झाप, पेंसिल,रॉकेट आदि फोड़े। बच्चे और युवाओं ने रंग-बिरंगी पोशाक पहनकर त्यौहार मनाया दुसरे दिन परीवा पर लोगों ने घर पार्कों में पिकनिक मनाकर इंज्वॉय किया मंदिरों में भी पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

गोवर्धन पूजा पर लाठी-शैला खेलों का प्रदर्शन

जबलपुर। आदर्श नगर कटंगा में यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा के अवसर पर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के बैनर तले पारंपरिक लाठी, शैला सहित विभिन्न खेलों का प्रदर्शन किया गया। पारंपरिक खेलों को देखने बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा किशोरी लोधी, राजेंद्र यादव, खेमचंद धनगर, राजू यादव, प्रवीण धनगर, कृष्ण कुमार यादव, कैलाश यादव एवं अरुण चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की। आयोजन के माध्यम से पारंपरिक खेलों और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का संदेश दिया गया।



दीपावली पर प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति, एमपी ट्रांसको ने संभाला मोर्चा

प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कंट्रोल रूम से की रियल टाइम मॉनिटरिंग

जबलपुर। दीपावली पर्व पर प्रदेश में निर्बाध विद्युत पारेषण सुनिश्चित करने के लिए एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने जबलपुर मुख्यालय स्थित केंद्रीयकृत स्काडा कंट्रोल सेंटर पहुंचकर रातभर विद्युत व्यवस्था की रियल टाइम मॉनिटरिंग की। प्रदेश में 418 एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों और 1278 ट्रांसमिशन लाइनों के माध्यम से बिजली आपूर्ति सुचारु रखी गई। एमपी ट्रांसको के अनुसार दीपावली पर प्रदेश में ट्रांसमिशन लाइनों में कोई ब्रेकडाउन नहीं हुआ। चार फीडरों में आई ट्रिपिंग को भी न्यूनतम समय में सुधारकर पुनः चालू कर दिया गया। प्रदेश में 8 नवंबर को अधिकतम 17,893 मेगावाट विद्युत मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जबकि रात के पीक आवर्स में 11,405 मेगावाट मांग भी बिना व्यवधान पूरी की गई। इस दौरान 400 केवी की 417, 220 केवी की 310 और 132 केवी की 921 ट्रांसमिशन लाइनों सहित कुल 1278 लाइनों तथा 2308 फीडरों से विद्युत आपूर्ति की गई। प्रबंध संचालक ने ड्यूटी पर तैनात मेंटेनेंस टीम के कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

पमरे के छह कर्मचारियों को उत्कृष्ट संरक्षा पुरस्कार, महाप्रबंधक ने किया सम्मानित



जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल में अक्टूबर 2026 के दौरान ड्यूटी पर सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा दिखाकर संभावित रेल दुर्घटनाओं को रोकने वाले छह रेलकर्मियों को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कृत कर्मचारियों में मो. तसलीम अंसारी, वरिष्ठ ट्रेन मैनेजर, सतना; विजय, स्टेशन मास्टर, बखलेटा (जबलपुर मंडल); महेंद्र सिंह यादव, लोको पायलट, बीना; संजीव कुमार मीणा, ट्रेन मैनेजर, गुना; दिनेश चन्द्र गुर्जर, ट्रेन मैनेजर, कोटा तथा मुनेश सिंह जादौन, वरिष्ठ पॉइंट्समैन-ए, श्रीमहावीरजी शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान फ्लैट टायर, हॉट एक्सल, लोको से धुआं निकलने, एक्सल लॉक होने, वैगन में आग, बफर की ऊंचाई में अंतर तथा ओएचई तारों में चिंगारी जैसी तकनीकी खामियों की समय रहते पहचान कर अधिकारियों को सूचना दी और संभावित दुर्घटनाओं को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कर्मचारियों की सतर्कता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित रेल परिचालन के लिए छोटी से छोटी तकनीकी गड़बड़ी की समय पर पहचान और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मनोज गुरुमुखी, उप मुख्य संरक्षा अधिकारी अजय कुमार पाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



पाटन नगर परिषद में दीपावली मिलन समारोह, कर्मचारियों का किया सम्मान

पाटन। नगर परिषद पाटन में दीपावली मिलन समारोह के साथ सम्मान एवं उपहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के विकास और स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष देव कुमार यादव, सीएमओ जयश्री चौहान, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद जितेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद गजेंद्र सिंह, दीपक जैन, महेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्षद एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान सीएमओ जयश्री चौहान का भी सम्मान किया गया। पार्षद जितेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर को साफ-स्वच्छ रखने और विकास कार्यों में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उनके समर्पण और मेहनत को सम्मान देना जरूरी है। ऐसे आयोजन कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हैं और उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

अमखेरा के विशाल गोवर्धन पूजन में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

भारत सिंह यादव ने किया आयोजन, सांसद सहित जनप्रतिनिधियों और संतों ने की पूजा-अर्चना

जबलपुर। अमखेरा स्थित सुशीला मैरिज हॉल में भारत सिंह यादव के नेतृत्व में विशाल गोवर्धन पूजा समारोह का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी यादव समाज सहित अन्य समाजों के हजारों लोगों ने शामिल होकर भगवान गोवर्धन की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, समरसता के अध्यक्ष पवन पांडे, पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया, स्वामी पगलानंद जी महाराज एवं बगलामुखी पीठ के चैतन्यानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने पूजन में सहभागिता करते हुए सामाजिक एकता और समरसता को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की महत्वपूर्ण पहचान बताया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। समारोह ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया।



महापौर और निगमायुक्त ने संभाली कमान, सफाई मित्रों को मिठाई खिलाकर किया सम्मानित

जबलपुर। दीपावली के अवसर पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। भोर 4 बजे मालवीय चौक से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त अग्रिम कुमार की मौजूदगी में अभियान की शुरुआत हुई। इस दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। इस अवसर पर महापौर एवं निगमायुक्त ने सफाई मित्रों को अपने हाथों से मिठाई खिलाई और रसगुल्ले के डिब्बे भेंटकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। महापौर ने कहा कि सफाई मित्र ही शहर के असली स्वच्छता चैंपियन हैं। उनके परिश्रम और समर्पण से ही शहर स्वच्छ एवं सुंदर बना रहता है। त्योहारों पर उनके योगदान का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। अभियान के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, धर्मेंद्र राज एवं अर्जुन यादव सहित नगर निगम का स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा। नगर निगम का यह अभियान स्वच्छता के साथ सफाई मित्रों के सम्मान और प्रोत्साहन का संदेश भी देता नजर आया।



पमरे की यात्री आय में 9.24 प्रतिशत की वृद्धि

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मंडलों में यात्री यातायात और राजस्व में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अक्टूबर तक सात माह के दौरान रेलवे ने यात्री सेवाओं से 1,630 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 9.24 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान 709.60 लाख यात्रियों ने सफर किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.73 प्रतिशत अधिक है। कुल राजस्व में आरक्षित श्रेणी से 1,148.40 करोड़ तथा अनारक्षित श्रेणी से 481.60 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इस अवधि में 186.29 लाख आरक्षित और 523.31 लाख अनारक्षित यात्रियों ने यात्रा की।



बरेला में लगा चंडी मेला, बच्चों ने झूलों का लिया आनंद

बरेला। नगर में पारंपरिक चंडी मेले का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आकर्षक झूले, खेल-खिलौने, मिठाइयों और विभिन्न दुकानों ने लोगों का मन मोह लिया।मेले में बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और खेल-खिलौनों की खरीदारी की। वहीं महिलाओं एवं युवाओं ने दुकानों पर जमकर खरीदारी की तथा खान-पान का लुत्फ उठाया। चंडी मेले के आयोजन से नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा। मेले ने लोगों को मनोरंजन के साथ आपसी मेल-मिलाप और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ने का अवसर दिया। देर शाम तक मेले में लोगों की भीड़ बनी रही।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महाराजपुर का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

महिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

जबलपुर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महाराजपुर के तत्वावधान में 10 नवंबर को पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष पंडित राधेश्याम चौबे के निवास पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला कार्यकर्ताओं एवं ब्लॉक पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में प्रवीण चौबे, राजेंद्र वाल्मिक, आकाश विश्वकर्मा, प्रतीक ठाकुर, डॉ. तंतुवाय, प्रेमलता विश्वकर्मा, वंदना मेहरा, ऋतु विश्वकर्मा, पवित्र केवट, प्रतिमा शर्मा, पिंकी पवार, पप्पू ठाकुर, रोशनी साहू, सुमन विश्वकर्मा, अर्चना तंतुवाय, रीना कुशवाहा एवं कल्पना काछी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में दीपावली की शुभकामनाओं के साथ संगठन की मजबूती और आगामी गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई।



श्रीमती अनुराधा शर्मा- बंगाली कॉलोनी रांझी निवासी श्री सुशील शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा शर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विकास बंशकार- प्रेमसागर निवासी श्री महेश बंशकार के पुत्र श्री विकास बंशकार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री सुदामा प्रसाद श्रीवास्तव- कटरा अधारताल निवासी श्री सुदामा प्रसाद श्रीवास्तव (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उषा रैकवार- हनुमानताल स्थित रैकवार धर्मशाला के पास निवासी श्री गोकुल प्रसाद रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती उषा रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री हीरा लाल विश्वकर्मा- खिन्नी मोहल्ला दमोहनाका निवासी श्री हीरा लाल विश्वकर्मा (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री भईया दीन गुप्ता- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री भईया दीन गुप्ता (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती सुधा वर्मा- नेपियर टाउन नवीन विद्या भवन के पास निवासी श्री प्रभात वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा वर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री तुषार ताम्रकार- कोतवाली निवासी श्री प्रदीप कुमार ताम्रकार के पुत्र श्री तुषार ताम्रकार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री बसंत जयराम पोटे- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बसंत जयराम पोटे (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मुकेश प्रजापति- कछियाना द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुकेश प्रजापति (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री प्रकाश नाथ बैजल- बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री प्रकाश नाथ बैजल (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रेमवती लोधी- करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री गीत लाल लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमवती लोधी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राम विशाल नाई- बढ़ई मोहल्ला फूटाताल निवासी श्री राम विशाल नाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुमत रानी शुक्ला- दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री शिवदत्त शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती सुमत रानी शुक्ला (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री भगवान दास विश्वकर्मा- महाराजपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी श्री भगवान दास विश्वकर्मा (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री विनोद केवट- बादशाह हलवाई मोड़ गौरीघाट रोड निवासी श्री विनोद केवट (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती चमेली बाई रजक- सदर केंट निवासी श्री नत्थू लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती चमेली बाई रजक (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री वैभव मेहता- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री विकास मेहता के पुत्र श्री वैभव मेहता (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री कमल ठाकुर- कटंगा टीवी टावर के पास निवासी श्री प्रकाश ठाकुर के पुत्र श्री कमल ठाकुर (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती उषा विश्वकर्मा- शिक्षक कॉलोनी चेरीताल निवासी श्री ओम प्रकाश विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती उषा विश्वकर्मा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री अशोक महावर- दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री अशोक महावर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सुमित भट्टाचार्य- एलआईजी 57, धनवंतरी नगर भूकंप कॉलोनी निवासी श्री सुमित भट्टाचार्य (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती आशा लता ओझा- बी 24, प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री परमानंद ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा लता ओझा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुधा खरे- वेलकम कॉलोनी पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री देवेंद्र कुमार खरे की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा खरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

श्री यशवंत शिवहरे- रतन नगर एलआईसी भारत कॉलोनी निवासी श्री यशवंत शिवहरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्घाटन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

खबर संक्षेप



बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज का लाभ 42.7% बढ़ा

कोलकाता। इस्पात बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 42.7 प्रतिशत बढ़कर 21.62 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी ने 15.15 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय 33 प्रतिशत बढ़कर 195.42 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 146.96 करोड़ रुपये थी।

सीईएससी के मुनाफे में 2.2 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली। बिजली वितरण कंपनी सीईएससी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई- सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटकर 438 करोड़ रुपये रह गया। बीते वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 448 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,686 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,351 करोड़ रुपये थी।

बजाज फाइनेंस ने 5,799 करोड़ के वारंट किए जारी

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) बजाज फाइनेंस ने अपनी प्रवर्तक कंपनी बजाज फिनसर्व को तरजीही आधार पर 5,799 करोड़ रुपये के 5.74 करोड़ वारंट जारी किए। बजाज फाइनेंस ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के तहत प्रवर्तकों को 1,010 रुपये प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर 5,74,25,740 वारंट जारी करने को मंजूरी दी है। इनकी कुल राशि 5,799.9 करोड़ रुपये है।

सीमेंस का मुनाफा बढ़कर 504 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी सीमेंस लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 4.78 प्रतिशत बढ़कर 504 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ (पीएटी) 481 करोड़



रुपये था। सीमेंस लिमिटेड ने जारी बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 5,734 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,900 करोड़ रुपये थी। कंपनी को सितंबर, 2026 तक 6,228 करोड़ रुपये के नये ऑर्डर मिले।

सीगल इंडिया का लाभ 64% बढ़कर 92.2 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा निर्माण और इंजीनियरिंग कंपनी सीगल इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27



की दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत बढ़कर 92.2 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 56.2 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 1,022.5 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 806.6 करोड़ रुपये थी।

लोग सोना रखकर छुड़ा नहीं पा रहे, पांच महीने में डिफॉल्ट हुआ दोगुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने के बदले कर्जलेने का बाजार रिकॉर्ड ऊंचाइयों पर है। चिंता यह है कि लोग सोना रखकर छुड़ा नहीं पा रहे हैं। ट्रांसयूनियन सिबिल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच महीनों में गोल्ड लोन डिफॉल्ट की दर करीब दोगुनी हो गई है। वहीं, तीन साल में बकाया कर्ज की रकम 22.5 लाख करोड़ रुपए के पार चली गई है। इस बढ़ते वित्तीय दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने एक व्यापक और पारदर्शी फ्रेमवर्क पेश किया है। यह नया फ्रेमवर्क छोटे ग्राहकों को ऊंची एलटीवी लिमिट का फायदा देने के साथ बैंकों की ओर से सोने के सही कैल्यूएशन, सख्त नीलामी प्रक्रिया और समय पर जेवर लौटाने की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पांच महीनों में डिफॉल्ट डबल

गोल्ड लोन मार्केट का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके साथ टेंशन भी साफ दिखाई दे रहा है। ट्रांसयूनियन सिबिल की नई रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त 2026 तक देश में बकाया गोल्ड लोन 22.5 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े पर पहुंच गया है। अगस्त 2023 के मुकाबले यह तीन गुना ज्यादा है। हालांकि, 90 दिनों से ज्यादा ओवरड्यू वाले लोन पोर्टफोलियो का हिस्सा मार्च 2026 के 0.2 फीसदी से बढ़कर अगस्त 2026 में 0.3 फीसदी हो गया है।

ट्रांसयूनियन सिबिल ने जारी की ताजा रिपोर्ट



छोटे कर्जदारों के लिए राहत

बढ़ते लोन और डिफॉल्ट के बीच आरबीआई ने 1 अप्रैल 2026 से सभी वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, सहकारी बैंकों और एनबीएफसी के लिए नया फ्रेमवर्क पूरी तरह लागू कर दिया है। नए नियमों के तहत छोटे ग्राहकों के लिए एक टियर वाली एलटीवी संरचना पेश की गई है। इससे वे अपनी सोने की संपत्ति पर ज्यादा कर्ज पा सकते हैं।

एलटीवी की सीमा बढ़ाई गई

2.5 लाख रुपए तक के लोन के लिए अधिकतम एलटीवी को 75 फीसदी की पुरानी सीमा से बढ़ाकर 85 फीसदी कर दिया गया है। वहीं, 2.5 लाख रुपए से 5 लाख रुपए तक के लोन पर 80 फीसदी और 5 लाख रुपए से ज्यादा के लोन पर 75 फीसदी का एलटीवी तय किया गया है।

गोल्ड वैल्यूएशन के नए नियम

सोने के वैल्यूएशन की प्रक्रिया में अब सिर्फ असली धातु की शुद्धता को ही गिना जाएगा। बैंक पिछले 30 दिनों के औसत बंद भाव या पिछले दिन के बंद भाव में से जो भी कम होगा, उसी आधार पर सोने का दाम तय करेंगे। इसमें मेकिंग चार्ज या रत्नों की कीमत शामिल नहीं होगी। इसके अलावा बुलेट रीपेमेंट वाले कंजम्पशन लोन की अवधि 12 महीने से ज्यादा नहीं हो सकती। अगर कोई कर्जदार डिफॉल्ट करता है तो नीलामी से पहले पर्याप्त नोटिस देना जरूरी होगा।

विदेशी निवेशकों ने बाजार में लगाए 53,739 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार दो महीने तक निकासी के बाद नवंबर के पहले नौ दिन में ही भारतीय शेयर बाजार में 53,739 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

- भारतीय शेयर बाजार में नवंबर के नौ दिनों में यह निवेश किया

वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली, घरेलू कंपनियों की मजबूत आय वृद्धि और बड़ी कंपनियों के शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन इसकी प्रमुख वजहें रहीं।

डिपॉजिटरी के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने दो से नौ नवंबर के बीच छह कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 53,739 करोड़ रुपये लगाए।

इससे पहले उन्होंने अक्टूबर में 34,843 करोड़ रुपये और सितंबर में 35,861 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि, नवंबर में निवेश लौटने के बावजूद कैलेंडर वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयर बाजार से एफपीआई की कुल शुद्ध निकासी 2.41 लाख करोड़ रुपये रही है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''एफपीआई के रुख में अचानक आए बदलाव की वजह अमेरिका के साथ-साथ दक्षिण कोरिया, ताइवान और जापान जैसे एआई से जुड़े बाजारों में बिकवाली रही।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका में डेटा सेंटर पर होने वाले भारी खर्च को लेकर चिंताओं के कारण एआई शेयरों में बिकवाली हुई। अमेरिका में कांग्रेस के दोनों सदनों में जीत दर्ज करने वाले डेमोक्रेट्स डेटा सेंटर पर बिना किसी नियंत्रण के खर्च के खिलाफ हैं और एआई क्षेत्र के लिए नियामकीय सुरक्षा उपायों की मांग करेंगे।

विजयकुमार के मुताबिक, एआई से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली ने भारतीय बाजार को विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बना दिया है।

घरेलू कंपनियों की अच्छी आय एफआईआई को आकर्षित कर रही

भारत को व्यापक रूप से एआई क्षेत्र से इतर निवेश के विकल्प के तौर पर देखा जाता है। इसके अलावा, घरेलू कंपनियों की अच्छी आय वृद्धि और बड़ी कंपनियों के शेयरों का आकर्षक मूल्यांकन भी विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। क्षेत्रवार निवेश की बात करें तो एफपीआई ने वित्तीय सेवाओं, सूचना प्रौद्योगिकी, वाहन और दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बड़ी खरीदारी की।

कंपनी अगले साल नई जगुआर जीटी भी पेश करेगी

जेएलआर अगले साल भारत में पहला इलेक्ट्रिक वाहन उतारेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) के भारत में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजन अंबा ने कहा है कि वाहन विनिर्माता कंपनी भारत को वृद्धि के प्रमुख बाजार के रूप में देखती है और यहां 2027 में अपना पहला इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की योजना बना रही है। इसमें रेंज रोवर इलेक्ट्रिक और रेंज रोवर स्पोर्ट इलेक्ट्रिक शामिल हैं।

लक्जरी वाहन कंपनी की योजना प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खंड में उभरते अवसरों का लाभ उठाने की है। अंबा ने कहा कि कंपनी अगले साल नई जगुआर जीटी भी पेश करेगी। ये वाहन अलग-अलग समय पर बाजार में उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी के लिए भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में प्रवेश करने का यह सही समय है और ''भविष्य ईवी का ही है।'' जेएलआर इंडिया के पास फिलहाल अपने खंड में कोई इलेक्ट्रिक वाहन नहीं है।

हालांकि, कंपनी प्रीमियम और अधिक किफायती, दोनों श्रेणियों में पिछले एक साल के दौरान ईवी बाजार में दर्ज वृद्धि से उत्साहित है।

सोना 500 रुपए टूटकर 1,46,400 रुपए पर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,46,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर वैश्विक रुख और अमेरिकी डॉलर में मजबूती से निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय कारोबारियों ने बताया कि हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 1,92,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में कमजोरी के अनुरूप घरेलू बाजार में भी सोने के भाव में गिरावट आई। डॉलर में मजबूती ने भी कीमतों पर दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि दिवाली के दौरान सोने की कमजोर लिवाली की वजह से भी इसकी कीमतों को सहारा नहीं मिल पाया।



कच्चे तेल में गिरावट से महंगाई की चिंता कम

निवेश मंच मुड्रेक्स के प्रमुख क्वांट विश्लेषक अक्षत सिद्धांत ने कहा, ''अमेरिका के मुद्रास्फीति संबंधी आंकड़े जारी होने से पहले कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से महंगाई की चिंताएं कम हुई हैं। इसके चलते पिछले कारोबारी सत्र में एक प्रतिशत की बढ़त के बाद सोना 4,100 डॉलर प्रति औंस के आसपास बना हुआ है।''

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग सामान्य वनमंडल खैरागढ़

काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें । ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है । **नीलाम दिनांक:- 18.11.2026 नीलाम समय :- सुबह 09.00 से**

प्रजाति	नया वनोपज (काष्ठ)			पुराना वनोपज (काष्ठ)		
	घ.मी.	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	घ.मी.	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
सागौन	242.120	936	2555	206.085	1181	10768
बीजा	71.644	0	0	111.422	147	0
साजा	133.385	0	0	35.232	0	0
धावडा	20.275	0	0	14.019	0	0
हल्दु मुंडी	35.300	0	0	42.112	8	0
तिन्सा	41.330	0	0	43.251	0	0
शीशम	0	0	0	0.601	0	0
खम्हार	0.296	0	0	1.446	0	0
कसही	22.708	0	0	58.784	0	0
भिरहा	51.052	0	0	0	0	0
घाटा	1.639	0	0	0	0	0
सलिहा मोदे	0	0	0	0	0	0
अन्य	50.200	0	0	2.392	0	0
योग	669.949	936	2555	515.344	1336	10768

ठेलकाडीह डिपो के पुराना जलाऊ चट्टा

1	जलाऊ चट्टा	मिश्रित	07 चट्टा

खैरागढ़ नर्सरी के पुराना जलाऊ चट्टा

1	जलाऊ चट्टा	मिश्रित	995 चट्टा

टीप :-1-क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । 2-क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है । 3- लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है । 4- ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 30 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।

G-262704459/2 **वन मण्डल अधिकारी, खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़**

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

प्रारूप V

(नियम 10 देखे)

धारा 19 (1) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन घोषणा का प्रकाशन सचिव, राजस्व विभाग

क्रमांक 825 / अ.वि.अ. / भू-अर्जन / 2026 **नरसिंहपुर, दिनांक 6/10/2026**

रा.मा.क्र.0003/अ-82/2026-27 ग्राम-बरमानकलां प.ह.नं.-16 नं.ब.-377 तहसील-करेली

जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम- बरमानकलां प.ह. नं. - 16 नं.ब. - 377 तहसील - करेली जिला नरसिंहपुर में कुल 3.962 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है । इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 3.962 हेक्टेयर है ग्राम बरमानकलां तहसील करेली जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-

ग्राम- बरमानकलां प.ह. नं. - 16 नं.ब. - 377 तहसील - करेली

स. क्र.	हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	स्वामित्व का प्रकार	खसरा नंबर	अर्जन हेतु रकबा (हे.)
1	2	3	4	5
1	दसोदाबाई दुर्गाप्रसाद महादेव पिस कोमल जीराबाई कलीबाई बाबूलाल लक्ष्मीप्रसाद लीलाबाई पिस कुंजीलाल ढीमर	भूमिस्वामी	45/2(s)	0.004
2	भास्कर पिता रामस्वरूप हजारी सा देवरी	भूमिस्वामी	46(s)	0.004
3	प्रशांत उर्फ प्रतुल पिता प्रवेश लोधी	भूमिस्वामी	133/1(s)	0.120
4	कुवंर राजधर सिंह पिता राज बहादुर सिंह यादव पता देवरी	भूमिस्वामी	133/2(s)	
5	हरिशंकर पिता चेतराम नौरिया मुन्नालाल पिता फुन्दीलाल नौरिया चंद्रप्रकाश राजेश संतोषी पिस हरिशंकर नौरिया	भूमिस्वामी	131(s) 132/1(s)	0.413
6	प्रेमवती पत्नी गोपाल राजेश कुमार राजेन्द्र कुमार सरोज सरिता पिस गोपाल नौरिया	भूमिस्वामी	132/2(s)	
7	फूलकुंवर पत्नी छोटेलाल कौरव सा जयप्रकाश बार्ड करेली	भूमिस्वामी	123(s)	0.004
8	मुन्नीबाई पुत्री बाबूलाल दुग्रेश पुत्र रमेश दूजाबाई पुत्री बाबूलाल भोले पुत्र गेंदालाल मुकेश पुत्र रमेश संतोष पुत्र गेंदालाल उषाबाई पुत्री गेंदालाल हरि पुत्र गेंदालाल गणेश पुत्र रमेश सुरेश पुत्र गेंदालाल सत्तू पुत्र गेंदालाल मोतीलाल पुत्र बाबूलाल मुन्नीबाई वेबा रमेश केवलबाई पुत्री गेंदालाल लखन पुत्र गेंदालाल सावित्री पुत्री रमेश परषोत्तम पुत्र गेदालाल त्रिवेणीबाई पुत्री बाबूलाल	भूमिस्वामी	125(s)	0.050
9	जानकीबाई पार्वतीबाई पिस. मलुवा हरीराम झोउ पिस. खेमकरन फतई पिता महादेव कल्लू मन्नालाल ना.बा. पिता रंजीत वली मां रामकलीबाई पत्नी रंजीत सुकल शंकरलाल बेनीप्रसाद धन्नूलाल पिस. लक्ष्मण नर्मदाप्रसाद पिता वक्कू नन्हेलाल धनीराम पिस कंछी बिटोलाबाई मुन्नीबाई कोशाबाई पिस भजन राजाराम पिता भगन्तु दलीप पिता घासीराम	भूमिस्वामी भूमिस्वामी	128(s), 129 99(s)	0.202 0.240
10	बलवीर सिंह पिता नारायण किरार पटैल	भूमिस्वामी	111/2(s)	0.004
11	रविशंकर प्रिता शंभुदयाल ब्राम्हण	भूमिस्वामी	103/1/1(s) 103/2/1(s) 104/2/1(s) 104/4/1(s)	2.106
12	निर्मलाबाई वेबा शिवकुमार नमामि श्रद्धा आस्था संध्या पिस शिवकुमार ब्राम्हण	भूमिस्वामी	103/1/2(s) 103/2/2(s) 104/2/3/ 104/4/2(s)	
13	अशोक पिता शंभुदयाल ब्राम्हण	भूमिस्वामी	103/1/3(s) 103/2/3(s) 104/2/3 104/2/3(s)	
14	भानुमति बेवा रघुराज सिंह लोधी	भूमिस्वामी	104/1(s)	
15	सुशील सुनील पिस रघुनाथ ब्राम्हण	भूमिस्वामी	104//3/1(s)	
16	सुषमा पति नीतेश नीतेश पिता औंकारप्रसाद ब्राम्हण	भूमिस्वामी	104/3/2(s)	
17	नीलेश पुत्र रामेश्वर ज्योति पत्नी नीलेश भूमिस्वामी समर्थ अमन नाबालिग पिता नीलेश संरक्षक नीलेश ब्राम्हण	भूमिस्वामी	104/3/3(s)	
18	कमलाबाई वेबा पन्नीलाल पुष्पाबाई भोलाराम राजेश पिस पन्नीलाल ब्राम्हण	भूमिस्वामी	104/5(s)	
19	रविशंकर शिवकुमार अशोक पिस शम्भूदयाल ब्राम्हण	भूमिस्वामी	104/6(s)	
20	उमाशंकर पिता रामेश्वर सरला पिता रामेश्वर प्रभा पिता रामेश्वर चंद्रकांता पिता रामेश्वर फूलवती नारायण देवेंद्र पिता नारायण अरविंद पिता नारायण निमिष पिता गुरूदत्त पुष्पा पिता रामश्वर वसुधा पिता गुरूदत्त महेन्द्र पिता नारायण संगीता पिता गुरूदत्त तिवारी	भूमिस्वामी	100(s) 102(s) 95(s) 96(s)	0.180 0.105
21	सुरजंतीबाई बेवा गंगाराम संतोष विजय शीलाबाई पिस गंगाराम ढीमर	भूमिस्वामी	97/1(s)	0.170
22	छोटीबाई पिसा पतिराम देवकीबाई पिता पतिराम सरस्वतीबाई पिता पतिराम नरबदीबाई बेवा प्रेमलाल भागीरथ पिता प्रेमलाल प्रियंका पिता प्रेमलाल आरती नाबालिग पिता प्रेमलाल संरक्षक नरबदीबाई ढीमर	भूमिस्वामी	97/2(s) 98(s)	0.025 0.165
23	चौधरी नेतराम पिता चेतनसिंह लोधी रामकिशन नाबालिग पिता तोडल सरक्षक सुविधाबाई लोधी	भूमिस्वामी	107(s)	0.170
			कुल योग	**3.962**

1. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक - 11 से 19 तक नक्शा बटांकन हेतु प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर के प्रकरण क्रमांक 0072/ब-121 / 2026-27 द्वारा न्यायालय में विचाराधीन है । 2. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक - 5 एवं 6 में अभिलेख दुरूस्ती हेतु प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी का प्रकरण क्रमांक 0151 / अ- 6 (अ) / 2026-27 द्वारा न्यायालय में विचाराधीन है । 3. प्रकरण में खसरा नंबर - 95 / 1 लालसाहब पिता राजाराम लोधी धारा-11 में प्रकाशित किया गया था जिसका विलोपित करने हेतु अभिलेख दुरूस्ती का प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी का प्रकरण क्रमांक 0150 / अ-6 (अ) / 2026-27 द्वारा न्यायालय में प्रचलित है । 4. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक-5 में चन्द्रप्रकाश पिता हरिशंकर नौरिया फौत हो जाने के कारण प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर के प्रकरण क्रमांक 0263 / अ - 6 / 2026-27 द्वारा न्यायालय में प्रचलित है । 5. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक- 8 में मोतीलाल पुत्र बाबूलाल फौत हो जाने के कारण प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर के प्रकरण क्रमांक 0269/ अ - 6 / 2026-27 द्वारा न्यायालय में प्रचलित है । 6. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक- 8 में गणेश पुत्र रमेश फौत हो जाने के कारण प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर के प्रकरण क्रमांक 0264/अ- 6 / 2026-27 द्वारा न्यायालय में प्रचलित है । 7. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक-18 में पुष्पाबाई पिता पन्नीलाल फौत हो जाने के कारण प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर के प्रकरण क्रमांक 0268/अ-6 / 2026-27 द्वारा न्यायालय में प्रचलित है । 8. उपरोक्त सूची के सरल क्रमांक-20 में देवेन्द्र पिता नारायण फौत हो जाने के कारण प्रकरण न्यायालय नायब तहसीलदार करेली जिला नरसिंहपुर के प्रकरण क्रमांक 0265/अ- 6 / 2026-27 द्वारा न्यायालय में प्रचलित है । 9. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात की गयी है । 10. कार्यपालन यंत्री रा.अ.बा.लो. सा. नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अतः इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नही होता है । 11. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नही होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नही है । 12. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों में जिन्हे उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोडकर आवश्यक नही है । 13. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है ।

(रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

(महेन्द्र पटेल)
अनुविभागीय अधिकारी सह भू-अर्जन अधिकारी
नरसिंहपुर

G-21248/26

चिंतन

रोजगार के मौके और महिलाओं की भागीदारी बढ़ना शुभ संकेत



मुद्दा
ओमकार चौधरी

देश में बेरोजगारी दर का पिछली तिमाही के 5.4 प्रतिशत से घटकर 5.1 प्रतिशत पर आना राहत देने वाला है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि श्रमबल में भागीदारी और वास्तव में काम कर रहे लोगों का अनुपात भी बढ़ा है। खासकर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलाव की ओर शुभ संकेत करती है। जुलाई-सितंबर 2026 की तिमाही के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट में कई सकारात्मक संकेत मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 54.6 प्रतिशत से बढ़कर 55.5 प्रतिशत हो गई है। इसका अर्थ है कि काम करने या रोजगार तलाशने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। वहीं, कामगार-जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में भी एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 52.7 प्रतिशत पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बताता है कि कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में वास्तव में रोजगार पाने वालों का अनुपात बढ़ा है। यानी सुधार केवल नौकरी तलाशने वालों की संख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिक लोग काम से भी जुड़ रहे हैं। इस रिपोर्ट का सबसे उत्साहजनक पक्ष महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि है। महिलाओं की श्रमबल भागीदारी दर 33.2 प्रतिशत से बढ़कर 34.7 प्रतिशत और कामगार-जनसंख्या अनुपात 31.3 प्रतिशत से बढ़कर 32.8 प्रतिशत हो गया है। महिलाओं का रोजगार से जुड़ना केवल परिवार की आमदनी बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक स्थिति भी मजबूत होती है। अर्थव्यवस्था को भी इसका लाभ मिलता है, क्योंकि अधिक आबादी की कार्यक्षमता का उपयोग संभव होता है। ग्रामीण भारत ने इस तिमाही में रोजगार के मोर्चे पर महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गांवों में बेरोजगारी दर 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई, जबकि शहरों में यह 6.7 प्रतिशत से मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि गतिविधियों की तेजी और स्वरोजगार में वृद्धि ने श्रम बाजार को सहारा दिया। कृषि क्षेत्र में कामगारों की हिस्सेदारी 52.9 प्रतिशत से बढ़कर 56.7 प्रतिशत और स्वरोजगार का अनुपात 61.4 प्रतिशत से बढ़कर 62.7 प्रतिशत हो गया। इस अवधि में 15 वर्ष से अधिक आयु के औसतन 57.9 करोड़ लोग रोजगार में थे। हालांकि, इन सकारात्मक आंकड़ों के साथ कुछ चुनौतियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। ग्रामीण रोजगार में कृषि और स्वरोजगार की बढ़ती हिस्सेदारी को स्थायी तथा बेहतर आय वाले रोजगार में बदलना होगा। कृषि पर मौसमी निर्भरता कम करने के लिए ग्रामीण उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और छोटे उद्यमों को प्रोत्साहन देना होगा। दूसरी ओर, शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी में मामूली वृद्धि बताती है कि नियमित और वेतनभोगी नौकरियों के अवसर बढ़ाने की जरूरत बनी हुई है। रोजगार के इन आंकड़ों को अर्थव्यवस्था की दिशा में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली लक्ष्य ऐसे रोजगार पैदा करना है जो नियमित हों, सम्मानजनक आय दें और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हों। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्यस्थल और समान अवसरों के माध्यम से और गति देनी होगी। रोजगार के अवसरों का विस्तार और महिलाओं की आर्थिक सक्रियता साथ-साथ बढ़ेगी, तभी विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचेगा।

केवल दिवाली प्रदूषण का कारण नहीं

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। सामान्य दिनों में ऊंचाई के साथ हवा ठंडी होती जाती है और ज़मीन की गर्म हवा धुएं को लेकर ऊपर उठ जाती है।

सर्दी की रातों में ज़मीन तेज़ी से ठंडी होती है और ठंडी हवा की परत के ऊपर गर्म हवा की परत आ जाती है। इसे तापमान व्युत्क्रमण कहते हैं। यह गर्म परत ढक्कन की तरह प्रदूषकों को ऊपर नहीं जाने देती। इसी के साथ वह ऊंचाई घट जाती है, जहां तक प्रदूषक फैल सकते हैं। गर्मियों में यह दो से चार किलोमीटर होती है, सर्दियों में कुछ सौ मीटर रह जाती है। उतना ही धुआं बहुत कम हवा में सिमट जाता है। हवा की गति भी धीमी रहती है और मानसून के बाद बारिश नहीं होती, इसलिए कण न बहकर निकलते हैं, न धुलते हैं। नमी और कोहरे में गैसें रासायनिक क्रिया से सल्फेट और नाइट्रेट के महीन कणों में बदलती हैं और स्मॉग बनता है। भूगोल इस संकट को और गहरा करता है। सिंधु-गंगा का मैदान चारों ओर ज़मीन से घिरा है, उत्तर में हिमालय हवा का रास्ता रोकता है और दिल्ली तक समुद्री हवा नहीं पहुंचती। पटाखे प्रदूषण के कई स्रोतों में से एक हैं और उनका असर दिवाली के आसपास के कुछ दिनों तक रहता है। बाक़ी स्रोत पूरे मौसम, बल्कि पूरे साल सक्रिय रहते हैं। इनमें सबसे पहले वाहन हैं, जिनसे पेट्रोल-डीज़ल का धुआं और टायर-ब्रेक के घिसने से बने कण निकलते हैं। उद्योग, ताप बिजली घर और ईंट भट्ठे कोयला और अन्य ईंधन जलाकर गैसें और कण छोड़ते हैं। अक्टूबर-नवंबर में उत्तर-पश्चिमी हवाएं पंजाब और हरियाणा की पराली का धुआं दिल्ली-एनसीआर तक लाती हैं, हालाँकि इसका हिस्सा चरम दिनों में ऊंचा और पूरे मौसम के औसत में कम रहता है। सड़कों और निर्माण कार्य की धूल, ठंड में तापने के लिए जलती लकड़ी, उपले और कोयला, खुले में जलता कचरा और लैंडफिल की आग इस सूची को पूरा करते हैं। अध्ययनों में हर स्रोत के हिस्से के आंकड़े अलग-अलग हैं। फिर भी वे एक बात पर सहमत हैं: दिल्ली के प्रदूषण का बड़ा हिस्सा शहर की सीमा के बाहर से आता है। प्रदूषण अकेले दिल्ली की समस्या नहीं है। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के मार्च 2026 के विश्लेषण में निगरानी वाले 238 शहरों में से 204 में पीएम 2.5 का स्तर राष्ट्रीय मानक से ऊपर मिला। सबसे ऊपर गाजियाबाद रहा, जहां स्तर लगभग 172 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। उसके बाद नोएडा (166) और दिल्ली (163) रहे, जबकि दैनिक मानक 60 है। सबसे अधिक प्रभावित पट्टी पंजाब से पश्चिम बंगाल तक फैला सिंधु-गंगा का मैदान है। लुधियाना, रोहतक, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, पटना और कोलकाता सब इसी में आते हैं। इसके बाहर राजस्थान का भिवाड़ी, असम-मेघालय सीमा का बर्नीहाट और



सिंगरौली, कोरबा, धनबाद जैसे खनन और बिजलीघर वाले इलाक़े भी गंभीर रूप से प्रभावित हैं। दक्षिण और तटीय भारत की स्थिति बेहतर है। मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में स्तर तुलनात्मक रूप से कम रहा। कर्नाटक का चामराजनगर लगभग 19 माइक्रोग्राम के साथ सबसे स्वच्छ शहरों में गिना गया। सेहत के लिए सबसे बड़ा ख़तरा पीएम 2.5 के महीन कण हैं, जो फेफड़ों की गहराई तक और वहाँ से ख़ून में पहुंच जाते हैं। शरीर इन्हें बाहरी हमला मानकर सूजन पैदा करता है और लंबे समय तक बनी यही सूजन बीमारियों की जड़ बनती है। तुरंत असर आंखों की जलन, खांसी, सांस फूलने और दमे के दौरों के रूप में दिखता है। लंबे समय में यह फेफड़ों के कैंसर, दिल के दौरे, स्ट्रोक और डायबिटीज़ का जोखिम बढ़ाता है। बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और दिन भर सड़क पर काम करने वाले लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। आंकड़े इस बोझ का आकार बताते हैं। स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2025 के अनुसार 2023 में भारत में 20 लाख से अधिक मौतें वायु प्रदूषण से जुड़ी थीं। 2021 में पांच साल से कम उम्र के 1,69,400 बच्चों की मौतें इससे जुड़ी पाई गईं। लैंसेट काउंटडाउन ने 2022 में असमय मौतों की आर्थिक क़ीमत 339.4 अरब डॉलर आंकी, जो GDP का 9.5 प्रतिशत है। शिकागो विश्वविद्यालय की रिपोर्ट के अनुसार प्रदूषण औसत भारतीय की उम्र 3.5 साल घटा रहा है। दिल्ली में यह कमी 8.2 साल, बिहार में 5.6, हरियाणा में 5.3 और उत्तर प्रदेश में 5 साल आंकी गई है। तुलना के लिए, इसी रिपोर्ट में कुपोषण से 1.6 साल और तंबाकू से 1.5 साल की कमी बताई गई है। दक्षिण एशिया दुनिया का सबसे प्रदूषित क्षेत्र है। आईक्यूएयर की 2025 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले, बांग्लादेश दूसरे और भारत छठे स्थान पर रहा। दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर गाजियाबाद का लोनी रहा, जहां पीएम2.5 का सालाना औसत 112.5 माइक्रोग्राम दर्ज हुआ। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के केवल 14 प्रतिशत शहर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक पर खरे उतरे। चीन इस बात का उदाहरण है कि हालात बदले जा सकते हैं। बीजिंग में पीएम 2.5 का सालाना औसत 2013 में 89.5 माइक्रोग्राम था। चीन के सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2025 में यह 27 रह गया, यानी लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट। भारत के मानक डब्ल्यूएचओ से काफ़ी ढीले हैं। पीएम 2.5 की सालाना सीमा भारत में 40 माइक्रोग्राम है और डब्ल्यूएचओ की पांच। 46 प्रतिशत भारतीय ऐसे इलाक़ों में रहते हैं, जहां हवा भारत के अपने मानक से भी ख़राब है। 2019 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में 131 शहर शामिल हैं।

आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार इसका 64 प्रतिशत पैसा सड़क की धूल घटाने पर ख़र्च हुआ, जबकि उद्योग और वाहनों के उत्सर्जन पर एक से 13 प्रतिशत तक। दिल्ली-एनसीआर में हवा बिगड़ने पर ग्रैप के तहत निर्माण रोकने, ट्रकों का प्रवेश बंद करने और स्कूल ऑनलाइन करने जैसी पाबंदियां लगती हैं। ये आपात उपाय हैं और स्रोतों को नहीं घटाते। तात्कालिक प्रयोगों के नतीजे भी सीमित रहे हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के परीक्षणों से उल्लेखनीय बारिश नहीं हुई। ऑड-ईवन का असर अध्ययनों में सीमित और अस्थायी पाया गया। उत्तर भारत में पीएम 2.5 का सालाना औसत मानक से ऊपर रहता है और गांवों में चूल्हे का धुआं घर के भीतर की हवा बिगाड़ता है। बचाव के लिए ठीक से फ़िट किया गया एन95 मास्क और बंद कमरे में एचइपीए फ़िल्टर वाला प्यूरीफ़ायर कारगर हैं, पर ये इलाज नहीं, सिर्फ़ ढाल हैं। आंकड़े साफ़ हैं। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

दिवाली के पटाखे उत्तर भारत की ज़हरीली हवा का एक कारण हैं, अकेला कारण नहीं। पटाखों का धुआं कुछ दिनों का उछाल लाता है, जबकि दिल्ली और सिंधु-गंगा के मैदान में प्रदूषण अक्टूबर से फ़रवरी तक बना रहता है। पिछली सर्दी में 1 अक्टूबर 2025 से 28 फ़रवरी 2026 के बीच दिल्ली में केवल सात दिन ऐसे रहे, जब हवा 'अच्छी' या 'संतोषजनक' श्रेणी में थी। वैज्ञानिक इसकी वजह दो चीज़ों के मेल को मानते हैं। पहली, उत्सर्जन के वे स्रोत जो साल भर चलते हैं। दूसरी, सर्दी का मौसम, जो धुएं को ज़मीन के पास क़ैद कर देता है। पटाखों पर रोक कुछ दिनों की राहत दे सकती है, पर हवा तभी सुधरेगी जब वाहन, उद्योग, कोयला, पराली और धूल जैसे स्रोतों पर साल भर काम हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. मोनिका शर्मा



आपराधिक आंकड़े बढ़ाता है क्षणिक आक्रोश

तकनीकी विकास और जीवनशैली के मोर्चे पर बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में मानवीय व्यवहार में उपजा बेवजह का आक्रोश आपराधिक आंकड़े रहा है। सहज सी बातों को लेकर हो रहे विवाद जान लेने तक जा पहुंच जाते हैं। विवेक और आत्म-नियंत्रण को खो देने के परिणामस्वरूप मन-मस्तिष्क का यह अंधकार और विस्तार ही पा रहा है। हाल में हरियाणा के फरीदाबाद में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में सिंगापुर की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत परमजीत धनखड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वैवाहिक समारोह में शामिल होने भारत आए परमजीत की मात्र पार्किंग की जगह और वहां कुत्ते को शौच कराने की बात को लेकर हुई कहासुनी के कारण जान ले ली गई। इन्हीं दिनों अहमदाबाद में सब्जी को लेकर हुए मामूली विवाद में पत्नी ने अपने सेवानिवृत्त फौजी पति की चाकू मारकर हत्या कर दी। वहीं कानपुर में भी क्षणिक आक्रोश के कारण हुई एक दर्दनाक घटना में पानी मांगने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के सिर पर लकड़ी का पटरा मारकर उसकी हत्या कर दी। क्षणिक आक्रोश यानी पल भर का क्रोध समाज और परिवार में गंभीर अपराधों का अहम कारण बन गया है। पल भर के गुस्से में लोग दूसरों का जीवन छीनने से नहीं चूक रहे।

इतना ही नहीं, क्षणिक आवेश में स्वयं अपनी जान लेने के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। कभी पालतू जानवरों को लेकर कहासुनी तो कभी बच्चों से जुड़े मामलों पर बहसबाजी। कहीं पड़ोसियों में घर की बाड़ या दीवार को लेकर विवाद तो कहीं एक ही घर के करीबी संबंधियों में तकरार। कहीं सड़क पर गाड़ी का छू जाना या आगे निकल जाना तो कहीं दुकान पर लेन-देन को लेकर कहासुनी होना। आम सी बात पर शुरू हुई नोकझोंक के कारण आया क्रोध लोगों को जीवन भर के लिए सलाखों के पीछे धकेलने वाला साबित हो रहा है। साथ ही मन-मस्तिष्क की क्षणिक दिशाहीनता किसी अन्य का जीवन समाप्त करने की वजह तो बनती ही है। विडम्बना ही है कि मामूली विवाद भी हिंसक रूप ले रहे हैं। जिसके चलते छोटी सी बात बड़े अपराध के रूप में सामने आती है। चिंतनीय है कि क्षणिक रोष और असंतोष का यह मेल महानगरों से लेकर गांवों-कस्बों तक आपराधिक घटनाओं के आंकड़े बढ़ा रहा है। शिक्षित और अशिक्षित हर वर्ग, हर उम्र के लोग इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो और कई सामाजिक अध्ययनों के साझे आंकड़े बताते हैं कि बहुत से मामलों में हत्या, हत्या के प्रयास और गंभीर मारपीट की घटनाएं किसी पुरानी दुश्मनी के कारण नहीं, बल्कि मामूली सी बात पर उपजे आक्रोश के कारण होती हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार साल 2022 में हत्या के सबसे अधिक मामलों का कारण मामूली विवाद था। पुलिस रिकॉर्ड भी बताते हैं कि कई घटनाओं के पीछे कोई सुनियोजित साजिश नहीं होती। बड़ी संख्या में हत्याओं का कारण उस पल में उपजा गुस्सा ही होता है। ध्यातव्य है कि कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रोड रेज की घटनाओं के कोई आंकड़े ही नहीं रखता था। पहली बार साल 2016 में इस श्रेणी में आने वाले आंकड़े जुटाए गए। या यूं कहें कि जुटाने पड़े क्योंकि गली-मोहल्लों से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक ऐसी घटनाएं होने लगीं। अब तो तात्कालिक गुस्से के कारण सड़क से लेकर सामाजिक-पारिवारिक समारोहों तक, आए दिन ऐसे दर्दनाक मामले देखने में आ रहे हैं।वस्तुतः, यह क्षणिक दिशाहीनता समग्र समाज के लिए चिंता का विषय है। वैचारिक मतभेद के प्रति असहिष्णु होने, अहंकारी सोच और सोशल मीडिया के कारण वर्चुअल छवि को देखने-जीने के आदी होते लोग मामूली कहासुनी के कारण अपराध कर रहे हैं।

हालांकि बाद में पछतावा ही हाथ आता है। अहमदाबाद के मामले में घटना के बाद पत्नी ने स्वयं अपने देवर को बताया कि झगड़े के दौरान उसने अपने पति के सीने में चाकू मार दिया है। साथ ही वह बेहोश हुए पति को इलाज के लिए अस्पताल भी ले जा रही है। समझना कठिन नहीं, आवेग का ज्वार उतरते ही हर इंसान को अपनी भूल समझ आती है पर कई घटनाओं में भूल सुधारने का कोई रास्ता नहीं बचता। निस्संदेह, छोटी सी बात को लेकर हत्या और बर्बरता से मारपीट करने के दिल दहलाने वाले आपराधिक आंकड़े बदलते मानवीय व्यवहार को लेकर कई प्रश्न उठाते हैं। बात परिस्थिति की हो या कोई विशेष कारण। हर जगह अपनी बात कहने-मनवाने के व्यवहार का जड़ें जमाना वाकई दुःखद है। ऐसे में संयम, सहज बर्ताव और सधा संवाद ही ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा सकता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती हैं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

जब कोई गलती हो जाए तो उसे स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

अंतर्मन



आज की पाती

विज्ञान का ज्ञान मानव हित के लिए प्रयोग हो

10 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शांति और विकास भी है। अर्थात शांति और विकास के कामों में विज्ञान की भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना इसका उद्देश्य है। अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। विज्ञान ने इनसान की जिंदगी बहुत आरामदायक बना दी है। संचार क्रांति, डिजिटल क्रांति और अन्य बहुत सी भौतिकतावादी वस्तुएं जो विज्ञान की तरफ से हमें मिली हैं, वो हमारे लिए सुख तो पहुंचाती हैं, लेकिन इनमें से बहुत सी हमारे लिए नुकसानदायक भी हैं। विज्ञान और नई तकनीक का प्रयोग उचित तरीके से किया जाए तो वो वरदान है, अन्यथा वो अभिशाप बनेगी। - *शालु समरवाल, पानीपत*

करंट अफेयर

रूस के अखबार ने तीन दशक बाद मॉस्को कार्यालय किया बंद



रूस के सबसे चर्चित स्वतंत्र समाचार पत्रों में शामिल 'नोवाया गजेटा' ने सरकारी अधिकारियों के लगातार दबाव का हवाला देते हुए सोमवार को मॉस्को स्थित अपना कार्यालय बंद कर दिया। यह रूस में क्रेमलिन की आलोचना करने वाला आखिरी सक्रिय प्रमुख स्वतंत्र मीडिया संस्थान था। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा फरवरी 2022 में यूक्रेन में सैनिक भेजे जाने के बाद अन्य स्वतंत्र मीडिया संस्थान या तो बंद हो गए थे या अपना कामकाज विदेशों से करने लगे। अखबार ने 30 अक्टूबर को जारी एक बयान में कहा कि रूस के अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने उसके संपादकीय दल को कामकाज बंद करने के लिए मजबूर किया है। 'नोवाया गजेटा' ने कहा, 'इस देश में मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया है और अब उनका बचाव करने को अपराध माना जाता है। चुनाव और निर्वाचित संस्थाओं को प्रभावी रूप से खत्म कर दिया गया है, नागरिक संस्थानों का सफाया हो चुका है और अंतरात्मा की स्वतंत्रता तथा मानवीय गरिमा को पैरों तले कुचल दिया गया है।' नोवाया गजेटा' 1993 में शुरू हुआ था और जल्द ही अपनी पत्रकारिता और रूस में मानवाधिकारों के उल्लंघन व भ्रष्टाचार को उजागर करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने लगा।

ऑफ बीट

कैंसर की शुरुआती पहचान 'गैलरी' जांच से संभव



गैलेरी जांच शुरुआती अवस्था में एक साथ कई प्रकार के कैंसर का पता लगाने वाली जांचों की एक नयी श्रेणी में शामिल है। ये जांचें कैंसर का निश्चित निदान नहीं करतीं। यदि जांच में कैंसर होने का संकेत मिलता है, तो इसकी पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जरूरी होती है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति को वास्तव में कैंसर है या नहीं और यदि है, तो वह किस प्रकार का है। इसे बीमारी की शुरुआती पहचान के लिए की जाने वाली जांच के रूप में पेश किया जाता है। इसकी तुलना स्तन कैंसर की पहचान के लिए मैमोग्राफी या प्रोस्टेट कैंसर की जांच के लिए पीएसए जांच से की जा सकती है। गैलेरी का संभावित लाभ यह है कि इससे एक ही बार में कई तरह के कैंसर का पता लगाने की कोशिश की जाती है। गैलेरी जांच खून में मौजूद डीएनए के उन छोटे-छोटे अंशों की तलाश करती है, जिनका संबंध कैंसर से होता है। जब किसी व्यक्ति के डीएनए में गड़बड़ी आती है, तो इसकी वजह वंशानुगत उत्परिवर्तन या पर्यावरण से जुड़ा कोई कारक हो सकता है। ऐसी गड़बड़ी से कोशिकाओं के विभाजन को नियंत्रित करने वाली प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप कोशिकाओं का अनियंत्रित विभाजन शुरू हो सकता है और कैंसर कोशिकाएं पनपने लगती हैं।

ट्रेंड

मुफ्त एलपीजी सिलेंडर



दिल्ली की मेरी लाखों माताओं और बहनों को दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर का उपहार मिलने पर हार्दिक बधाई। आज 15 लाख से अधिक राशन कार्ड धारक परिवारों के बैंक खातों में सीधे 142 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई, ताकि उन्हें मुफ्त एलपीजी सिलेंडर मिल सके।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

वायु प्रदूषण



हम वायु प्रदूषण के मामले में 'विश्वगुरु' क्यों बनते जा रहे हैं? अधूरे उपाय, दिखावे के काम, झूठे वादे और एक-दूसरे पर आरोप लगाना - यही तो भाजपा की पहचान बन गई है! पीएम मोदी ने इसे एक "बड़ी चुनौती" बताया था, लेकिन उनकी सरकार ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया है!
- **मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

जनता का समर्थन



आज, जब भारत दुनिया के मंच पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और तमाम बाधाओं व तूफानों को पीछे छोड़ रहा है, तो कांग्रेस पार्टी जिसने जनता का समर्थन खो दिया है, इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है
- **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, बीजेपी

हालात बदतर



यह दुखद और निंदनीय है कि केंद्र और दिल्ली सरकार उस प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है, जो दिल्ली का दम घोंट रहा है। हालात हमेशा से खराब थे। एक दशक में ये और भी बदतर हो गए हैं।
- **पी. चिदंबरम,** सांसद, राज्यसभा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय में संतुष्टिपूर्ण समाधान हो

कलेक्टर ने की स्वामित्व योजना और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा



जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने मंगलवार सुबह आयोजित बैठक में स्वामित्व योजना और सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजना के तहत रजिस्ट्री कार्यों की स्थिति और सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का अनुविभागवार जायजा लिया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को स्वामित्व योजना के काम में तेजी लाने और तय लक्ष्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही नहीं बरतने को कहा। उन्होंने प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय में संतुष्टिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह और अखिलेश सिंह सहित जिले के सभी एसडीएम मौजूद रहे।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं आमजन की समस्याएं

35 आवेदन प्राप्त, अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 9 दोबारा प्रस्तुत किए गए आवेदन भी शामिल हैं। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की समस्या सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में नामांतरण, सीमांकन, कब्जा, संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता, पेंशन सहित विभिन्न व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सिंह गहलोत, अपर कलेक्टर नीता राठौर, रविशंकर राय, शैलेंद्र सिंह एवं अखिलेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बरगी में 200 साल पुरानी परंपरा

मुस्लिम परिवार मनाता आ रहा हिंदू त्योहार

जबलपुर। धर्म और मजहब से ऊपर उठकर आपसी प्रेम और सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल बरगी बांध क्षेत्र के ग्राम मनखेड़ी में देखने को मिल रही है। यहां एक मुस्लिम मालगुजार परिवार पिछले करीब 200 वर्षों से हिंदू धार्मिक एवं पारंपरिक त्योहार पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाता आ रहा है। इस परंपरा की शुरुआत स्वर्गीय खुदा बख्श मालगुजार ने की थी। इसके बाद स्वर्गीय कल्लू मालगुजार और स्वर्गीय अहमद मालगुजार ने इसे आगे बढ़ाया। वर्तमान में 75 वर्षीय अब्दुल हफीज खान मालगुजार इस विरासत को संभाल रहे हैं। परिवार के युवा सदस्य परवेज खान, अफरोज खान और फिरोज खान भी आयोजन की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। परिवार दीपावली, भाई दूज सहित अन्य पारंपरिक पर्वों को मिल-जुलकर मनाता है। इस अवसर पर ग्राम बैगा संतोष आदिवासी, कोटवार डुमारी झरिया, दिमाग कोकडे, डुमारी सोनी, गोपाल पटेल, कृपाल गोंड, हरिप्रसाद ऊके, रोहिणी झरिया एवं रामाधार गोठरिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। करीब दो शताब्दियों से चली आ रही यह परंपरा गांव में आपसी भाईचारे, प्रेम और सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश दे रही है।



सम्राट लक्ष्मीकर्ण कलचुरी का राज्याभिषेक दिवस मनाया

जबलपुर। जय क्षात्रधर्म सोशल फाउंडेशन द्वारा सोमवार को महाराणा प्रताप भवन, क्षत्रिय सभा रानीताल में सम्राट लक्ष्मीकर्ण (कर्णदेव) कलचुरी का राज्याभिषेक दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। आयोजकों के अनुसार, विक्रम संवत 1098 (1041 ईस्वी) में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को उनका त्रिपुरी राज्य के सिंहासन पर राज्याभिषेक हुआ था। सम्राट लक्ष्मीकर्ण ने जबलपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में 84 तालाबों का निर्माण करवाया था। उनके द्वारा त्रिपुर सुंदरी मंदिर, अमरकंटक के शिव मंदिरों की श्रृंखला और कर्णमेरु मंदिर का निर्माण भी कराया गया था।समारोह में क्षत्रिय सभा रानीताल के रज्जन सिंह बैस, सरदार सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह पवार, रामेश्वर सिंह चौहान, अजय कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह राजपूत तथा क्षत्रिय परिवार अधारताल के मनोज सिंह भदौरिया, जनार्दन सिंह बैस एवं प्रेम सिंह सिसोदिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। आयोजन में फाउंडेशन के दीपक सिंह परिहार, अमन सिंह ठाकुर, रत्नेश सिंह ठाकुर, मनीष सिंह ठाकुर, विकास सिंह ठाकुर एवं आकाश सिंह ठाकुर की सहभागिता रही।

सांसद तन्खा से मिला मुस्लिम समाज का प्रतिनिधिमंडल

जबलपुर। शाह नाला क्षेत्र में आवागमन की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर जबलपुर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा से मुलाकात की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुहम्मद कदीर सोनी एवं कांग्रेस नेता अकबर खान सरवर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने सांसद को अपनी समस्या से अवगत कराया।



प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शाह नाला क्षेत्र में आवागमन की परेशानी लंबे समय से बनी हुई है, जिससे स्थानीय नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए पहल करने की मांग की। सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद याकुब अंसारी, गुड्डू नबी, वकील अंसारी, आरिफ बेग, पप्पू वसीम खान, अशरफ मंसूरी, तारिक रजा, बंटी खान, असफाक कुरैशी, सूरज घंघोरिया, शहबुद्दीन, नदीम अईया, मनीष, गोलू, आकिब, बरकात अली, परवेज धोशी एवं अफजल बाबा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।



श्री 1008 समवशरण महामंडलीय विधान का भूमिपूजन 12 नवंबर को

जबलपुर। श्री 1008 समवशरण महामंडलीय विधान का भूमिपूजन 12 नवंबर को प्रातः 7 बजे पीएनटी ग्राउंड, रानीताल चौक के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रबुद्धसागर, मुनिश्री निष्कंपसागर, मुनिश्री निष्कामसागर, आर्यिका गुरुमति माताजी एवं आर्यिका दृढ़मति माताजी के सानिध्य में तथा वाणीभूषण विनय भैया के निर्देशन में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर 10 नवंबर को मुनिश्री निष्कंपसागर एवं मुनिश्री निष्कामसागर के ससंघ सानिध्य में बैठक आयोजित की गई। इसमें सुनील मंगलाहाट, पवन चौधरी, अतुल दानी, मनोज जैन (सीए), कल्लू पंचम, मनोज सेठ, अनिल जैन गुड्डा, सौरव जैन (नन्नू), अनिल बारदाना, मोनू एम्परेश, स्वर्णिम जैन, राजू सोधिया, तनु चौधरी, सुनील जैन (अल्ली), रोहित जैन (चावल वाले), सोनू वर्गी, विकास चौधरी, तनिष्क जैन, मंजेश जैन एवं जित्तू जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। पार्षद अतुल जैन दानी ने सकल जैन समाज से भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

भगवान जगन्नाथ को अर्पित किए 56 भोग, साहू समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव



जबलपुर। वात्री साहू समाज द्वारा संचालित श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा पर साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में भगवान जगन्नाथ स्वामी, श्री बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का विधि-विधान से पूजन एवं आरती कर 56 भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, मुकेश चौधरी, मुखिया मेहते राजेंद्र साहू, रविशंकर साहू, हरीश साहू, राजेश साहू पप्पू, नरेंद्र साहू, राकेश साहू, पप्पी साहू, सुरेश साहू, श्रीकांत साहू, विशाल साहू, निशांत साहू, सीताराम साहू, राजू साहू, एडवोकेट अर्जुन साहू, जवाहर साहू, पस्सीलाल साहू, सुभाष साहू, गुड्डा साहू, आकाश साहू, विमलेश साहू, राजकिरण साहू एवं रामेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।



गोवर्धन पूजा पर गौ माता की पूजा-अर्चना, लाठी-शैला का किया प्रदर्शन

जबलपुर। आदर्श नगर कटंगा में 9 नवंबर 2026 को यादव समाज द्वारा परिवा एवं गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में विधि-विधान से गौ माता की पूजा-अर्चना कर सनातन परंपरा का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक लाठी, शैला सहित विभिन्न खेलों का प्रदर्शन कर उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम में भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, किशोरी लोधी, राजेन्द्र यादव, खेमचंद धनगर, राजू यादव, प्रवीण धनगर, कृष्ण कुमार यादव, कैलाश यादव, अरुण चंद्रवंशी, अरुण यादव, राजेन्द्र यादव कजरवारा, संतोष यादव, राजकुमार यादव, मन्नू पटेल, नरेश यादव, घनश्याम यादव, गोलू यादव एवं राकेश यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। आयोजन में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

जबलपुर जिला क्रिकेट टीम की कमान अथर्व शर्मा को

जबलपुर। जेडीसीए के तत्वावधान में आयोजित संभाग स्तरीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मेजबान जबलपुर जिला टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कप्तानी अथर्व शर्मा को सौंपी गई है, जबकि आर्यन पटेल उपकप्तान होंगे।टीम में श्लोक दुबे, ओझा सहारा, शोर पारेता, सक्षम वर्मा, अनंत कुशवाहा, श्रेयांश पांडे, कौशिक सिंह, असलन अली, उमंग शर्मा, आरव राजपूत, विनायक पांडे, अंश शर्मा, रुद्राक्ष मिश्रा एवं वंश जैन शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ियों में रुद्रा विश्वकर्मा, यश रजक, विनय यादव एवं लक्ष्य नामदेव को रखा गया है। सभी चयनित खिलाड़ी 11 नवंबर को शाम 4 बजे रानीताल मैदान पर चयनकर्ता राहुल जैन से संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता का पहला दो दिवसीय मुकाबला 12 एवं 13 नवंबर को बालाघाट और सिवनी के बीच सुभाष ग्राउंड, खमरिया में सुबह 9 बजे से खेला जाएगा।



60 बच्चों के चेहरों पर बिखेरी दीपावली की खुशियां

जबलपुर। दीपावली के पावन पर्व पर बिलखिरवां गांव स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में समाजसेवी हेमंत बड़गैया एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम बड़गैया ने लगभग 60 बच्चों को पटाखे और मिठाइयां वितरित कर उनके साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उल्लेखनीय है कि बड़गैया दंपती पिछले कई वर्षों से दीपावली पर यह सेवा कार्य निरंतर कर रहे हैं। हेमंत बड़गैया ने कहा कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर आत्मिक आनंद मिलता है। दीपावली का वास्तविक उत्सव तभी सार्थक है, जब हम अपनी खुशियों में दूसरों को भी सहभागी बनाएं। ऐसे प्रयास समाज में प्रेम, सद्भाव और अपनत्व की भावना मजबूत करते हैं। इस सेवा कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की। कार्यक्रम में मंदिर अध्यक्ष उषा तिवारी, विक्की उपाध्याय, अभिनय तिवारी एवं नारायण विश्वकर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



अमावस्या पर हुई चेरीताल के प्राचीन खेरमाई मंदिर में माता महाकाली की महाआरती

जबलपुर। चेरीताल स्थित प्राचीन खेरमाई मंदिर में दीपावली की अमावस्या के पावन अवसर पर माता महाकाली की महाआरती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित की गई। मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता खेरमाई एवं महाकाली की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर के रामस्वरूप रजक ने बताया कि प्रत्येक अमावस्या को माता महाकाली की आरती की जाती है, लेकिन दीपावली होने के कारण इस बार विशेष आयोजन किया गया। महाआरती के बाद माता को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर रामस्वरूप रजक, रमेश रजक, दिनेश पटेल, लालू नामदेव, आनंद पटेल, प्रिंस ठाकुर, अजय रजक, प्रदीप रजक, राज मिस्त्री, भरत रजक, विवेक रजक, पवन रजक, सचिन पटेल एवं अरुणेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

गोवर्धन पूजन महोत्सव एवं गौ पूजन समारोह आयोजित

जबलपुर। गोवर्धन पूजन महोत्सव एवं गौ पूजन समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील इंदु तिवारी एवं श्रीमती माया तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर श्रीवृद्धि गुरु गौशाला के संचालक ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल दीक्षित, श्रीमती प्रियदर्शनी दीक्षित, श्रीमती प्राची, अशोक दहरिया, कमलेश चडार, राम रघुवंशी, मदन अवस्थी एवं हर्षवर्धन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गौभक्त एवं सेवकजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में भगवान श्री गिरिराज धरण गोवर्धन का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके साथ ही गौ माता की पूजा कर सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन हुआ।

वक्ताओं ने गौ माता के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौसेवा और संरक्षण का संदेश दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

सरकारी गौशालाओं में गोवंश नहीं, व्यवस्थाएं भी बदहाल : सत्येंद्र सिंह

नवागत कलेक्टर से मिले विहिप पदाधिकारी

जबलपुर। विश्व हिंदू परिषद के महाकौशल प्रांत के पदाधिकारियों ने नवागत कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से कलेक्टर कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस दौरान जिले में गोवंश संरक्षण, सरकारी गौशालाओं की बदहाल व्यवस्था और सड़कों पर घूमते गोवंश की समस्या से उन्हें अवगत कराया गया। विहिप के प्रांत गौरक्षा प्रमुख एडवोकेट सत्येंद्र सिंह ने कहा कि नगर निगम सीमा की प्रमुख सड़कों पर गोवंश के विचरण से यातायात दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसमें गोवंश भी घायल होते हैं। इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। वहीं प्रांत गौरक्षा ट्रस्ट के विनोद शिवहरे ने कहा कि जिले की सरकारी गौशालाएं जर्जर स्थिति में हैं और उनका संचालन व्यवस्थित नहीं है। सरकारी स्वामित्व वाली गौशालाओं में व्यवस्थाएं सुधारने और गोवंश संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विहिप के प्रांत विधि संयोजक एडवोकेट कृष्णदेव सिंह, प्रांत गौरक्षा प्रमुख सत्येंद्र सिंह, गौरक्षा ट्रस्ट के विनोद शिवहरे एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उमेश शुक्ला उपस्थित रहे।



न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरियाकला
तहसील शहपुरा भिटौनी जिला जबलपुर
रा.प्र.क./0325/अ- 6/20.26.27
ग्राम :- मनकेड़ी प.ह.नं. 22
रा.नि. मं.- पिपरियाकला

आमइश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम मनकेड़ी प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. पिपरियाकला तहसील शहपुरा जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सीमा कोठारी पति ब्रिज गोपाल कोठारी निवासी 5 वी जजेस कोर्ट अलीपुर के द्वारा रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ हकत्यागपत्र/ दानपत्र/ फौती नामांतरण क्रमांक/ दिनांक....के माध्यम से ग्राम मनकेड़ी प.ह.नं.22 रा.नि.मं. पिपरियाकला तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 311 रकवा. 2.41 हे. में से 2.41 हे. भूमि क्रय / दान/ हक प्राप्त करने पश्चात क्रय / दान /फौती नामांतरण/ हक प्राप्त की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः उपरोक्त क्रय/दान / फौती नामांतरण/ हक प्राप्त गई भूमि का नामांतरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 13 /11 / 26 को न्यायालय में स्वयं या अधिकृत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से अपनी दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के उपरान्त प्राप्त किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 5/11/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

पेशी दिनांक :- 13/11/26

शील

नायब तहसीलदार
पिपरियाकला

निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल आपातकालीन बचाव व्यवस्था का होना जरूरी

एनएमडीसी स्टील प्लांट में हादसाः खौलते हॉट मेटल की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत, वारदात के बाद काम कर रहे श्रमिकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नगरनार में स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में मंगलवार को एक दर्दनाक औद्योगिक हादसा हुआ। इसमें काम करने के दौरान 30 वर्षीय मंगल साई नेताम की मौत हो गई। वह खौलते हॉट मेटल की चपेट में आने से मौके पर ही जिंदा जल गया। मृतक मंगल साई नेताम देवड़ा इलाके का निवासी था।



बेहद खौफनाक मंजर

इस भयावह घटना की जानकारी सामने आने के बाद प्लांट परिसर में हड़कंप मच गया। एक युवा कर्मचारी की इस तरह दर्दनाक मौत ने औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि स्टील प्लांट में हॉट मेटल से जुड़े कार्य बेहद जोखिम भरे होते हैं। यहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए विशेष सुरक्षा उपकरण, निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपातकालीन बचाव व्यवस्था का होना बेहद जरूरी है।

हादसे के बाद उठे सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल

हादसे के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या संबंधित कार्यस्थल पर सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। क्या मृतक कर्मचारी को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए थे, यह भी एक बड़ा प्रश्न है। दुर्घटना की स्थिति में तत्काल बचाव के पर्याप्त इंतजाम मौजूद थे या नहीं, इस पर भी गंभीर चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं। मंगल साई नेताम की मौत ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि औद्योगिक उत्पादन और कार्य की गति के बीच श्रमिकों की सुरक्षा को कितनी प्राथमिकता दी जाती है। अब सभी की नजरें इस दर्दनाक घटना की विस्तृत जांच पर टिकी हैं। प्लांट प्रबंधन की ओर से सामने आने वाले आधिकारिक पक्ष का इंतजार किया जा रहा है। यह जांच करेगी कि क्या सभी सुरक्षा नियम और उपकरण मौजूद थे। हादसे के कारणों का पता लगाना भी जांच का मुख्य बिंदु होगा। भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर भी विचार किया जाएगा।

चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन

हमारे पर्व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहचान, मप्र सरकार चित्रकूट सहित धार्मिक स्थलों का कर रही सर्वांगीण विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- सीएम ने बच्चों को दीपावली के उपहार प्रदान किए
- भक्तों की सुविधा के लिए बने पीपा पुल का किया अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक 81.17 करोड़ से निर्मित होने वाली फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क श्रद्धालुओं और पर्यटकों की यात्रा को सुगम बनाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के उपहार प्रदान किए। समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाए गए पीपा पुल का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ओरछा के बाद चित्रकूट पहुंचे थे। उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कहा कि आज रूप चौदस का पावन दिन है। हम सब दीपावली का पर्व हर्ष और उल्लास से मना रहे हैं। हमारे पर्व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पहचान हैं। मध्यप्रदेश सरकार चित्रकूट सहित प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों का सर्वांगीण विकास कर रही है। उज्जैन के महाकाल लोक की तरह ओरछा में राम राजा लोक और चित्रकूट में भव्य वनवासी राम लोक का निर्माण किया जाएगा। चित्रकूट में भगवान राम ने अपने वनवास काल के 11 वर्ष से अधिक का समय बिताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की तपोभूमि है।



चित्रकूट धाम से गुप्त गोदावरी तक फोरलेन सड़क निर्माण का भूमि पूजन।

सीएम ने किए कामतानाथ के दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चित्रकूट धाम में दीपावली के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय दीपोत्सव मेला में शामिल होकर मां मंदाकिनी नदी के पंचवटी घाट पर दीपदान किया। दीपावली में चित्रकूट में लाखों श्रद्धालु दीपदान कर रहे है। मुख्यमंत्री ने भगवान कामतानाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन और पूजा अर्चना की।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को मिठाई बांटी और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सड़क के किनारे दीपदान के लिए दीपक बेचने वाले बच्चों से स्नेह के साथ बातचीत की और दीपक खरीदें। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा और आकस्मिक चिकित्सा के लिए बनाए गए स्वास्थ्य शिविर का जायजा लिया।

ओंकारेश्वर में शंकराचार्य को उनके गुरु मिले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ओंकारेश्वर में जगतगुरु शंकराचार्य को उनके गुरु मिले और उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। इस नाते मप्र भारत के प्राचीन युग में हुई प्रमुख घटनाओं और गौरवशाली व्यक्तित्वों की शिक्षा और कर्मभूमि है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कामतानाथ भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना के बाद आमजन से संवाद किया। उन्होंने साथ सडक के किनारे चाय की दुकान पर सहजता से कुल्हड़ वाली चाय पी। उन्होंने दुकान पर चाय भी बनाई। चाय के दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से चर्चा की।

सीएम ने ओरछा में किया प्रदर्शनी का अवलोकन स्थानीय उत्पादों एवं बुंदेली कला को सराहा

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओरछा में हाथी साव सुपारी साव परिसर में लगाई गई विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर स्थानीय इतिहास, संस्कृति, पारंपरिक खाद्य उत्पादों, औषधीय फसलों एवं स्थानीय कला से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में शामिल सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रत्येक प्रदर्शनी स्टॉल के प्रतिभागियों को 5-5 हजार रुपए की नगद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित मानचित्र का अवलोकन किया तथा सीतामढ़ी सहित क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय जन जीवन, क्षेत्र की विशेषताओं एवं परंपराओं के संबंध में भी जानकारी ली।



सीएम ने ओरछा में किया प्रदर्शनी का अवलोकन।

चित्रकारी का प्रदर्शन कर रही बालिकाओं से संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदर्शनी में बुंदेली कला एवं चित्रकारी का प्रदर्शन कर रही बालिकाओं से संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं की ओर से तैयार की गई पेंटिंग्स का अवलोकन किया तथा उनकी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। मुख्यमंत्री ने उनकी बनाई हुई कुछ पेंटिंग्स स्वयं खरीदीं कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्थानीय कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सभी बालिकाओं के प्रयासों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने हाथी साव सुपारी साव परिसर में पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से स्थानीय उत्पादों, पारम्परिक खानपान, औषधीय वनस्पतियों एवं बुंदेली कला को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत करने के प्रयासों की सराहना की।

सांस्कृतिक पुनरुद्धार और पर्यटन विकास कार्य

ओरछा के सांस्कृतिक गौरव के पुनरुद्धार और पर्यटन विकास के लिए कुल 239.87 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत 126.96 करोड़ रुपए की लागत से भव्य 'श्री रामराजा लोक' का निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही स्टेट आर्कियोलॉजी से 7.5 करोड़ रुपए, स्टेट टूरिज्म से 19.73 करोड़ रुपए तथा अन्य विशेष अनुभव व विकास कार्यों को भी तीव्र गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। स्थानीय धरोहरों के संरक्षण से जुड़े कार्यों के तहत लक्ष्मी मंदिर की चारदीवारी निर्माण, रायप्रवीण महल व उद्यान, नजीर बाग एवं फूल बाग संरक्षण कार्य तथा राजा महल संरक्षण एवं बाउंड्री वाल निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

पारंपरिक व्यंजन देखे

उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित स्थानीय खाद्य उत्पादों एवं पारंपरिक व्यंजनों को देखा। उन्होंने मोटे अनाज से तैयार खाद्य पदार्थों, तुलसी की खेती एवं उससे बनने वाली चाय, औषधीय फसलों तथा अन्य स्थानीय उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इन उत्पादों के उपयोग, स्वास्थ्य लाभ एवं स्थानीय स्तर पर इनके उत्पादन की संभावनाओं के संबंध में भी रुचि दिखाई।

संदेही रिश्तेदार पुलिस हिरासत में

पांच साल के मासूम बच्चे की निर्मम हत्या के बाद खेत में छिपाया शव

ग्रामीणों में रोष और दहशत का माहौल, पुलिस कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

जिले के सन्ना थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पांच साल के मासूम बच्चे की निर्मम हत्या कर दी गई और उसके शव को खेत के गड्ढे में छिपा दिया गया। बच्चे का शव बरामद होने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों के बीच गहरा आक्रोश और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। पुलिस ने मामले में बच्चे के संदेही ममेरे चाचा को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

सन्ना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सन्ना में 7 नवंबर की सुबह ग्रामीणों को खेत में बने एक गड्ढे में बच्चे का शव दिखाई दिया। मृतक मासूम की पहचान लोढ़ेनापाठ निवासी पांच वर्षीय जितेंद्र राम के रूप में की गई। हत्यारों ने अपराध को छिपाने के लिए बच्चे के शव को बोरी, कंबल और गोदरी में लपेटकर गड्ढे में फेंक दिया था।

इस खौफनाक दृश्य को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत सन्ना थाना पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को अपने संरक्षण में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मासूम जितेंद्र राम की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए बच्चे के रिश्तेदार वासुदेव उर्फ टांगनु को हिरासत में लिया है। संदेही वासुदेव रिश्ते में बच्चे का ममेरा चाचा बताया जा रहा है।

पुलिस कर रही संदेही से लगातार पूछताछ

सन्ना थाना पुलिस की टीम संदेही से लगातार पूछताछ कर रही है, ताकि हत्या के पीछे के मुख्य कारणों और घटनाक्रम से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं का पता लगाया जा सके। हालांकि पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आरोपी की अंतिम संलिप्तता को लेकर जांच जारी है। पूरी पड़ताल के बाद ही हत्या की वास्तविक परिस्थितियों और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका पूरी तरह स्पष्ट होगी। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद बच्चे के शरीर से आंखें और किडनी गायब होने की चर्चाएं और आरोप भी सामने आए हैं। इन दावों के बाद क्षेत्र में विभिन्न तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं और लोगों में चिंता बढ़ गई है। हालांकि पुलिस और संबंधित अधिकारियों का कहना है कि अंग गायब होने से जुड़े इन आरोपों की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले की वास्तविक स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने और पुलिस की अग्रिम जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

पुलिस ने लोगों से आधिकारिक जानकारी आने तक किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया है।

वन्यजीव रेस्क्यू टीम पहुंची मौके पर, सुरक्षित रेस्क्यू

कुंडली मारकर बैठा था 6 फिट लंबा धमना सांप, अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बलगी स्थित एसईसीएल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां कुंडली मारकर बैठा 6 फीट लंबा धमना सांप दिखाई दिया। अचानक विशाल सांप पर नजर पड़ते ही अस्पताल स्टाफ और भर्ती मरीजों के परिजनों में हड़कंप मच गया। लोग डर के मारे वार्ड से बाहर भागने लगे। मामले की जानकारी तत्काल वन्यजीव रेस्क्यू टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को दी। सूचना मिलते ही जितेंद्र सारथी ने बिना समय गंवाए अपनी टीम के सक्रिय सदस्य बॉबी श्रीवास और संदीप मानिकपुरी को मौके पर भेजा। टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और बड़ी सूझबूझ व सावधानी के साथ इमरजेंसी वार्ड में बैठे लगभग 6 फीट लंबे धमना सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया।



प्राकृतिक वातावरण में सांप को छोड़ा

वहीं इसी दौरान बलगी क्षेत्र में एक और सांप निकलने की सूचना मिली। आशीष सिंह के घर में भी सांप घुस गया था। टीम ने तुरंत वहां पहुंचकर लगभग 5 फीट लंबे एक अन्य धमना सांप का भी सुरक्षित रेस्क्यू किया और उसे भी प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी ने बताया कि धमना सांप सामान्यतः विषहीन होता है। यह सांप चूहों जैसे जीवों को खाकर पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रदेश संयुक्त सचिव का सौंपा जिम्मा

डॉ. जीशान को आप ने सौंपी प्रदेश संगठन की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आप ने मप्र में संगठन को मजबूती देने के लिए चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. जीशान अहमद को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। नई दिल्ली स्थित पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में मप्र प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पर डॉ. अहमद ने नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ जिला, विधानसभा और वार्ड स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन को मजबूत करेंगे।

बायोमेडिकल कचरे के निपटान में नियमों का पूरी तरह पालन नहीं

बायोमेडिकल कचरा निपटान में लापरवाही पर एनजीटी सख्त, नियमों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे के सुरक्षित निपटान को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल(एनजीटी) ने सख्ती दिखाई है। प्रदेश के कई जिलों में नियमों का पूरी तरह पालन नहीं होने से बेंच ने निर्देश जारी किए हैं। बताया गया कि राजधानी में भी कई अस्पतालों द्वारा सामान्य कचरे के साथ बायोमेडिकल वेस्ट मिला दिया जाता है। एनजीटी ने इसे पर्यावरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा मानते हुए केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया है। सभी से आगामी छह सप्ताह में जवाब मांगा गया है।



सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के आधार पर लगी पिटीशन

एनजीटी की सेंट्रल जोनल बेंच में जितेश कुमार सिरोइया द्वारा दायर की गई याचिका में बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016, कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी के संशोधित दिशा-निर्देश-2016 और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 2025 के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन कराने की मांग की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि इन नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य है। इसी आधार पर एनजीटी अधिनियम की धारा 14, 15 और 20 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

12 जनवरी 2027 को होगी सुनवाईः अब इस पर जस्टिस श्योकुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की बेंच ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर छह सप्ताह में जवाब देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जनवरी 2027 को होगी।

28 नवंबर को 'जीवनदाता परिवार सम्मान 2026'

जीवन के बाद भी दूसरों को जीवन देने वाले परिवारों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन इसी दुख की घड़ी में लिया गया एक फैसला किसी दूसरे परिवार के जीवन में खुशियां लौटा सकता है। इसी सोच और सेवा भावना को सम्मान देने 2030 का भारत द्वारा 28 नवंबर को जीवनदाता परिवार सम्मान 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इसके साथ ही अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने वाले व्यक्तियों और इस पूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्थापक डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, हमारे समाज में किसी अपने को खोने का दर्द बहुत गहरा होता है। लेकिन ऐसे परिवार, जो अपने प्रियजन के जाने के बाद भी किसी दूसरे की जिंदगी बचाने का फैसला लेते हैं, वे वास्तव में मानवता की सबसे बड़ी मिसाल पेश करते हैं।

डॉ. मलिकराम ने कहा कि हम चाहते हैं कि अंगदान पर हर घर में बातचीत हो, लोग इसके महत्व को समझें और जरूरत पड़ने पर सही जानकारी के साथ निर्णय ले सकें। किसी के जाने के बाद भी उसका जीवन किसी दूसरे के लिए उम्मीद बन सकता है, इससे बड़ी मानव सेवा शायद ही कोई हो।

मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर किया था आरोपी को गिरफ्तार

बालकोनगर थाना क्षेत्र की बेलगढ़ी नाला बस्ती का मामला

नाबालिग से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पॉक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बालको पुलिस ने बालकोनगर थाना क्षेत्र की बेलगढी नाला बस्ती से एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने का आरोप है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

आरोपी की पहचान 23 वर्षीय साहिद खान उर्फ शाहिद हुसैन के रूप में हुई है, जो बेलगढी नाला बस्ती का निवासी है। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया था। साहिद खान काफी समय से मोहल्ले के लोगों को परेशान कर रहा था, जिसकी शिकायतें मोहल्ले वासियों ने कई बार की थीं। पुलिस ने पूर्व में भी उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी, लेकिन उसके आचरण में कोई सुधार नहीं आया था।



बार-बार मिल रही थी आरोपी के खिलाफ शिकायतें

बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि 13 तारीख को आरोपी ने बस्ती की एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की थी। उसने नाबालिग को गलत काम के लिए पैसे का प्रलोभन भी दिया था। पीड़िता के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। विरोध करने पर आरोपी ने मोहल्ले के 4 से 5 लोगों के साथ मारपीट भी की थी, जिस पर अलग से अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दो दिन पूर्व गिरफ्तार किया।

गुंडा-बदमाश की सूची में शामिल

थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि साहिद खान आदतन अपराधी है। एक वर्ष के भीतर उसके खिलाफ विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में कई मामले दर्ज हो चुके हैं। लगातार अपराधों में उसकी संलिप्तता को देखते हुए उसे गुंडा-बदमाश की सूची में शामिल किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई के लिए भी प्रस्ताव भेजा है।

खबर संक्षेप

दिवाली बलिप्रतिपदा पर बंद रहा शेयर बाजार

नई दिल्ली। दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार में अवकाश रहा। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में कारोबार नहीं हुआ। दोनों एक्सचेंजों पर इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव्स और सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट में भी ट्रेडिंग नहीं हुई।

एचपी ओमनीबुक 5, प्रोबुक 4 जी2आईएस लांच

नई दिल्ली। टेक्नोलॉजी कंपनी एचपी इंडिया ने दो नए लैपटॉप एचपी ओमनीबुक 5 और एचपी प्रोबुक 4 जी2आईएस पेश किए हैं। इन्हें छात्रों, रचनात्मक गतिविधियों से जुड़े युवाओं, कारोबारियों और मोबाइल प्रोफेशनल्स की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एचपी ओमनीबुक 5 खासतौर पर छात्रों की पढ़ाई और रचनात्मक कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है।

अमेजन प्रोग्राम से जुड़े 2 लाख क्रिएटर्स

बेंगलुरु। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन के इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम से जुड़ने वाले क्रिएटर्स की संख्या 2 लाख के पार पहुंच गई है। पिछले एक साल में इसमें दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनी क्रिएटर्स को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कमाई और कारोबार बढ़ाने के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रोग्राम के तहत क्रिएटर्स यूट्यूब और पिंटरेस्ट पर अपने कंटेंट में अमेजन के उत्पादों को टैग कर सकते हैं।

किआ साइरोस ईवी में 526 किमी तक की रेंज

मुंबई । किआ साइरोस ईवी, टाटा नेक्सन ईवी और महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ ईवी शामिल हैं। किआ साइरोस ईवी दो बैटरी विकल्पों में आती है। इसका 42 किलोवाट-घंटा वाला मॉडल 443 किलोमीटर, जबकि 51.4 किलोवाट-घंटा वाला मॉडल 526 किलोमीटर की प्रमाणित रेंज देता है। इसमें 30 इंच का पैनोरमिक डिस्प्ले, हवादार सीटें, छह एयरबैग और दूसरे स्तर की उन्नत चालक सहायता प्रणाली जैसे फीचर हैं।

सिग्मा का राजस्व 417 करोड़ रुपए पहुंचा

हैदराबाद। सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन करते हुए 417.07 करोड़ रुपये का कंसोलिडेटेड ऑपरेशनल रेवेन्यू दर्ज किया है। यह पहली तिमाही के 374.27 करोड़ रुपए के मुकाबले 11.43 प्रतिशत अधिक है।

कैट ने ठेंगड़ी की 106वीं जयंती स्वदेशी संकल्प दिवस के रुप मनाया

विदेशी निर्भरता छोड़ो, स्वदेशी अपनाओ, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनाओ : भरतिया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

भारत की आर्थिक मजबूती का रास्ता विदेशी निर्भरता से नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादन, स्थानीय उद्योगों और छोटे व्यापारियों के सशक्तिकरण से होकर गुजरता है। महान राष्ट्रचिंतक एवं स्वदेशी अर्थव्यवस्था के प्रखर विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी का यही चिंतन आज आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी ताकत बन सकता है। यह बात स्वदेशी व्यापारी मंच के राष्ट्रीय संयोजक बालकृष्ण भरतिया ने ठेंगड़ी की 106वीं जयंती पर आयोजित स्वदेशी संकल्प दिवस के अवसर पर कही।


दत्तोपंत ठेंगड़ी

स्वदेशी व्यापारी मंच एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दत्तोपंत ठेंगड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारतीय उत्पादों को अपनाने, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने और देश के लघु एवं कुटीर उद्योगों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। भरतिया ने दो टूक कहा कि स्वदेशी केवल सामान खरीदने का नारा नहीं, बल्कि देश की आर्थिक आजादी, रोजगार और राष्ट्रीय स्वाभिमान की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि जिस अर्थव्यवस्था में किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष करे, मजदूर अपने अधिकारों के लिए जूझे और छोटा व्यापारी बड़े आर्थिक दबावों के बीच अपना अस्तित्व बचाने को मजबूर हो, उस अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ठेंगड़ी के विचारों को नीति और व्यवहार दोनों में उतारना होगा।

» छोटा व्यापारी मजबूत होगा तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा


कैट के राष्ट्रीय संयोजक बालकृष्ण भरतिया और भोपाल के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा

उन्होंने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने पूंजीवाद और साम्यवाद के बीच भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय आवश्यकताओं पर आधारित आर्थिक व्यवस्था का वैकल्पिक दर्शन दिया। भारतीय मजदूर संघ (1955), भारतीय किसान संघ (1979) और स्वदेशी जागरण मंच (1991) जैसे संगठनों की स्थापना के माध्यम से उन्होंने श्रमिकों, किसानों और स्वदेशी आर्थिक व्यवस्था को संगठित आवाज प्रदान की। भरतिया ने कहा कि आज भारत वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। ऐसे समय में देश को केवल बड़े उद्योगों की नहीं, बल्कि छोटे दुकानदारों, स्थानीय निर्माताओं, कुटीर उद्योगों और घरेलू उद्यमों की भी उतनी ही जरूरत है। भारतीय उत्पादों को बाजार में प्राथमिकता मिलेगी, तभी स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आर्थिक आत्मनिर्भरता का सपना साकार होगा।

देश की पूंजी देश में रहे स्थानीय कारोबार फले-फूले और किसान खुश रहे : धर्मेंद्र

कैट भोपाल के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी का आर्थिक चिंतन आज के व्यापारिक दौर में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। स्वदेशी उत्पादन, स्थानीय व्यापार और समाज के हर वर्ग की आर्थिक भागीदारी ही मजबूत राष्ट्र की बुनियाद है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करते हुए भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी करें और लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को केवल आयोजनों और नारों तक सीमित रखने के बजाय प्रत्येक नागरिक को इसे अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम में यह संदेश प्रमुखता से सामने आया कि देश की पूंजी देश में रहे, स्थानीय कारोबार फले-फूले और किसान, मजदूर एवं व्यापारी आर्थिक विकास के वास्तविक भागीदार बनें।

मुथूट फाइनेंस की बड़ी पहल

स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के लिए खर्च होंगे एक करोड़ रुपए



3.75 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की

» 13,411 विद्यार्थियों को अब तक 3.75 करोड़ की छात्रवृत्ति, एमजी जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती पर 11 नई सीएसआर परियोजनाएं शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुथूट फाइनेंस ने अपने पूर्व ग्रुप चेयरमैन स्वर्गीय एम.जी. जॉर्ज मुथूट की 77वीं जयंती पर सामाजिक सरोकारों से जुड़ी 11 नई सीएसआर परियोजनाओं की शुरुआत की है। कंपनी ने उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत के सरकारी स्कूलों में स्वच्छता सुविधाओं के उन्नयन के लिए 1 करोड़ रुपए खर्च करने की घोषणा की है। वहीं, पिछले एक दशक में कंपनी 13,411 से अधिक विद्यार्थियों को 3.75 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान कर चुकी है।

मुथूट ग्रुप के प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने नई दिल्ली स्थित कॉरपोरेट ऑफिस नॉर्थ में आयोजित कार्यक्रम में इन पहलों की घोषणा की। स्वच्छता परियोजना के तहत सरकारी स्कूलों में एक से चार तक शौचालय इकाइयों का निर्माण या नवीनीकरण किया जाएगा। इसमें छात्राओं के लिए सुरक्षित शौचालय और मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हरियाणा के करनाल जिले के बरौली स्थित सरकारी स्कूल में नया शौचालय ब्लॉक बनाकर शुरू किया गया है, जिससे करीब 800 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। कंपनी की सीएसआर पहल के तहत भोपाल के मिसरोद स्थित सरकारी स्कूल में 700 से अधिक विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल सुविधा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा फरीदाबाद, गोरखपुर और भोपाल के वृद्धाश्रमों एवं देखभाल संस्थानों को मोटराइज्ड व्हीलचेयर, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन जैसे उपकरण दिए गए हैं।

इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स एमडी डॉ. दीपक मित्तल लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस के आधिकारिक सम्मान भोज में हुए शामिल

आईटीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल को हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक विशेष भोज के लिए निमंत्रण प्राप्त हुआ। यह लंच नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित किया गया था। यह अवसर भारत की अपनी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण पल था, जो भारत की विकास गाथा में के वैश्विक कद को दर्शाता है।

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे बड़े और सफल कंपनियां उन दूरदर्शी लोगों द्वारा बनाई गयी हैं, जिनमें अपने साहसिक सपनों को अंतरराष्ट्रीय सफलता की कहानियों में बदलने का साहस था। आज, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का एक सशक्त उदाहरण है, जो वैश्विक स्तर पर एक सम्मानित नाम बन चुकी है।वर्ष 2026 में अपनी शानदार यात्रा के तीन दशक पूरे करने के साथ, आईटीएल ने राष्ट्रीय गौरव का एक विशेष मुकाम हासिल किया है। आईटीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. दीपक मित्तल को हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ओर से एक विशेष लंच के लिए निमंत्रण प्राप्त हुआ। यह भोज 27 अक्टूबर 2026 को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य इफटीए व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट के तहत द्विपक्षीय और आर्थिक सहयोग को मजबूत करना था।लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस एच.एस.एच. एलॉइस का भारत दौरा, जिसमें यूरोप के शीर्ष उद्योगपतियों का



एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल था, भारत और लिकटेंस्टीन के बीच तेजी से मजबूत हो रहे आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करता है। ऐतिहासिक 'भारत-व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट' के लागू होने के बाद, उच्च-स्तरीय चर्चाओं में मुख्य रूप से प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इनमें एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक तकनीक, सतत विकास और सीमा-पार व्यावसायिक निवेश जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यह अवसर एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसमें डॉ. दीपक मित्तल जैसे दूरदर्शी भारतीय व्यापारिक नेताओं की उपस्थिति रही। साथ ही, इसमें निजी क्षेत्र के दूरदर्शी नेताओं की अहम भूमिका रही, जिन्होंने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने, तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने और भारत तथा मध्य यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक मजबूत व्यावसायिक सेतु बनाने में योगदान दिया।इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ. दीपक मित्तल, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का तहे दिल से आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे लिकटेंस्टीन के क्राउन प्रिंस, एच.एस.एच. हेरेडिटरी प्रिंस एलॉइस के सम्मान में आयोजित इस विशेष लंच में आमंत्रित किया। ऐसे प्रतिष्ठित अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बढ़ती भागीदारी और प्रतिष्ठा को दर्शाता है। ऐतिहासिक 'भारत-व्यापार और इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट' को लागू करने के साथ-साथ, इस उच्च-स्तरीय चर्चा में मुख्य रूप से कई अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इनमें एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, औद्योगिक तकनीक, सतत विकास और अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक निवेश जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा, इस चर्चा ने आईटीएल जैसी बड़ी भारतीय निजी कंपनियों के वैश्विक पहचान और महत्व को भी सामने रखा।

आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

ग्राहकों को क्वालिटी कंपनियों के साथ लगातार शेयर-प्राइस ग्रोथ देगा

मुंबई। आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह नया इक्विटी निवेश विकल्प कंपनी की ज्यादातर यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान(यूलिप) के साथ उपलब्ध होगा। इस फंड के माध्यम से निवेशकों को मजबूत वित्तीय स्थिति और शेयर की कीमतों मेंसकारात्मक रुझान वाली कंपनियों में निवेश करने का अवसर मिलेगा।यह इंडेक्स फंड निवेशकों को लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न दिलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके तहतबीएसई 500 की सूची में शामिल 50 ऐसे शेयरों का विविध पोर्टफोलियो बनाया जाएगा, जो दो प्रमुख मानकों-मोमेंटम और क्वालिटी पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं।फंड के लॉन्च पर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर मनीष कुमार ने कहा,"आईसीआईसीआई लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड निवेशकों को मजबूत कारोबारी मॉडल,कमाई की बेहतर संभावनाओं और शेयर की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी वाली कंपनियों में निवेश के माध्यम से लंबीअवधि में संपत्ति बनाने का प्रभावी अवसर देता है। खास बात यह है कि निवेशकों को ऐसी कंपनियों के पोर्टफोलियोमें निवेश का मौका मिलेगा, जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। कंपनियों का चयन रिटर्न ऑन इक्विटी, डेट टू इक्विटीऔर प्रति शेयर आय (ईपीएस) जैसे वित्तीय मानकों के आधार पर किया जाता है। साथ ही, इन कंपनियों के शेयरों कीकीमतों में पिछले 12 महीनों के दौरान अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)
क्रं./3973/न.पा.नि./स्वा. शाखा/2026-27/
बीरगांव, दिनांक 07 / 11 / 2026
जेम पोर्टल बिड आमंत्रण सूचना
नगर पालिक निगम बीरगांव सीमा अंतर्गत आगामी 12 माह के लिये सड़क व नाली सफाई हेतु पात्र फर्मों / सेवा प्रदाताओं से जेम पोर्टल में बिड के माध्यम से दरें आमंत्रित है। Gem Bid No. GEM/2026/B/8206542, GEM/2026/B/8247475, GEM/2026/B/8247495 and GEM/2026/B/8246469. Bid Due Date - As per Bid, Physical Submission Last Date - At least 30 minutes prior to the scheduled date and time for bid Opening. Bid Opening Date- As per Bid (Scheduled).
इच्छुक सक्षम निविदाकार नियम व शर्तें, धरोहर राशि, बैंक साल्वेंसी, Key Dates इत्यादि विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे Gem Portal के माध्यम से बिड भरने की कार्यवाही कर सकते हैं।
आयुक्त
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com
NOTICE FOR INDUSTRY CONSULTATION
Onboarding of Consent Manager(s) under the DPDP Act, 2023
Madhya Pradesh State Electronics Development Corporation Limited (MPSeDC), Bhopal, invites interested firms/agencies, technology providers and industry stakeholders to participate in an Industry Consultation on the proposed RFP for onboarding of Consent Manager(s) for Government of Madhya Pradesh in accordance with the Digital Personal Data Protection Act, 2023 and applicable DPDP Rules, 2025.
MPSeDC is developing various e-Governance solutions for Government departments and agencies, in which consent management facilities are envisaged to be implemented, wherever required, as per the provisions of the DPDP Act, 2023. As different departments and applications may require consent management services simultaneously, the proposed framework may provide for onboarding of multiple eligible Consent Managers.
The consultation will seek industry inputs on the proposed scope, onboarding/engagement model, technical architecture, interoperability, integration with Government applications, security, regulatory compliance, service levels and commercial framework.
Date of Consultation : 18.11.2026, Time: 03:00 PM
Mode : Online/Offline
Last Date for Submission of suggestions/comments : 17.11.2026
Interested participants may submit their suggestions/ comments to **marketing@mpsedc.com.** The draft consultation document and further details will be available at **https://mpsedc.mp.gov.in/**
M.P. Madhyam/129034/2026 **MANAGING DIRECTOR**

कार्यालय क्षेत्र संचालक पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी
Phone No. 07692-350003 e-mail : fdpennp.sni@mp.gov.in, url: www.penchtiger.org
क्रमांक/स्टोर 4818 खंड - I सिवनी/ दिनांक /05/11/26
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
ई- निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- E15
पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 में म.प्र भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
कैमरा ट्रैप के उपयोगार्थ अल्कालाईन बैटरी की आपूर्ति
सामग्री का विवरण

क्र.	सामग्री का नाम	सामग्री का स्पेशिफिकेसन	अनुमानित मात्रा
1	Alkaline Battery	AA LR6 15AU 1.5V	10000 Nos

नोट :- समाग्री की मात्रा अनुमानित है जो आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है तथा ई निविदा में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई हो तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगी, विस्तृत जानकारी **www.mptenders.gov.in** पर डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकेगी।

Publishing of Tender Date & Time	06.11.2026 TIME 10.00AM
Bid Submission Start Date & time	06.11.2026 TIME 10.00 AM
Bid Submission closing Date & time	19.11.2026 TIME 01.00PM
Bid Opening Date & time	20.11.2026 TIME 03.00PM

उप संचालक
पेंच टाइगर रिजर्व
सिवनी (म.प्र.)
G-21241/26

शब्द पहेली - 6403



बाएँ से दाएँ
1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखार,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली-6402 का हल

■	ग	ह	ज	बी	■	फ़ि	स	ल	ना	■
अ	■	क	हा	र	■	त	न	य	■	बु
ह	क	■	न	व	■	र	म	■	फ	न
म	म	ता	■	ता	क	त	■	वा	त	क
क	र	त	ब	■	म	■	त	ल	वा	र
■	■	■	ल	ह	र	दा	र	■	■	■
ला	व	ज	मा	■	बं	■	स	ह	ल	ज
ज	त	न	■	म	द	द	■	म	ग	न
वा	न	■	क	न	■	ह	म	■	न	म
ब	■	त	म	स	■	ली	ट	र	■	त
■	मे	ह	श	व	■	ज	र	ब	फ़त	■

सूडोकु नवताल - 6413

कठिनतम

	9				6			
	1					2		
5			7				3	
			4					6
		3				9		
4					8			
	7				9			8
		2					1	
			3				4	

MANGAL SEHACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6412 का हल

6	5	8	9	1	4	2	7	3
1	2	7	3	5	8	6	4	9
3	4	9	7	2	6	1	5	8
2	3	6	1	4	5	9	8	7
8	9	5	2	7	3	4	1	6
4	7	1	6	8	9	3	2	5
7	6	4	5	3	1	8	9	2
9	8	2	4	6	7	5	3	1
5	1	3	8	9	2	7	6	4



सिक्योरिटी थ्रेट भी नहीं रोक पाया बिग बी का संडे ट्रेडिशन

मुंबई। सिक्योरिटी थ्रेट और खराब सेहत से जुड़ी खबरों के बीच बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपना वर्षों पुराना संडे ट्रेडिशन जारी रखा। रविवार शाम अभिनेता अपने जुहू स्थित बंगले 'जलसा' के बाहर पहुंचे और वहां मौजूद प्रशंसकों से मुलाकात कर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। हर रविवार की तरह इस बार भी शाम करीब 5:30 बजे अमिताभ बच्चन अपने घर से बाहर निकले। हालांकि, इस बार उनके बाहर आने का अंदाज पिछले सप्ताह से अलग रहा। पिछले रविवार जहां बिग बी सुरक्षा कारणों से बुलेटप्रूफ फ्रेम के पीछे नजर आए थे, वहीं इस बार वह बिना किसी बुलेटप्रूफ फ्रेम के प्रशंसकों के सामने आए।

लाइफ Style

अनीत

अहान के परिवार के साथ मनाई दिवाली

एजेंसी ⏭ मुंबई

'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने इस बार अपने को-एक्टर अहान पांडे के परिवार के साथ दिवाली मनाई। अहान की मां डीन पांडे ने इस सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। 'सैयारा' से अपना डेब्यू करने वाले अहान पांडे अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं।

फिल्म की रिलीज के बाद से ही अहान अपनी को-स्टार अनीत पड्डा के साथ अपनी खास बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले दिनों अनीत ने अहान पांडे और उनके परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया था और अब दिवाली भी उन्होंने पांडे फैमिली के साथ ही सेलिब्रेट की। अहान पांडे की मां डीन पांडे ने सोशल मीडिया पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलक साझा की है, जिसमें उनके साथ अनीत पड्डा भी नजर आ रही हैं। ये तस्वीर अब सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। अनीत पड्डा अक्सर अहान पांडे के परिवार के साथ नजर आती रहती हैं और अब दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान भी वह पांडे परिवार के साथ नजर आईं। डीन पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवाली सेलिब्रेशन की झलकियां साझा की हैं, जिसमें उनके साथ अनीत भी पोज देती दिखीं। एक सेल्फी में जहां अनीत सिर पर दुपट्टा ओढ़े मुस्कुराती नजर आ रही हैं, जबकि डीन ने पाउट बना रखा है। वहीं एक अन्य तस्वीर में गुलाबी रंग का सूट पहने अनीत, डीन और अन्य महिलाओं के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। पिछले दिनों अनीत पड्डा अहान की बहन अलाना पांडे के बेबी शावर में भी शामिल हुई थीं, जहां पांडे परिवार के सदस्यों के साथ उनकी जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिली।



हॉलीवुड मसाला

जेम्स बॉन्ड के लिए एक्टर्स का

स्क्रीन टेस्ट



नई दिल्ली। जेम्स बॉन्ड की अगली कड़ी में डेनियल क्रेग की जगह लेने के लिए 5 हॉलीवुड एक्टर्स ने स्क्रीन टेस्ट दिया है। उनमें रॉबर्ट पैटिनसन, निकोलस हॉल्ट), जैक लोडेन, जोश ओ' कॉनर और कैलम टर्नर का नाम शामिल हैं। निर्माताओं की मानें तो जेम्स बॉन्ड के किरदार के लिए इन्हीं पांच अभिनेताओं में से एक को चुना जा सकता है। 007 को पसंद करने वाले कई इंडियन फैंस का ये भी मानना है कि जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी फिल्म के निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे ऋतिक रोशन को भी एमआई6 एजेंट बनाने पर विचार कर सकते हैं।



विदेश में भी नही भूलीं भारतीय संस्कृति...

नई दिल्ली। प्रियंका चोपड़ा ने भी बाकी सेलेब्स की तरह ही दिवाली मनाई। पति निक जोनस और बेटी मालती के साथ एक्ट्रेस ने दिवाली की ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। विदेश में भी वो अपनी भारतीय संस्कृति को नहीं भूली हैं। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में लॉस एंजिल्स स्थित अपने घर पर आयोजित एक पार्टी की तस्वीरें शेयर करते हुए अपने फैंस को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अपने पति निक जोनस और अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ नजर आ रही हैं। उन्होंने बरगंडी और सुनहरे रंग का स्ट्रैपलेस गाउन पहना था, जिस पर जरदोजी, मोतियों का काम और सुनहरे धागों की कढ़ाई की गई थी।



सोनू के बेटे निवान ने किया म्यूजिक डेब्यू

मुंबई। सोनू निगम के बेटे निवान भी अब म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने की तैयारी में जुट गए हैं और ये गुड न्यूज खुद सोनू निगम ने शेयर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उनके 19 साल के बेटे ने 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक डेब्यू किया है। दिवाली पर सोनू निगम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है। सोनू निगम ने अपने हालिया पोस्ट में बताया है कि उनके 19 साल के बेटे निवान ने उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'स्लाइड' के जरिए म्यूजिक की दुनिया में कदम रख दिए हैं। इस फिल्म में निवान ने म्यूजिक दिया है, जिसे लेकर सिंगर बेहद खुश हैं। सोनू निगम ने अपनी पत्नी मधुरिमा निगम के साथ एक जॉइंट पोस्ट शेयर करते हुए ये खुशखबरी शेयर की और निवान में पिछले कुछ सालों में आए बदलावों के बारे में भी बताया।



वर्ल्डवाइड 5 दिन में कमाए 663.90 करोड़ ...

नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायणः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। रिलीज के पांच दिनों के भीतर ही इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन लगभग 663.90 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने दिवाली के बाद भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इसने किसी भारतीय फिल्म द्वारा पहले सोमवार को की गई सबसे बड़ी कमाई का नया रिकॉर्ड बनाया है और रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' की सोमवार की कमाई को भी पीछे छोड़ दिया है। ओपनिंग वीकेंड पर शानदार शुरुआत के बाद फिल्म की कमाई सोमवार को कम होने के बजाय और बढ़ गई है। 'रामायण' ने सिनेमाघरों में अपने पांचवें दिन 23,911 शोज के जरिए 107.50 करोड़ रुपए (नेट) की कमाई की।

टीवी मसाला



कॉफी विद करण 9 में सिद्धार्थ कियारा ने खोले कई राज

नई दिल्ली। बॉलीवुड के पावर कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। वजह है करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9', जहां दोनों अगले एपिसोड में एक साथ दिखने वाले हैं। शादी के बंधन में बंधने और अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के अनाउंसमेंट के बाद यह इस जोड़ी का पहला ऑन-स्क्रीन टीवी अपीयरेंस है। सामने आए वीडियो में प्रेग्नेंट कियारा आडवाणी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सिद्धार्थ और कियारा ने पहली बार किसी टॉक शो में बतौर पेरेंट्स-टू-बी एक साथ खुलकर अपने दिल की बात रखी है। सबसे पहले कियारा आडवाणी बताती दिखीं कि उनकी शादी में करण जौहर ने किस गाने में डांस किया था। वो बताती हैं कि शाहिद ने सोचा कि तुम्हे कंपनी देंगे और तुमने उसे धक्का मार कर वहां से हटा दिया। जिसके बाद करण जौहर अपना चेहरा छिपाते हुए दिखे। रोल प्ले को लेकर सिद्धार्थ ने कहा कि हम अपना काम घर पर नहीं लाते हैं। खासकर बेडरूम में तो बिल्कुल भी नहीं लाते। प्रोमो की शुरुआत से ही कियारा का स्टनिंग लुक और उनका ग्रेसफुल अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। प्रेग्नेंसी के फेज में कियारा का यह ग्लैमरस अवतार फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। शो के दौरान दोनों ने अपनी शादी की कुछ अनसुनी यादें ताजा कीं। और एक-दूसरे के छोटे-छोटे सीक्रेट्स सबके सामने रखे। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो आते ही ट्रेंड करने लगा है। और दर्शक इस पूरे एपिसोड के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कप्तानी टास्क के दौरान हाथापाई!

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के सबसे चर्चित और विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के घर में हर गुजरते दिन के साथ हंगामा बढ़ता ही जा रहा है। कप्तानी टास्क के दौरान घर के दो मजबूत कंटेस्टेंट्स स्काउट और यंग डीएसए के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई और धक्का-मुक्की होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक, कप्तानी टास्क के दूसरे राउंड में उदिति रोबोट चेयर पर बैठी थीं। टीम-ए का मकसद उदिति को रुलाना था। उदिति को इमोशनल करने के लिए स्काउट ने उनकी पारिवारिक तस्वीर के कोने को हल्का सा जला दिया। इस टास्क के दौरान गुल्लू और यंग लगातार स्काउट के परफॉर्मेंस के बीच में आ रहे थे और कमेंट्स कर रहे थे। स्काउट ने दोनों को बार-बार दूर रहने की चेतावनी दी, लेकिन यंग ने कमेंट करना बंद नहीं किया।



भाई-बहन के प्यार का खूबसूरत गीत, 41 साल पहले बेबी लता ने गाया था 'भैया दूज सुहानी'

नई दिल्ली। दिवाली का त्योहार खत्म होने के बाद अब भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक भैया दूज मनाया जाएगा। इस खास दिन पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। भाई-बहन के इसी खूबसूरत रिश्ते को भारतीय सिनेमा ने भी कई गीतों के जरिए पर्दे पर उतारा है। ऐसा ही एक सदाबहार गाना है, जो आज से 41 साल पहले रिलीज हुआ था और आज भी भैया दूज के मौके पर याद किया जाता है।

1983 में आई थी फिल्म नवरात्रि

भैया दूज के महत्व और भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने वाला यह गाना साल 1983 में आई फिल्म नवरात्रि का है। 'भैया दूज सुहानी' बोल वाले इस गीत में त्योहार की परंपराओं और उससे जुड़ी भावनाओं को खूबसूरती से पिरोया गया है। इस गाने को अपनी सुरीली आवाज देने वाली गायिका हेमलता हैं। दिलचस्प बात यह है कि हेमलता को हिंदी सिनेमा में 'बेबी लता' के नाम से भी पहचाना जाता है। दरअसल, उनकी आवाज में स्वर कोकिला लता मंगेशकर जैसी समानता महसूस की जाती थी। यही वजह रही कि कई लोग उनकी गायिकी को लता जी की आवाज से जोड़कर देखते थे। फिल्म 'नवरात्रि' का यह गीत भी हेमलता की मधुर आवाज की वजह से श्रोताओं के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा।



रवींद्र ने लिखे थे खूबसूरत बोल : इस सदाबहार गीत को यादगार बनाने में संगीतकार और गीतकार रवींद्र जैन की भी अहम भूमिका रही। उन्होंने ही 'भैया दूज सुहानी' के बोल लिखने के साथ इसकी धुन भी तैयार की थी। हेमलता की आवाज और रवींद्र जैन के संगीत का यह मेल गीत को एक अलग पहचान देता है। रिलीज के 43 साल बाद भी यह गाना भाई-बहन के रिश्ते की मिठास और भैया दूज की परंपरा को याद दिलाता है।

लोकधुन और त्योहार की परंपरा का सुंदर मेल

'भैया दूज सुहानी' की खासियत सिर्फ इसके बोल या गायिकी तक सीमित नहीं है। इस गीत में भैया दूज से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं, पारंपरिक रीति-रिवाजों और लोकसंगीत की झलक भी देखने-सुनने को मिलती है। इसकी धुन और शब्द त्योहार के पारंपरिक रंग को जीवंत कर देते हैं। यही कारण है कि इसे महज एक फिल्मी गाना नहीं, बल्कि भैया दूज की भावना से जुड़ा पारंपरिक गीत भी माना जाता है।

कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी में कफ्तान पहनकर पहुंचीं बेबो

नई दिल्ली। सोनी राजदान ने हाल ही में कपूर फैमिली की दिवाली पार्टी की झलक शेयर की, जिसमें पूरा परिवार साथ-साथ दिवाली सेलिब्रेट करता दिखा। लेकिन, हर किसी की निगाहें करीना कपूर के लुक पर ठहर गईं, जो दिवाली पार्टी पर एक नया ही अवतार फ्लॉन्ट करती दिखीं। दिवाली पर बॉलीवुड सेलेब्स के एक से बढ़कर एक लुक देखने को मिले। आलिया भट्ट ने जहां पिस्ता ग्रीन लहंगे में सुर्खियां बटोरीं तो वहीं श्रद्धा कपूर ने बटरी येलो अनारकली सूट में अपनी सादगी से सबके दिल जीत लिए। अब करीना कपूर ने भी अपने दिवाली लुक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं और अपने अलग अंदाज से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। करीना कपूर खान पिछली रात कपूर खानदान की दिवाली पार्टी में शामिल हुईं, जहां पूरा परिवार साथ-साथ मौजूद था। इस दिवाली पार्टी के लिए करीना ने साड़ी, लहंगा या सूट नहीं, कफ्तान पहना था और अपने लुक को उन्होंने पगड़ी से कम्प्लीट किया, लेकिन सबकी नजरें पगड़ी पर लगे कलगी पर टिक गईं। करीना कपूर अपने परिवार के दिवाली सेलिब्रेशन में बेहद खास अंदाज में पहुंचीं। उनका ये फेस्टिव लुक रिया कपूर ने तैयार किया था। करीना ने ट्रेडिशनल आउटफिट की जगह कुछ अलग चुना और पुनीत बलाना का बेज कलर का कफ्तान पहना, जिस पर चांदी के धागों से बेहद खूबसूरत जाल नुमा कढ़ाई की गई थी। करीना ने इसके साथ मैचिंग पगड़ी पहनी थी, जिस पर चमचमाती कलगी लगी थी। 'डाइट सब्या' के अनुसार, पटौदी खानदान में इस कलगी का बेहद खास महत्व है, ये सीधे तौर पर सैफ अली खान के परिवार की विरासत से जुड़ी है। अभिनेता ने ये कलगी अपनी शादी में भी पहनी थी। करीना ने अपने लुक को गोल्ड चोकर, पन्ने वाले पेंडेंड नेकलेस और स्टेटमेंट जूलरी के साथ पूरा किया। जैसे ही करीना कपूर खान ने अपना ये लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया।



मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ आ रहा है वापस

ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज, लगेगा मनोरंजन का मेला

नई दिल्ली। दिवाली के बाद अब ओटीटी पर धमाका होने वाला है। त्यौहार के सीजन के बाद बिल्कुल भी बोरियत नहीं होगी, क्योंकि इस हफ्ते घर बैठे आप कई फिल्मों और शोज का आनंद ले सकते हैं।

पारिवारिक मनोरंजन

पंकज त्रिपाठी और अदिती राव हैदरी स्टारर पारिवारिक मनोरंजन इस हफ्ते ओटीटी पर दस्तक देगी। यह फिल्म 13 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

बांद्रा

एक उभरता हुआ फिल्म निर्माता 1990 के दशक की बॉलीवुड स्टार तारा जानकी (तमन्ना भाटिया) की संदिग्ध मौत की जांच करता है। फ्लैशबैक के जरिए हमें पता चलता है कि वह अंडरवर्ल्ड से जुड़े एक क्रूर प्रोड्यूसर के चंगुल से बचकर केरल भाग गई थी, जहां उसने आला (दिलीप) नाम के एक प्रभावशाली व्यवसायी के यहां शरण ली थी। यह फिल्म 13 नवंबर को जी5 पर स्ट्रीम होगी।



इथोस सीजन 2

मशहूर तुर्की ड्रामा 4 एपिसोड के साथ वापस आ रहा है, जो पहले सीजन की घटनाओं के छह साल बाद की कहानी दिखाते हैं। यह अलग-अलग पृष्ठभूमि वाले उन लोगों के इर्द-गिर्द घूमता है, जिनकी राहें अनजाने में एक-दूसरे से टकराती हैं और जिनकी कहानियां एक थेरेपी रूम में आकर मिलती हैं। यह सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा।

द एंप्रेस सीजन 3

लोकप्रिय हिस्टोरिकल ड्रामा द इंप्रेस का तीसरा सीजन 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस सीजन में टोटल 6 एपिसोड होंगे।

जेलर 2 : रजनीकांत की जेलर 2 थिएटर के बाद अब ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। कहानी केरल में छिपे बैठे रिटायर्ड जेलर 'टाइगर' मुथुवेल पांडियन को तब बाहर आना पड़ता है, जब मूर्तियों की तस्करी करने वाला एक बेरहम गिरोह उसके पीछे पड़ जाता है। अपने परिवार को बचाने के लिए, वह इस गिरोह के कामकाज को निशाना बनाता है और गोवा के ताकतवर 'कल्पक' क्राइम परिवार का सामना करने के लिए अपने पुराने साथियों के साथ हाथ मिला लेता है। फिल्म 12 नवंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

द रिंग्स ऑफ पावर सीजन 3

एरेगियन के पतन के पांच साल बाद, मिडिल-अर्थ युद्ध की चपेट में है, क्योंकि सौरॉन की सेनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। खजाद-डूम, लिंडन और रिवेंडेल अपने तीन रिंग्स की सुरक्षा में हैं और ये उन कुछ गढ़ों में से हैं जो डार्क लॉर्ड और उसकी पूरी तरह से जीत के बीच अभी भी डटे हुए हैं। सीजन 3 प्राइम वीडियो पर 11 नवंबर को रिलीज होगा।

ब्लाइंड गेम

जब एक दोस्त की नाकाम डकैती और एक आत्महत्या कई परेशान करने वाले सवाल खड़े कर देते हैं, तो सस्पेंड हो चुके ऑफिसर सिकंदर सिंह खुद को लालच और धोखे के एक खतरनाक जाल में फंसा हुआ पाते हैं। मनाली में सेट यह सस्पेंस थ्रिलर सिकंदर की कहानी है, जो गायब हुए खजाने का पता लगाने और इस रहस्य के पीछे छिपे मास्टरमाइंड को बेनकाब करने के मिशन पर निकलता है। यह फिल्म जी5 पर 11 नवंबर को रिलीज होगी।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स

सबालेंका की विजयी शुरुआत, एक घंटे 53 मिनट में मुचोवा को पछाड़ा



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

एरिना सबालेंका ने कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेट में 7-6 , 7-5 से हराकर 2026 डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की।

पूर्व विश्व नंबर एक सबालेंका ने 1 घंटे 53 मिनट तक चले मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा से होगा। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सबालेंका 2022 के बाद पहली बार बिना किसी ग्रैंडस्लैम खिताब के सत्र का समापन करेंगी। वह डब्ल्यूटीए की साल के अंत की नंबर एक रैंकिंग की दौड़ से भी बाहर हो चुकी हैं। उनकी प्रतिद्वंद्वी एलेना रिबाकिना के वायरल बीमारी के कारण डब्ल्यूटीए फाइनल्स से हटने के बावजूद सबालेंका शीर्ष स्थान हासिल नहीं कर सकेंगी। हालांकि 28 वर्षीय सबालेंका के पास पहली बार सत्र के अंतिम टूर्नामेंट का खिताब जीतने का मौका है। वह इससे पहले 2022 और 2025 में उपविजेता रही थीं।

बारिश ने बिगाड़ा बुमराह-जडेजा का खेल भारत-न्यूजीलैंड 'ए' सीरीज 0-0 से ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| लिंकन

जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को लंबे ब्रेक के बाद मैच अभ्यास हासिल करने का मौका नहीं मिल सका क्योंकि भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे और अंतिम दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के कारण ड्रॉ समाप्त हुआ। मैच के तीसरे दिन सोमवार को भी बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था। इस तरह तीन मैच की श्रृंखला के सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ए ने यशस्वी जायसवाल के श्रृंखला के लगातार दूसरे शतक और साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, तिलक वर्मा तथा वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से 5 विकेट पर 464 रन बनाकर पारी घोषित की थी। न्यूजीलैंड ए ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 2 विकेट पर 36 रन बनाए थे।

19 नवंबर से वेलिंगटन में टेस्ट सीरीज

भारतीय टीम के नजरिए से यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि ब्रेक के बाद वापसी कर रहे बुमराह और जडेजा को मैच अभ्यास का मौका मिलने की उम्मीद थी। बुमराह ने अपना पिछला मैच तीन अक्टूबर को जापान के आइची-नागोया में पाकिस्तान के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में खेला था। उन्हें न्यूजीलैंड दौरे के सीमित ओवरों के चरण से विश्राम दिया गया था, जिससे कि 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए वह तरोताजा रह सकें। इस मुकाबले में बुमराह को केवल छह ओवर गेंदबाजी करने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 11 रन दिए। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले कई स्पैल गेंदबाजी करके अच्छी लय हासिल करना चाहते थे लेकिन खराब मौसम ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया।



तीसरे नंबर पर पडिक्कल की जगह लगभग पक्की

पडिक्कल ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में 199 रन बनाए थे, जिससे उन्होंने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। सुदर्शन ने भी कुछ अर्धशतक जड़कर अपनी उपयोगिता साबित की। लंबे समय तक चोट से जूझने के बाद आकाश दीप भी धीरे-धीरे लय हासिल कर रहे हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल, बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के अलावा चौथे विशेषज्ञ तेज गेंदबाज को टीम में शामिल करते हैं या नहीं। आकाश दीप उपयोगी बल्लेबाजी करने में भी सक्षम हैं।

जडेजा को मिला बल्लेबाजी का मौका

विदेशी परिस्थितियों में आमतौर पर प्रमुख बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले जडेजा को बल्लेबाजी का मौका मिला। उन्होंने 71 गेंद का सामना करते हुए 25 रन बनाए और एक घंटे 20 मिनट तक क्रीज पर रहे। हालांकि जडेजा को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि भारत ए की टीम केवल 14 ओवर ही गेंदबाजी कर सकी।

8 प्लेयर होंगे वेलिंगटन रवाना

बुमराह, जडेजा के अलावा जायसवाल, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर और आकाश दीप अब वेलिंगटन रवाना होंगे, जहां भारतीय सीनियर टीम की नजरें बारिश नहीं होने की स्थिति में छह अभ्यास सत्र के जरिए तैयारी करने पर होंगी।भारत ए की श्रृंखला की बात करें तो जायसवाल के लगातार दो शतक और पडिक्कल का शानदार प्रदर्शन टीम के लिए दो बड़ी सकारात्मक चीजें रहीं।

खबर संक्षेप



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे भरत

अबुधाबी। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने कहा कि उनकी नजरें फरवरी 2027 में अनिवार्य ब्रेक का समय (कूलिंग ऑफ पीरियड) समाप्त होने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राष्ट्रीय टीम के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर टिकी हैं। भरत ने 2023 से 2024 के बीच भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने इस साल जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, जिसके बाद वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के पात्र हो गए थे। अबुधाबी टी10 में एमिरेट्स ईगल्स की ओर से खेल रहे भरत ने कहा, ''देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना सबसे शानदार एहसास होता है। इसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आप सिर्फ खेलना चाहते हैं। मैं पिछले कई वर्षों से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं।'

12 नवंबर को न्यूजीलैंड रवाना होंगे पंत



नई दिल्ली। स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से फिटनेस मंजूरी मिलने की उम्मीद है। पंत फिटनेस संबंधी मंजूरी मिलने के बाद गुरुवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो सकते हैं। उनकी मौजूदगी टेस्ट टीम को मजबूती प्रदान करेगी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'पंत पूरी तरह फिट हैं। वह आज सीओई में मैच सिमुलेशन (मैच जैसी परिस्थिति) अभ्यास कर रहे हैं। बुधवार को उनका एक और सिमुलेशन सत्र निर्धारित है। दोनों सत्र सफलतापूर्वक पूरे करने के बाद पंत 12 नवंबर को वेलिंगटन के लिए रवाना हो जाएंगे।'

शतरंज में भारत का शतक पूरा, 22 साल के श्रीवात्री बने 100वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुज श्रीवत्री को भारत का 100वां ग्रैंडमास्टर बनने पर बधाई देते हुए कहा कि शतरंज में यह शतक पूरा करना देश के लिए एक असाधारण उपलब्धि है। मोदी ने कहा कि भारत में 100 ग्रैंडमास्टर होना खिलाड़ियों की अपार प्रतिभा, समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ ही देश के युवाओं के बीच इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'भारत ने शतरंज में शतक पूरा कर लिया है! है ना यह असाधारण उपलब्धि? भारत अब 100 शतरंज ग्रैंडमास्टर वाला देश बन गया है। भारत के 100वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बनने पर अनुज श्रीवत्री को बधाई! यह कितनी शानदार उपलब्धि है।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि यह उपलब्धि कई और युवाओं को शतरंज अपनाने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।'

मध्यप्रदेश के निवासी है अनुज श्रीवत्री

मध्यप्रदेश के अनुज श्रीवत्री ने फिलिपीन्स के सिनाकाबान में सातवीं आसियान प्लस व्यक्तिगत ओपन शतरंज चैंपियनशिप जीतकर भारत के 100वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव हासिल किया। दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद 1988 में भारत के पहले ग्रैंडमास्टर बने थे।

भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज बारिश की भेंट चढ़ा तीसरा मैच

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन



भारत और न्यूजीलैंड के बीच मंगलवार को सेडन पार्क में खेला जाने वाला तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। भारत पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। दोनों टीम अब अंतिम दो मुकाबलों के लिए टाउरंगा रवाना होंगी, जहां 13 और 15 नवंबर को मैच खेले जाएंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने लगातार तीसरी बार टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पिछले दो मुकाबलों में उतरी टीम में कोई बदलाव नहीं किया। हालांकि 40-40 ओवर के मैच के लिए मैदान से कवर्स हटाए जाने के दौरान एक बार फिर बारिश शुरू हो गई। 20-20 ओवर के मुकाबले के लिए स्थानीय समयानुसार शाम 7 बजकर 50 मिनट की निर्धारित समय सीमा में कम से कम 70 मिनट शेष होने के बावजूद दोनों अंपायरों ने मैच रद्द करने का फैसला किया।

कुमामोतो मास्टर्स : प्री क्वार्टर फाइनल में गायत्री-त्रीसा

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की भारत की महिला युगल जोड़ी ने मंगलवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में स्थानीय दावेदार हिनाता सुजुकी और नाओ यामाकिता को सीधे गेम में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस साल नई दिल्ली में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली गायत्री और त्रीसा की भारतीय जोड़ी ने जापान की जोड़ी के खिलाफ 42 मिनट में 21-17, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और राधिका शर्मा की जोड़ी को क्वालीफाइंग के पहले दौर में चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी ने 21-16, 21-15 से हराया।

विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप

टीम को गोल्ड मेडल, पदक से चूकी ईशा और मनु





एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में मंगलवार को महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में स्टार निशानेबाज मनु भाकर और ईशा सिंह पदक के साथ ही 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का मौका चूक गईं। व्यक्तिगत फाइनल में ईशा सिंह आठवें और अंतिम स्थान पर रहीं, जबकि मनु भाकर मामूली अंतर से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहीं।

क्वालीफिकेशन दौर में ईशा और मनु का शानदार प्रदर्शन

ईशा और मनु ने क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। ईशा तीसरे और मनु छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थीं। दोनों भारतीय निशानेबाज फाइनल में अपना प्रदर्शन बरकरार नहीं रख सकीं। इस चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कुल 36 कोटा दांव पर हैं। ईशा का प्रदर्शन फाइनल में बेहद निराशाजनक रहा। वह चार सीरीज में क्रमशः एक, पांच, तीन और दो निशाने ही साध सकीं। इस तरह 20 में से केवल 11 हिट के साथ उन्हें सबसे पहले प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। मनु ने कई शूटऑफ में जगह बनाकर पदक की उम्मीदें कायम रखीं, लेकिन आखिरकार वह चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने कुल 27 हिट हासिल किए। भारत अब तक केवल एक ओलंपिक कोटा हासिल कर सका है। यह कोटा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय ने दिलाया है।

अंडर 19 एशिया कप : आर्यवीर ने यूएई के खिलाफ ठोका शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| अल अमीरात



आर्यवीर सहवाग ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई के खिलाफ विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने पिता वीरेंद्र सहवाग के अंदाज ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 168 गेंदों में 7 छक्कों और 17 चौकों के साथ 160 रन कूटे। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड (मिनिस्ट्री टर्फ 2) में जारी इस मुकाबले में भारत ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी चुनी। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी के साथ आर्यवीर बतौर सलामी बल्लेबाज मैदान पर उतरे। इस जोड़ी के बीच 83 गेंदों में 62 रन की साझेदारी हुई। लक्ष्य रायचंदानी 32 गेंदों में 2 चौकों के साथ 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद आर्यवीर ने वीके विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 183 गेंदों में 193 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 255 के स्कोर तक पहुंचा दिया। टीम को आर्यवीर सहवाग के रूप में दूसरा झटका लगा, जिन्होंने 168 गेंदों में 7 छक्कों और 17 चौकों के साथ 160 रन की पारी खेली, जबकि वीके विनीत ने 69 गेंदों में 67 रन बनाए।

क्रेग ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेली नाबाद 206 रन की पारी

इरविन ने रचा इतिहास, 41 साल की उम्र में ठोका दोहरा शतक

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे के दग्गिज बल्लेबाज क्रेग इरविन ने कमाल कर दिया। वह 75 सालों में टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 206 रन बनाकर इतिहास रचा।

उनसे पहले 40 साल से अधिक उम्र के जिस पिछले खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया था, वह ग्राहम गूच थे। इंग्लैंड के इस बल्लेबाज ने 1994 में यह कारनामा किया था। इरविन ने अफगान टीम के खिलाफ 279 गेंदों पर 206 रन बनाए, जिससे टीम का कुल स्कोर 523/5 तक पहुंच गया और सीरीज का पहला टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।



इरविन से आगे रोवन और हॉब्स

इरविन ओवरऑल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे और पछिले 75 सालों में पहले सबसे उम्रदारज बल्लेबाज हैं। इस सूची में इरविन से आगे एरिक रोवन और जैक हॉब्स हैं। 1951 में हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका के लिए खेलते हुए रोवन ने 236 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 42 साल और 6 दिन थी। 1924 में लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड के लिए खेलते हुए हॉब्स ने 211 रन बनाए थे, तब उनकी उम्र 41 साल और 195 दिन थी। जब मैच शुरू हुआ, तब इरविन की उम्र 41 साल और 78 दिन थी और उन्होंने 41 साल और 82 दिन की उम्र में यह मुकाम हासिल किया। अपने-अपने मैचों की शुरुआत के समय वे हॉब्स से 117 दिन छोटे थे, इसलिए वे इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।



हाईकोर्ट ने कहा- मुकदमा जारी रखने से बढ़ेगा अनावश्यक प्रवास

अफगान नागरिक की एफआइआर निरस्त, सात सप्ताह में भारत छोड़ने की शर्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने अफगानिस्तान के नागरिक सैयद रशेद सदात को राहत देते हुए विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत दर्ज एफआइआर निरस्त कर दी है। युवक पर वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत में रुकने का आरोप था। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कहा कि जब विदेशी नागरिक स्वयं अपने देश लौटने को तैयार है और भारत सरकार भी उसके अनावश्यक प्रवास की इच्छुक नहीं है, तब आपराधिक मुकदमा जारी रखने से न्याय का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। हालांकि, कोर्ट ने सात सप्ताह के भीतर भारत छोड़ने की शर्त लगाई है।

सैयद रशेद सदात दिसंबर 2019 में छात्र वीजा पर भारत आया था। उसने भोपाल से पत्रकारिता में मास्टर आफ आर्ट्स की पढ़ाई वर्ष 2022 में पूरी की। कोविड महामारी और अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों के कारण वह अफगानिस्तान नहीं लौट सका। अगस्त 2021 में तालिबान की सत्ता आने के बाद उसे अपने देश में उत्पीड़न का डर था। उसने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के भारत कार्यालय में शरणार्थी दर्जे के लिए आवेदन किया। उसे सितंबर 2024 में शरणार्थी कार्ड जारी हुआ, जो फरवरी 2027 तक वैध था।



हालांकि, उसका छात्र वीजा 24 मार्च, 2024 तक ही बढ़ाया गया था। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय ने उसे भारत छोड़ने के लिए एग्जिट परमिट लेने को कहा था। लेकिन शरणार्थी दर्जे के आधार पर दीर्घकालिक वीजा मिलने की उम्मीद में उसने आवेदन नहीं किया। भोपाल पुलिस ने 28 जनवरी 2025 को लीव इंडिया नोटिस जारी किया। इसके बाद कोलार रोड थाने में अपराध के तहत विदेशी अधिनियम की धारा 14 में एफआइआर दर्ज की गई। अपीलकर्ता ने पहले हाई कोर्ट की सिंगल बेंच में चुनौती दी, जहां नौ अक्टूबर 2025 को याचिका निरस्त हो गई। इसके बाद डिवीजन बेंच में अपील की। अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि अब उनका मुवक्किल अफगानिस्तान लौटना चाहता है। कोर्ट के निर्देश पर उसने बिना शर्त भारत छोड़ने का शपथपत्र भी प्रस्तुत किया। कोर्ट ने कहा कि भारत में उसका प्रवेश गैरकानूनी नहीं था और किसी अन्य गैरकानूनी गतिविधि में शामिल होने की बात भी सामने नहीं आई। अब मुकदमा जारी रखने से उसका भारत में अनावश्यक प्रवास बढ़ेगा। अदालत ने एफआइआर निरस्त करते हुए निर्देश दिया कि वह 30 दिनों में अफगानिस्तान का टिकट खरीदे और संबंधित अधिकारियों को जानकारी दे। अधिकारी अगले 15 दिनों में एग्जिट परमिट जारी करेंगे। उसे सात सप्ताह में भारत छोड़ना होगा। इस दौरान वह भोपाल से बाहर नहीं जा सकेगा, सिवाय आवश्यक वैधानिक अनुमति के। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में भारत नहीं छोड़ने पर मिली राहत समाप्त हो जाएगी और आपराधिक अभियोजन दोबारा शुरू हो जाएगा। भविष्य में भारत आने के लिए वैध वीजा अनिवार्य होगा।

आदेश का पालन नहीं होने पर शासन को सात दिन की मोहलत

मुख्य सचिव का शपथपत्र नहीं आया तो हाईकोर्ट में होना पड़ेगा उपस्थित

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य शासन के प्रशासनिक और विधिक कामकाज में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव के स्तर पर सख्ती दिखाई है। विधि विभाग में लंबे समय से प्रधान सचिव का पद रिक्त रहने के बावजूद नियुक्ति नहीं किए जाने के कारण मांगा गया शपथपत्र निर्धारित समय पर न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने शासन को सात दिन का अतिरिक्त समय देते हुए स्पष्ट कर दिया कि अब भी आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव को स्वयं न्यायालय में उपस्थित होना पड़ेगा।

शासन की ओर से अधिवक्ताओं ने शपथपत्र प्रस्तुत करने के लिए सात दिन का अतिरिक्त समय मांगा। न्यायालय ने आग्रह स्वीकार कर लिया, लेकिन अनुपालन नहीं होने की स्थिति में मुख्य सचिव की व्यक्तिगत उपस्थिति का निर्देश देने की चेतावनी दी।अगली सुनवाई 16 नवंबर से प्रारंभ होने वाले सप्ताह में निर्धारित की गई है।

दरअसल, प्रकरण में 26 अक्टूबर 2026 को पारित आदेश में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से शपथपत्र के माध्यम से यह स्पष्ट करने को कहा था कि विधि विभाग में प्रधान सचिव की नियुक्ति अब तक क्यों नहीं की गई, जबकि यह पद लंबे समय से रिक्त है। न्यायालय ने इस विषय को गंभीर प्रशासनिक प्रश्न मानते हुए अगली सुनवाई तक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने इस बात पर भी सवाल उठाए थे कि राज्य शासन के पास बड़ी संख्या में सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध होने के बावजूद पुनर्विचार याचिकाओं में निजी अधिवक्ताओं की सेवाएं क्यों ली जा रही हैं। इस संबंध में श्रम विभाग के अंडर सेक्रेटरी से स्पष्टीकरण मांगा गया था। न्यायालय ने टिप्पणी की थी कि एक ओर न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है, दूसरी ओर इस व्यवस्था पर जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से संतोषजनक जवाब भी नहीं दिया गया है।



इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर खंडपीठों के साथ जिला न्यायालयों में भी बदली जिम्मेदारी, अखिलेश मिश्रा बने इंदौर खंडपीठ के प्रधान रजिस्ट्रार

हाईकोर्ट में प्रशासनिक फेरबदल, सात न्यायिक अधिकारियों के तबादले

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। चीफ जस्टिस के आदेश पर सात न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण और नई पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें जबलपुर स्थित मुख्य पीठ के अलावा इंदौर और ग्वालियर खंडपीठ तथा विभिन्न जिला न्यायालयों के महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर बदलाव किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार सागर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अखिलेश कुमार मिश्रा को उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में प्रधान रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इंदौर खंडपीठ के वर्तमान प्रधान रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी को रतलाम कुटुंब न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश बनाया गया है। वहीं सीहोर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश वैभव मंडलोई को जबलपुर स्थित मुख्य पीठ में प्रधान रजिस्ट्रार (आइएलआर एवं परीक्षा) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी जगह अजय सिंह ठाकुर को पदस्थ किया गया है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश (निरीक्षण), इंदौर जोन राजीव कुमार आयाची को जबलपुर मुख्य पीठ में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी बनाया गया है। उनकी जगह ग्वालियर खंडपीठ के प्रधान रजिस्ट्रार राजीव के. पाल को इंदौर जोन में प्रधान जिला न्यायाधीश (निरीक्षण) की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह प्रधान रजिस्ट्रार (सतर्कता) राजेन्द्र कुमार शर्मा (सीनियर) को जबलपुर जोन का प्रधान जिला न्यायाधीश (निरीक्षण) बनाया गया है, जबकि इस पद पर कार्यरत अजय प्रकाश मिश्र को प्रधान रजिस्ट्रार (सतर्कता) नियुक्त किया गया है। रतलाम कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रामजी गुप्ता को ग्वालियर खंडपीठ का प्रधान रजिस्ट्रार बनाया गया है। इसके अतिरिक्त अनूपपुर में नियमित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यभार ग्रहण करने तक प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष अग्रवाल को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्रभारी सत्र न्यायाधीश का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं अनूप कुमार त्रिपाठी और अजय सिंह ठाकुर को क्रमशः रतलाम और सीहोर में पदस्थ करने के आदेश भी जारी किए गए हैं। सभी आदेश छह नवंबर 2026 को रजिस्ट्रार जनरल धर्मेन्द्र सिंह के हस्ताक्षर से जारी किए गए हैं।



सोमती केनाल में मिला अज्ञात युवक का शव

जबलपुर। चरगवां थाना क्षेत्र के सोमती केनाल में शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के अनुसार ग्राम हीरापुर निवासी शंकर लाल चड़ार ने बताया कि 7 नवंबर की सुबह करीब 8:30 बजे गांव में चर्चा के दौरान उसे सोमती केनाल पुलिया के पास पानी में शव पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचकर देखने पर करीब 30 से 35 वर्ष के एक अज्ञात युवक का शव पानी में मिला। मृतक ने काले रंग की पेंट पहन रखी थी और उसकी दाढ़ी बढ़ी हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

साइबर ठगी की चार वारदातों में 3.27 लाख रुपये पार

जबलपुर। शहर और आसपास के क्षेत्रों में साइबर ठगों ने चार अलग-अलग वारदातों में चार लोगों के बैंक खातों से कुल 3 लाख 26 हजार 997 रुपये निकाल लिए। ठगी के लिए फर्जी कस्टमर केयर नंबर, मोबाइल हैकिंग और एपीके फाइल का इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैंट थाना क्षेत्र के मोदीबाड़ा निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद अली घोषी के पंजाब नेशनल बैंक के सदर शाखा स्थित करंट और सेविंग अकाउंट से 30 और 31 अक्टूबर को 1 लाख 43 हजार 997 रुपये निकाल लिए गए। वहीं, मदनमहल थाना क्षेत्र के स्नेहनगर निवासी 69 वर्षीय अशोक कुमार नामदेव को ब्लिंकिट कस्टमर केयर के नाम पर ठगों ने 83 हजार रुपये का चूना लगा दिया। उन्होंने गूगल से नंबर लेकर संपर्क किया था, जिसके बाद व्हाट्सएप कॉल पर बताए गए निर्देशों का पालन करने से रकम खाते से निकल गई। इसी तरह गोहलपुर थाना क्षेत्र के कुदवारी अमखेरा निवासी रेलवे डीआरएम कार्यालय में पदस्थ संजय चौरसिया के मोबाइल को हैक कर उनके बैंक ऑफ इंडिया खाते से दो बार में 48 हजार 300 रुपये निकाल लिए गए। चौथी वारदात भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के सहजपुर स्थित महावीर कॉलोनी निवासी राजेश कुमार पटेल के साथ हुई। उन्होंने नागपुर के डॉक्टर की अपॉइंटमेंट के लिए गूगल से नंबर तलाशकर संपर्क किया था। कथित डॉक्टर ने व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेजकर पांच रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने को कहा। इसके बाद 5 नवंबर की रात तीन बार में उनके खाते से एक लाख रुपये कट गए। पुलिस चारों मामलों में बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जांच कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

एकता चौक पर बाइक सवार बदमाशों ने झपट लीं दो सोने की चेन

जबलपुर। शहर में बाइक सवार लुटेरों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दिनदहाड़े पल्सर सवार दो बदमाशों ने एक व्यक्ति के गले से दो सोने की चेन झपट लीं और तेजी से फरार हो गए। पुलिस ने लूट का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार विजयनगर स्थित जेडीए स्कीम नंबर-5 निवासी सत्येंद्र मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई कि 6 नवंबर को दोपहर करीब तीन बजे वह पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर अपनी एक्सिस से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह महालक्ष्मी ज्वेलर्स, एकता चौक के सामने पहुंचे, पीछे से पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आए और उनके गले में पहनी एक फैन्सी सोने की चेन तथा दूसरी सोने की चेन को झपटकर भाग निकले।

बताया गया कि दोनों बदमाश लाल रंग के कपड़े पहने हुए थे। पीड़ित ने कुछ दूर तक उनका पीछा भी किया, लेकिन वे हाथ नहीं आए। कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 309(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

चलती ट्रेन से गिर रही महिला को आरक्षक ने बचाया, अकेले मिले नाबालिग को भी सुरक्षित संरक्षण

रेलवे सुरक्षा बल की मुस्तैदी से टलीं कई घटनाएं यात्रियों को लौटाया लाखों का सामान

जबलपुर। रेल यात्रियों की सुरक्षा और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जबलपुर रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल ने एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाकर कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल कीं। 2 से 8 नवंबर के बीच रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से जहां यात्रियों का लाखों रुपये का खोया सामान वापस मिला, वहीं गांजा तस्करी, अवैध टिकट दलाली और चोरी के प्रयासों पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच गिर रही महिला यात्री को आरक्षक ने अपनी जान की परवाह किए बिना सुरक्षित बचा लिया।

लाखों का सामान यात्रियों को लौटाया

रेलवे सुरक्षा बल के ऑपरेशन अमानत के तहत दो यात्रियों का कीमती सामान बरामद कर उन्हें वापस किया गया। ट्रेन संख्या 15205 के कोच एस-6 की बर्थ नंबर 35 पर छूटा करीब 1 लाख 20 हजार रुपये का सैमसंग गैलेक्सी एस-23 मोबाइल बरामद किया गया। वहीं ट्रेन संख्या 01709 के कोच एस-02 की बर्थ नंबर 71 पर छूटा लगभग 79 हजार रुपये मूल्य का एप्पल मैकबुक और कपड़ों से भरा बैग भी सुरक्षित मिला। पहचान और सत्यापन के बाद दोनों यात्रियों को उनका सामान सौंप दिया गया।

3 कार्रवाइयों में 26 किलो से ज्यादा गांजा जब्त

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन नारकोस के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। चार नवंबर को जबलपुर स्टेशन पर एक व्यक्ति के कब्जे से 4.145 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 3 हजार 625 रुपये आंकी गई। इसी दिन दमोह स्टेशन पर एक महिला और दो नाबालिगों से 7.845 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 90 हजार रुपये बताई गई। पांच नवंबर को गाडरवारा स्टेशन पर तीन महिलाओं के पास से 14.360 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 3 लाख 59 हजार रुपये है। तीनों मामलों में संबंधित राजकीय रेलवे पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की।

टिकटों की कालाबाजारी करते एक व्यक्ति को पकड़ा

ऑपरेशन उपलब्ध के तहत चार नवंबर को दमोह आरक्षण केंद्र पर अवैध टिकट दलाली का मामला पकड़ा गया। जांच के दौरान एक व्यक्ति यात्रियों से प्रति टिकट 200 से 300 रुपये अतिरिक्त लेकर आरक्षित टिकट बनाते हुए मिला। उसके कब्जे से तीन रेलवे टिकट और पांच आरक्षण फॉर्म बरामद किए गए। आरोपी के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

मोबाइल चोरी की कोशिश नाकाम

पांच नवंबर को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एक यात्री का मोबाइल चोरी करने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल ने पकड़ लिया। उसके पास से दो लावारिस मोबाइल फोन भी बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत 23 हजार रुपये बताई गई। आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए जीआरपी जबलपुर के सुपुर्द कर दिया गया।

बुजुर्ग महिला को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया

ऑपरेशन डिग्निटी के तहत पांच नवंबर को ट्रेन संख्या 12539 के कोच बी-3 में यात्रा कर रही करीब 65 वर्षीय महिला को जबलपुर स्टेशन पर सुरक्षित उतारकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया। आवश्यक जानकारी और पहचान की पुष्टि के बाद स्टेशन पहुंची उनकी पुत्री को महिला सुरक्षित सौंप दी गई।

पटाखों की अवैध ढुलाई पर कार्रवाई

दीपावली के दौरान रेल मार्ग से पटाखों की अवैध ढुलाई रोकने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सतर्क के तहत छह नवंबर को मालखेड़ी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर एक व्यक्ति के पास से 14 पैकेट पटाखे बरामद किए गए। इनकी कीमत करीब 3,100 रुपये बताई गई। पटाखे जब्त कर आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 164 के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरक्षक की बहादुरी से बची महिला यात्री की जान

रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता का सबसे सराहनीय उदाहरण छह नवंबर को कटनी स्टेशन पर देखने को मिला। ट्रेन संख्या 15206 के रवाना होने के दौरान महिला यात्री फूलवती चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच गिरने लगीं। ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक कमलेश कुमार तिवारी ने तत्काल साहस और सूझबूझ दिखाते हुए महिला को सुरक्षित खींच लिया। उनकी तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है।

घर से नाराज होकर निकले नाबालिग को संरक्षण

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत सात नवंबर को दमोह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के दौरान एक नाबालिग बालक अकेले बैठा दिखाई दिया। रेलवे सुरक्षा बल के जवान उसे सुरक्षित चौकी लेकर आए। पूछताछ में पता चला कि वह परिजनों से नाराज होकर घर से निकल आया था। इसके बाद स्थानीय पुलिस और बाल कल्याण समिति से समन्वय कर बालक को बाल कल्याण समिति की सदस्य के सुपुर्द किया गया।

संयुक्त कार्रवाई से अपराधों पर अंकुश

रेल मंडल में चलाए गए इन अभियानों में रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, अपराध खुफिया शाखा और अन्य रेलकर्मियों के बीच बेहतर तालमेल देखने को मिला। रेलवे सुरक्षा बल ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा, रेल परिसरों में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240